दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरुवार 14 मार्च 2024, वर्ष-9 अंक- 343 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

अपने ही घर में बेगाने बन गए शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देने के लिए सीएए लागू हो गया। इसे लेकर कहीं खुशी कहीं गम वाली स्थिति बन गई है। बात तो यह खुशी की ही है। लेकिन दुखी आत्माएं भला कैसे खुश हो सकती हैं? बंगााल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तो नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ तूंबा-तूंबा, डूंबा डूंबा, बूंबा-बूंबा करते हुए बकायदा मार्च ही निकाल दिया है। जबकि उसी बंगाल में शरणार्थियों ने जमकर जश्न मनाया। रूदाली गैंग को यह नहीं भूलना चाहिए की भीगी बिल्लियां चाहे जितनी भी जोर से छींके पहाड़ नहीं गिरने वाला।

सीएम के सख्त तेवर.. डीएमएफ पर कलेक्टर और कानून व्यवस्था पर एसपी को हिदायत

कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में पुलिस कप्तानों से सीएम विष्णुदेव साय ने कहा गुंडागर्दी ना हो ये पुलिस कप्तान सुनिश्चित करे

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कलेक्टर्स-एसपी कान्फ्रेंस में सख्त तेवर दिखाते हुए अधिकारियों को कुछ इस अंदाज़ में चेताया कि अफ़सर भी हड़बड़ा गए। उन्होंने कलेक्टरों से कहा- डीएमएफ का उपयोग विकास के कामों में होना चाहिए, इसी तरह सभी एसपी को बोले अपराधियों में पुलिस का भय हो। दुरुपयोग पर सख्त कार्यवाही करें।

साय ने बुधवार को कलेक्टर्स-एसपी कॉन्फ्रेंस ली। कॉन्फ्रेंस में पुलिस कप्तानों को चेताया कि गुंडागर्दी ना हो ये एसपी सुनिश्चित करें। वहीं उन्होंने डीएमएफ के दुरपयोग पर भी सख्त तेवर दिखाए।

डीएमएफ राशि के खर्च पर भी सीएम के तल्ख तेवर दिखाए। डीएमएफ का उपयोग क्षेत्र के विकास के लिए होना चाहिए। पहले डीएमएफ का बहुत दुरुपयोग हुआ है, डीएमएफ का दुरुपयोग होने पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि, कलेक्टर्स-एसपी की तरीफ जनता के द्वारा शासन तक पहुंचनी चाहिए।

टालने वाली व्यवस्था तत्काल बदल दें अधिकारी

सीएम साय ने कहा कि, कामों को टालने वाली पुरानी व्यवस्था आपको तत्काल बदलनी होगी। पुलिस और प्रशासन के कामों पर मैं स्वयं नजर रख रहा हूं। उन्होंने कहा कि, कलेक्टर्स- एसपी को और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। नागरिकों के काम समय सीमा में होने चाहिए, यह सुनिश्चित किया जाए।

जजों के तबादले, न्यायिक सेवा के अफसरों की जिम्मेदारी बदली

रायपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने बड़ी संख्या में न्यायिक सेवा के अधिकारियों व जजों के तबादले किये हैं।

बलराम प्रसाद वर्मा को विजिलेंस का रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं सिराजुद्दीन कुरैशी को ज्यूडिशियल अकादमी बिलासपुर का डायरेक्टर बनाया गया है। वहीं आलोक कुमार को रजिस्ट्रार (आई एंड ई), विवेक कुमार वर्मा को एडिश्नल रजिस्ट्रार (डीई एंडी ई), वेंसलेस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सहायक कलेक्टर के तौर पर 4 नए आईएएस की पोस्टिंग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को 4 आईएएस अधिकारी मिले हैं। राज्य शासन द्वारा लाल बहादुर

शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2023 बैच के 4 अधिकारियों के पदस्थापना का आदेश जारी किया गया है। मसूरी में प्रथम दौर के प्रशिक्षण के बाद राज्य में प्रशिक्षण के लिए चारों अफ़सरों को सहायक कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया गया है। राज्य में प्रशिक्षण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छाती ठोककर जाइए, 11 की 11 सीटें जीतेंगे : सीएम साय

■ सीएम साय और वित्त मंत्री चौधरी ने पेश किया सरकार के 3 महीने का रिपोर्ट कार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। डिप्टी सीएम अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार का तीन महीने का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। भाजपा दावा कर रही है कि, इस तीन महीनो में मोदी की गारंटी के ज्यादातर बड़े वादे पूरे हुए हैं। कांग्रेस महतारी वंदन और कृषक उन्नत योजना को साय केबिनेट के दोनों मंत्रियों ने ऐतिहासिक बताते हुए पर किसानों और महिलाओं के लिए हितकारी बताया है।

सीएम विष्णुदेव साय ने विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि, कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाई है। अब अब लोकसभा चुनाव में भी कार्यकर्ताओं की मेहनत के जरिए 11 की 11 सीटें जीतने की तैयारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि, बीजेपी की सरकार ने सभी बड़े वादे पूरे किए हैं। इसलिए जनता के बीच छाती ठोककर जाए, इस बार एक सीट भी कम नहीं होना चाहिए।

बीजेपी जो कहती है.. वही करती है- नितिन नबीन

सह प्रभारी नितिन नबीन ने तीन महीने के कार्यकाल को लेकर कहा कि, बीजेपी जो कहती है, वो करती है। पिछले साल 15 मार्च को लाठिया, आंसू गैस के गोले छोड़े गए थे। जिसपर आंदोलन के बाद गरीबों को 'पीएम आवास' का फायदा मिला, ये पूरे छत्तीसगढ़ में चर्चा का विषय बनना चाहिए। साथ ही कहा कि, मोदी सरकार की उपलब्धि लेकर जनता के बीच जाना है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हमें कांग्रेस से सर्टिफिकेट नहीं चाहिए, जनता ने दे दिया है : मंत्री चौधरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार को बने आज तीन महीने पूरे हो गए। इस अवसर पर भाजपा अपनी उपलब्धियां गिना रही है, वहीं विपक्षी दल कांग्रेस सरकार को फेल बता रही है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा- हमें कांग्रेस से सर्टिफिकेट नहीं चाहिए, जनता ने दे दिया है।

कांग्रेस के इस आरोप पर कि, तीन महीने हो गए सरकार बने, लेकिन प्रदेश में भाजपा ने कुछ नहीं किया है, मंत्री ओपी चौधरी ने कहा- हमें कांग्रेस से कोई सर्टिफिकेट नहीं चाहिए। 2023 के चुनाव में जनता ने हमें सर्टिफिकेट दिया है। अभी 2 महीने बाद लोकसभा चुनाव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रिमोट कंट्रोल सरकार है, सारे फैसले पीएमओ से लिये जा रहे

■ तीन महीने पूरे होने पर साय सरकार पर कांग्रेस का तंज..

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि तीन महीनों में ही भाजपा की विष्णु देव सरकार अलोकप्रिय हो गयी। सरकार जनता के हित में एक भी निर्णय नहीं ले पाई। सरकार में बैठे हुये लोग सरकारी धौंस दिखा कर भयादोहन में लगे है। जनता परेशान है। कानून व्यवस्था बदहाल हो गयी। जनकल्याणकारी योजनायें दम तोड़ चुकी है।

- रिमोट कंट्रोल सरकार है विष्णुदेव सरकार। छत्तीसगढ़ सरकार केंद्र शासित सरकार बन गयी है। सरकार के सारे फैसले पीएमओ से लिये जा रहे है।
- महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गयी, पोटाकेबिन में बच्ची की जलकर मौत, अबोध बच्ची मां बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनायें बढ़ गयी।
- लूट, अपराध, डकैती, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयी। अपराध और अपराधी बेलगाम हो चुके है।
- महतारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

घेराबंदी कर हथियार के साथ जशपुर में नक्सली गिरफ्तार

जशपुर/नवप्रदेश। जिले के माओवाद क्षेत्र नारायणपुर से बड़ी खबर आई है, जहां हार्डकोर नक्सली हथियार

के साथ गिरफ्तार हुआ है। जानकारी अनुसार नारायणपुर थाना क्षेत्र के कर्मा गांव में जेजे एमपी के सरगना नक्सली अपने साथियों के साथ छुपा था। वहीं पुलिस नक्सलियों को पकड़ने के लिए जशपुर, बलरामपुर और झारखंड की टीम एक साथ घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। इन नक्सलियों के पास से 147 जैसे हथियार मिले हैं।

शेयर बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 906 अंक टूटा, निफ्टी 22000 से फिसला

मुंबई, (वार्ता)। शेयर बाजार आज बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबारी सेशन के दौरान बीएसई सेंसेक्स

1,100 अंक टूटकर 73,000 के लेवल से नीचे आ गया, जबकि एनएसई निफ्टी भी 22,000 से नीचे आ गया। हालांकि बाजार में थोड़ी खरीदारी भी देखने मिली. सेंसेक्स 906.07 (1.22%) अंकों की गिरावट के साथ 72,761.89 के लेवल पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 338.00 (1.51%) अंक फिसलकर 21,997.70 के स्तर पर बंद हुआ।

सावधान.. बीपी-शुगर के बाद अब कैंसर की भी नकली दवाई

■ रैकेट का हुआ भंडाफोड़, 7 आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली (ए.)। मोटी कमाई के लिए लोग किस हद तक गिर जाते हैं इसका बड़ा उदाहरण सामने आया है। स्वास्थ्य से जुड़े मामले में भी कमाई का बड़ा जरिया ढूंढ लिया गया। जीवन और मौत के बीच जूझ रहे मरीजों को नकली दवाई सप्लाई की जा रही थी। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने इस मामले से जुड़े एक बड़े नकली ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया है।

इस रैकेट में शामिल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से दो आरोपी दिल्ली के एक बड़े कैंसर अस्पताल के कर्मचारी हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल नौ ब्रांड की नकली कैंसर दवाएं बरामद की हैं। इनमें से सात दवाएं विदेशी ब्रांड की हैं जबकि दो भारत की नकली दवाएं हैं।

शुरूआती जांच में पाया 4 जगह से चलाया जा रहा था नेटवर्क

क्राइम ब्रांच की टीम ने जब जांच शुरू की तो इस पूरे रैकेट का नेटवर्क चार अलग-अलग जगहों से चलाया जा रहा था। पुलिस ने आरोपियों को पकडऩे चार जगहों पर एक साथ छापेमारी की। इनमें मोती नगर, दिल्ली का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ऐसे करते थे तैयारी

पुलिस के मुताबिक आरोपी अस्पताल के मरीजों से कीमोथेरेपी में इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन की खाली बोतलें इकट्ठी करते थे। उसके बाद बोतलों में एंटीफंगल दवा भरकर बेच देते थे। आरोपी दिल्ली के बाहर खासकर हरियाणा, बिहार, नेपाल या अफ्रीकी देशों से आने वाले मरीजों को अपने जाल में फंसाते थे। मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके नाम विफल जैन, सूरज शत, नीरज चौहान, परवेज़, कोमल तिवारी, अभिनय कोहली और तुषार चौहान शामिल हैं। इनमें से नीरज गुरुग्राम का रहने वाला है, जबकि बाकी छह दिल्ली के विभिन्न हिस्सों के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की स्पेशल कमिश्नर शालिनी सिंह ने बताया कि उनकी टीम को जानकारी मिली है कि दिल्ली में एक गिरोह सक्रिय है, जो मरीजों को कैंसर की नकली दवाएं सप्लाई कर रहा है। इसके बाद आरोपी को पकडऩे के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया।

सुप्रीम लताड़.. एसबीआई का हलफनामा, पार्टियों ने कराया बॉन्ड कैश

नई दिल्ली (ए.)। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय की लताड़ के बाद बुधवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार ने सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट फाइल की। एसबीआई ने हलफनामा में बताया, पार्टियों ने 22,030 का बॉन्ड कैश कराया है।

सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को फैसला सुनाते हुए एसबीआई से इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी पूरी जानकारी देने को कहा था। काफी टालमटोल के बाद एसबीआई ने एससी और ईसीएल को

पेन ड्राइव में दो पीडीएफ फाइलें दी।

हलफनामे के अनुसार ये बात सामने आई : एसबीआई के हलफनामे के अनुसार, एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 तक 22 हजार 217 इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे गए। इनमें से 22,030 बॉन्ड का पैसा राजनीतिक पार्टियों ने कैश करा लिया है। पार्टियों ने 15 दिन की वैलिडिटी के भीतर 187 बॉन्ड को कैश नहीं किया, उसकी रकम प्रधानमंत्री राहत कोष में ट्रांसफर कर दी गई।

एसबीआई चेयरमैन ने कहा- हमने ईसीएल को पेन ड्राइव में दो फाइलें दी हैं। एक फाइल में बॉन्ड खरीदने वालों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्य खेल अलंकरण समारोह आज, 411 खिलाड़ी होंगे पुरस्कृत

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 मार्च को राज्य खेल अलंकरण समारोह में राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, इन्द्रकुमार साहू, गुरू खुशवंत साहेब होंगे।

2019-20 के लिए ये सम्मान- कार्यक्रम में राज्य शासन द्वारा वर्ष 2019-20 के लिए शहीद राजीव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इंस्पेक्टर ने छात्रावास अधीक्षक को जड़ा थप्पड़, किताब को लेकर उपजा विवाद

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर हाईस्कूल के विशिष्ट छात्रावास में मंगलवार को पुलिस निरीक्षक ने छात्रावास अधीक्षक के साथ मारपीट कर दी। छात्रावास के बच्चे स्टोर रूम में रखी किताबें खिड़की से निकालकर अपने पास रख रहे थे।

इसी दौरान अधीक्षक पल्लव झा ने कमरों की तलाशी ली और किताबों को अपने पास रख लिया। इसकी जानकारी उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को भी दी। शिक्षा अधिकारी ने इस पर एफआईआर करवाने की बात कही। इसके बाद पल्लव ने स्टोर

रूम प्रभारी लालाराम लहरे को जानकारी दी।

लहरे अपने साथ पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक जितेंद्र कोशले को लेकर पहुंचे। इसी बीच निरीक्षक कोशले व अधीक्षक पल्लव में विवाद हो गया और कोशले ने पल्लव को बच्चों के सामने ही थप्पड़ मार दिया व धक्का-मुक्की की। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सियासी चाल... कांग्रेस का ऐलान चुनाव से पहले गरीब महिलाओं को एक लाख सालाना मदद, सरकारी नौकरी में 50% आरक्षण का वादा

बीजेपी की महतारी वंदन की काट.. कांग्रेस की नारी न्याय गारंटी

■ लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की घोषणा

रायपुर/नई दिल्ली/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने बीजेपी की महतारी वंदन, कांग्रेस की नारी न्याय गारंटी योजना की घोषणा कर दी है। अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया पर बीजेपी की महतारी वंदन की तर्ज पर आज बुधवार को नारी न्याय गारंटी योजना का एलान किया है।

कांग्रेस ने वादा किया है कि गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए की मदद का वादा किया है। साथ ही कहा कि सरकारी नियुक्तियों में महिलाओं को आधा हक दिया जाएगा।

खड़गे ने पीएम मोदी और भाजपा की गारंटी पर तंज कसते हुए कहा- कहने की जरूरत नहीं कि हमारी गारंटी खोखले वादे और जुमले नहीं होते। हमारा कहा पत्थर की लकीर होता है। यही हमारा 1926 से अब तक का रिकॉर्ड है, जब हमारे विरोधियों का जन्म हो रहा था तब से हम मैनिफेस्टो बना रहे हैं और उन घोषणाओं को पूरा कर रहे हैं।

कांग्रेस की यह है 5 योजनाएं

- **महालक्ष्मी गारंटी-** इसके तहत सभी गरीब परिवार की एक महिला को सालाना 1 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।
- **आधी आबादी-पूरा हक-** इसके तहत केंद्र सरकार की नई नियुक्तियों में आधा हक महिलाओं को मिलेगा।
- **शक्ति का सम्मान-** इस योजना के तहत आंगनवाड़ी, आशा और मिड-डे मील वर्कर्स के मासिक वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना होगा।
- **अधिकार मैत्री-** पंचायत में महिलाओं को उनके हक के लिए जागरूक करने और जरूरी मदद के लिए अधिकार एक पैरा-लीगल यानी कानूनी सहायक नियुक्ति।
- **सावित्री बाई फुले हॉस्टल-** जिला मुख्यालयों में कामकाजी महिलाओं के लिए एक हॉस्टल बनाएंगे और पूरे देश में इसकी संख्या दोगुनी की जाएगी।

लोकसभा चुनाव 2024
दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश झारखंड

राहुल-प्रियंका की उम्मीदवारी पर सस्पेंस बरकरार, गांधी परिवार ही लेगा आखिरी फैसला

लखनऊ(ए.)। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस अपने उम्मीदवारों की 2 लिस्ट जारी कर चुकी है. पहली लिस्ट में 39 तो दूसरी सूची में 43 नामों का ऐलान किया गया है। लेकिन अमेठी और रायबरेली से कांग्रेस की तरफसे कौन चुनावी ताल ठोकेगा, इसे लेकर तस्वीर साफनहीं है. सूत्रों की मानें तो पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी अमेठी-रायबरेली सीटों के लिए राहुल-प्रियंका का नाम प्रस्तावित कर सकती है, लेकिन अंतिम फैसला गांधी परिवार पर छोड़ा गया है।

कांग्रेस की अब तक 2 ष्टश्वष्ट बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश अभी भी चर्चा में शामिल नहीं हुआ है। जानकारी के मुताबिक राज्य चुनाव समिति ने कुछ सीटों पर एक नाम तो कुछ सीटों पर एक से ज्यादा नाम भेजे हैं. बताया जा रहा है कि सीईसी की एक और बैठक होगी, इसमें फाइनल लिस्ट पर मुहर लगेगी. हालांकि सबसे ज्यादा चर्चा हाईप्रोफाइल सीट अमेठी और रायबरेली को लेकर हो रही है।

यूपी की पीईसी ने स्क्रीनिंग कमेटी को भेजा प्रस्ताव उत्तर प्रदेश चुनाव समिति ने एक प्रस्ताव रखा है कि अमेठी और रायबरेली समेत राज्य के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता चाहते हैं कि राहुल गांधी अमेठी तो प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ें।

ये प्रस्ताव दिल्ली की स्क्रीनिंग कमेटी को भेज दिया गया है। स्क्रीनिंग कमेटी ने प्रस्ताव के बारे में चर्चा की है और आगामी तीसरी बैठक में इसे केंद्रीय चुनाव समिति को भेजने की संभावना है।

आगामी लिस्ट में हो सकते हैं इन नेताओं के नाम

स्क्रीनिंग कमेटी के एक सदस्य ने कहा कि हम संभवतः प्रस्ताव देंगे कि पार्टी के कार्यकर्ता चाहते हैं कि राहुल और प्रियंका गांधी अपने गढ़ से चुनाव लड़ें. क्योंकि अमेठी-रायबरेली पर दशकों तक गांधी परिवार की मजबूत पकड़ रही है. एक सूत्र ने बताया कि पहले की तरह अंतिम फैसला गांधी परिवार को लेना है. इसके अलावा जो बड़े नाम आगामी लिस्ट में शामिल हो सकते हैं, वे हैं फतेहपुर सीकरी से पूर्व सांसद और प्रदेश अध्यक्ष राज बब्बर, सहारनपुर से कांग्रेस में लौटे इमरान मसूद का नाम सामने आ सकता है. वहीं, पीईसी की ओर से महराजगंज से मौजूदा विधायक वीरेंद्र चौधरी का नाम प्रस्तावित किया गया है।

15 मार्च को सीईसी की बैठक में होगी यूपी पर चर्चा

लिस्ट को फाइनल करने की तैयारी चल रही है। 15 मार्च को सीईसी में उत्तर प्रदेश पर चर्चा हो सकती है। इस बात पर अभी भी सस्पेंस बरकरार है कि क्या पार्टी अपने सहयोगी दल समाजवादी पार्टी को सलमान खुर्शीद के गृह क्षेत्र फर्रुखाबाद में एक और सीट के बदले में देने के लिए मना पाएगी। कांग्रेस नेता ने लिखा था और सीट शेयरिंग फॉर्मूले में सीट सपा के खाते में जाने पर कहीं और से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था।

रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में एनआईए को मिली बड़ी सफलता

बेंगलुरु। बेंगलुरु के फेमस 'द रामेश्वरम कैफे' में हुए विस्फोट के मामले में एनआईए को बड़ी कामयाबी मिली है। एनआईए ने रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट के मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। शख्स की पहचान शब्बीर के रूप में हुई है और वह बेल्लारी के कौल बाजार इलाके का बताया जा रहा है। एनआईए द्वारा हिरासत में लिया गया शब्बीर तोरांगल में एक निजी कंपनी में काम करता था। 1 मार्च की सुबह 9:10 बजे बुडा कॉम्प्लेक्स के पास उसकी मुलाकात संदिग्ध व्यक्ति से हुई। इन्हीं सब शक के आधार पर एनआईए के अधिकारियों ने शब्बीर को हिरासत में ले लिया है। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए बम ब्लास्ट मामले में एनआईए के अधिकारी जांच जारी रखे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एनआईए के अधिकारी ने कहा कि संदिग्ध हमलावर बेल्लारी न्यू बस स्टैंड से बुडा कॉम्प्लेक्स के पास एक ऑटो में आया था और उतरने के बाद शब्बीर से मिला था।

बिहार में चाचा-भतीजे की रार से अटका एनडीए का सीट बंटवारा, 40 सीटें, 6 पार्टियां और हाजीपुर का पेंच

पटना(ए.)। लोकसभा चुनाव करीब हैं और केंद्र की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में सीट शेयरिंग की कवायद तेज हो गई है. सीट शेयरिंग को लेकर पटना से लेकर दिल्ली तक बैठक पर बैठक हो रही है. बिहार बीजेपी अध्यक्ष और नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी समेत बीजेपी और सहयोगी दलों के बड़े नेता दिल्ली में डेरा डाले थे।

मैराथन मंथन का दौर चलता रहा लेकिन सीट शेयरिंग को लेकर किसी फॉर्मूले पर सहमति नहीं बन सकी। दिल्ली से पटना लौटने के बाद सम्राट चौधरी ने यह दावा किया कि लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले सीट शेयरिंग के फॉर्मूले का ऐलान कर दिया जाएगा. बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और जेडीयू एमएलसी अशोक चौधरी ने भी यह दावा किया है कि एनडीए में सब ठीक है और चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले सीट शेयरिंग फॉर्मूला तय कर लिया जाएगा. चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा को लेकर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सही समय पर सबकुछ सार्वजनिक किया जाएगा।

बिहार लोकसभा सीटों को लेकर पार्टियों की डिमांड

बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं। 2019 के चुनाव में एनडीए को 39 सीटों पर जीत मिली थी. बीजेपी के 17, जेडीयू के 16 और अविभाजित लोक जनशक्ति पार्टी के छह उम्मीदवार चुनाव जीते थे. अब समस्या यह है कि एलजेपी अब दो धड़ों में बंट गई है- एक पशुपति पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी और दूसरी चिराग की लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास. दोनों ही पार्टियां पिछले चुनाव के फॉर्मूले पर छह-छह सीटों की मांग कर रही हैं. यह फॉर्मूला भी सामने आया था कि चिराग पासवान की पार्टी को 5 और पशुपति पारस की पार्टी को 1 से 2 सीटें मिल सकती हैं।

चिराग और उपेंद्र के सवाल पर नीतीश कुमार के करीबी अशोक चौधरी के जवाब ने अब इसे लेकर कयासों को हवा दे दी है कि क्या एनडीए में सबकुछ ठीक है? यह कयास अनायास भी नहीं. चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा को हाल ही में बिहार के बेगूसराय आए पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल होना था लेकिन दोनों ने ही इस आयोजन से किनारा कर लिया।

हाजीपुर सीट पर चिंता

चिराग अपने पिता की विरासत का जिक्र करते हुए हाजीपुर पर दावा कर रहे हैं. चिराग इस सीट से भावनात्मक रिश्ते का जिक्र करते हुए यहां से अपनी मां रीना पासवान को चुनाव मैदान में उतारने की मंशा जता चुके हैं तो वहीं पशुपति ने भी दो टूक कह दिया है कि यह सीट नहीं छोड़ेंगे. हाजीपुर में चाचा-भतीजे की रार से भी सीट शेयरिंग की बातचीत में बाधा आ रही है. बिहार बीजेपी के प्रभारी विनोद तावड़े ने हाजीपुर का पेच सुलझाने के लिए पशुपति पारस के सामने यह प्रस्ताव भी रखा था कि चाचा-भतीजा, दोनों की पार्टियां एक हो जाएं. लेकिन पशुपति ने इस पर भी साफ कह दिया कि चिराग के साथ दल, दिल और परिवार नहीं मिल सकते।

सीट शेयरिंग को लेकर जारी बातचीत के बीच चिराग ने 10 मार्च को मुजफ्फरपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा गठबंधन बस बिहार की जनता के साथ है. चिराग के इस बयान को सीट शेयरिंग के लिए बातचीत बीजेपी और एनडीए के अन्य सहयोगी दलों के लिए चेतावनी की तरह देखा गया।

'अगर बेइज्जती महसूस हो रही है तो हमारे साथ आ जाओ', उद्धव के बयान को गडकरी ने बताया 'अपरिपक्व'

मुंबई(ए.)। शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे ने बीजेपी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को कई सुझाव दिए। उन्होंने गडकरी को सलाह दी कि अगर बीजेपी उनका अपमान करती है तो उन्हें पार्टी छोड़कर उनके साथ आ जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में विपक्ष आपको जीत दिलाएगा। उद्धव ठाकरे के इस बयान को नितिन गडकरी ने अपरिपक्व और हास्यास्पद बताया है। नितिन गडकरी ने कहा कि शिवसेना नेता को भाजपा नेताओं के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि ठाकरे का सुझाव अपरिपक्व और हास्यास्पद है। भाजपा में प्रत्याशियों को टिकट देने की एक प्रणाली है। उन्होंने कहा कि ठाकरे का सुझाव आगामी लोकसभा चुनावों के लिए महाराष्ट्र में टिकट वितरण पर भाजपा की चर्चा से काफी पहले आया है।

उद्धव ठाकरे ने दिया था ऑफर

नितिन गडकरी ने भरोसा जताया कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को लोकसभा चुनाव में 400 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। बता दें कि कुछ दिन पहले बीजेपी की पहली लिस्ट पर शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा कि बीजेपी की लिस्ट आ गई है। कई नाम सामने आए हैं। लिस्ट में पीएम मोदी के साथ कृपाशंकर सिंह का भी नाम है।

राहुल गांधी ने एक बार फिर अग्निवीर योजना को लेकर केन्द्र पर साधा निशाना

नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जारी है और राहुल गांधी लगातार केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं। कांग्रेस नेता ने एक बार फिर अग्निवीर योजना पर सवाल खड़े किए हैं और कहा है कि यह सिर्फ 'अडाणी' को फायदा देने के लिए लाई गई स्कीम है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा फिलहाल महाराष्ट्र के दोंडाइचा पहुंची हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने भाषण के दौरान चीन का जिक्र करते हुए कहा कि– ÷चीन के सैनिकों को 3-4 साल की ट्रेनिंग मिलती है। 'मॉडर्न' हथियार चलाने का तरीका सीखने में तीन-चार साल का वक्त लगता है, लेकिन जो अग्निवीर है उसे 6 महीने की ट्रेनिंग देकर चीन के सैनिक के सामने खड़ा कर दिया जाएगा।

राहुल गांधी ने आगे कहा - अग्निवीर इसलिए लागू किया गया क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी चाहते हैं कि जो पेंशन का पैसा है वो सीधा अडाणी डिफेंस को चला जाए। जो सैनिक की पेंशन का पैसा है वो अडाणी को चला जाए और सैनिकों की रक्षा और शहीदों का पैसा भी अडाणी को चला जाए।

न्यूज गैलरी

अहमदनगर बना अहिल्या नगर 8 स्टेशन के भी बदलेंगे नाम

मुंबई। महाराष्ट्र में अहमदनगर का नाम बदल अहिल्या नगर कर दिया गया है। महाराष्ट्र सरकार ने कुछ और जगहों के नाम बदल दिए हैं। बताया जा रहा है कि कुल आठ रेलवे स्टेशन के नाम भी मुंबई में अब बदल दिए गए हैं, ये सारे वो स्टेशन हैं जिनका नामकरण अंग्रेजों के शासनकाल के दौरान हुआ था। ऐसे में गुलामी की मानसिकता से मुक्ति लेने के लिए अब इन सभी जगहों के नाम बदल दिए गए हैं। अब ये कोई पहली बार नहीं है जब किसी राज्य में इस तरह से जगहों का नामकरण किया गया हो। बीजेपी शासित ज्यादातर राज्यों में नामकरण की ये प्रक्रिया लगातार होती रहती है। उत्तर प्रदेश में तो सीएम योगी आदित्यनाथ ने कई जगहों के नाम बदल दिए हैं। इलाहाबाद बन चुका है प्रयागराज, फैजाबाद बन चुका है अयोध्या। इसी तरह 2019 के अर्द्ध कुंभ को ही उन्होंने कुंभ का नाम दे दिया था। अब अगर सीएम अपने स्तर पर नाम बदल रहे हैं तो पीएम नरेंद्र मोदी ने भी कुछ पुरुस्कारों का नाम बदल इस ट्रेंड को बढ़ावा दिया है। मोदी सरकार ने राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदलकर मेजर ध्यानंद खेल रत्न पुरस्कार कर दिया था। उससे पहले मोटेरा स्टेडियम का नाम सरदार पटेल की जगह नरेन्द्र मोदी के नाम पर कर दिया गया। वैसे देश की सियासत में शहरों से लेकर स्टेशनों के नाम बदलने का सिलसिला काफी पुराना है। कांग्रेस की सरकार हो या बीजेपी की, सभी ने अपनी राजनीतिक के हिसाब से नामकरण किया है। स्वतंत्र भारत में साल 1950 में सबसे पहले पूर्वी पंजाब का नाम पंजाब रखा गया। 1956 में हैदराबाद से आंध्रप्रदेश, 1959 में मध्यभारत से मध्यप्रदेश नामकरण हुआ। सिलसिला यहीं नहीं खत्म हुआ।

हर साल 17 सितंबर को मनाया जाएगा हैदराबाद मुक्ति दिवस

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को हर साल 17 सितंबर को 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' मनाने की घोषणा की। भारत सरकार ने इस दिन को मनाने और उन शहीदों को याद करने का फैसला किया है जिन्होंने दशकों पहले हैदराबाद को आजाद कराया था और युवाओं के मन में देशभक्ति की लौ जलाई थी। गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर कहा कि हैदराबाद 15 अगस्त 1947 को भारत की आजादी के बाद भी 13 महीने तक निजामों के शासन में रहा और उसे आजादी नहीं मिली।

पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों के खिलाफ नहीं होगी कार्रवाई, दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली के मजनू का टीला इलाके में रहे पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थियों को राहत देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (ष्ठष्ठ) को निर्देश दिया है कि इनके खिलाफ कोई तोड़फोड़ की कार्रवाई ना की जाए। यह आदेश उस याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया जिसमें 4 मार्च को जारी किए गए ष्ठष्ठ के एक नोटिस को चुनौती दी गई थी। इस नोटिस में लिखा था कि यहां रह रहे लोगों को 6 मार्च तक शिविर को खाली कर देना है। इस नोटिस के खिलाफ दायर याचिका में यहां रह रहे 800 लोगों के लिए रहने की व्यवस्था ना होने तक ष्ठष्ठ के आदेश को टालने की मांग की गई थी। मामले की अगली सुनवाई अब 19 मार्च को होगी और तब तक ष्ठष्ठ को किसी तरह की कार्रवाई करने से कोर्ट ने मना कर दिया है। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने एक नोटिस चस्पा किया था। जिसमें लिखा था कि दिल्ली के मजनू का टीला इलाके में रहे पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी इस इलाके को खाली कर दें। याचिका में कहा गया कि हिंदू शरणार्थी यहां कई सालों से रह रहे हैं।

कश्मीर में बारिश हिमपात के आसार

श्रीनगर(वार्ता)। कश्मीर घाटी के ज्यादातर हिस्सों में अगले 24 घंटों मे हल्की से मध्यम बारिश अथवा हिमापत होने के आसार हैं । मोसम विभाग के अनुसार इस दौरान गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश या हिमपात हो सकता है। वहीं 15 से 20 मार्च तक मौसम शुष्क बने रहने का अनुमान है।

चीन के रेस्टोरेंट में बड़ा धमाका, 1 की मौत, कई इमारतों पर असर

नई दिल्ली। उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत के एक शहर में एक संदिग्ध गैस विस्फोट हुआ। इस घटना के दौरान कई इमारतों और गाड़ियों को भी भारी नुकसान हुआ है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत की खबर भी सामने आई है और करीब 22 लोग घायल हुए हैं। इन सभी को इलाज के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चाइना सेंट्रल टेलीविजन के अनुसार, विस्फोट सुबह 7:55 बजे ग्राउंड फ्लोर के एक रेस्टोरेंट में हुआ है। यह रेस्टोरेंट एक पुरानी इमारत में बना हुआ था। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में दिखाई दे रहा है कि गाड़ियों में आग लगी हुई है और पूरे इलाके में धुएं का गुबार नजर आ रहा है। घटनास्थल पर मौजूद लोग मदद की गुहार लगा रहे हैं। धमाके की वजह से आसपास की इमारतों के शीशे टूट गए हैं। सरकारी मीडिया ने कहा कि बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। वहीं, स्थानीय लैंगफैंग फायर ब्रिगेड विभाग ने कहा कि 36 आपातकालीन वाहन और 154 कर्मियों को घटनास्थल पर भेजा गया है। रेस्टोरेंट के पास दुकान में काम करने वाली एक व्यापारी महिला ने सरकारी न्यूज चैनल को बताया कि वह अपनी दुकान में थी जब उसने धमाके की आवाज सुनी। वह अपनी दुकान से बाहर भागी और देखा कि एक इमारत में आग लगी हुई है और पूरी बिल्डिंग लगभग नष्ट हो गई है। चीन में हाल के महीनों में कई बड़ी दुर्घटनाएं हुई हैं।

प्रेमी ने मिलने बुलाया, फिर काट दिया युवती का हाथ

उन्नाव। एक तरफा प्यार में पागल एक युवक ने अपने प्रेमिका का जीवन बर्बाद कर दिया. उसने युवती का बायां हाथ काट दिया है. बताया जा रहा है कि वह युवती की शादी किसी और जगह तय होने से नाराज था. घटना उत्तर प्रदेश के उन्नाव की है. सीओ कुमार ने कहा कि महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है. वारदात को अंजाम देने के कुछ ही घंटों बाद आरोपी रिंकू को गिरफ्तार कर लिया गया था. हमने मामले के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की है और जांच शुरू कर दी है.

स्नो मैराथन जीतकर लौट रहे सेना के मेजर और 16 जवानों पर हमला, लाठी और छड़ें लेकर 30-35 लोगों ने किया अटैक

नई दिल्ली। पंजाब के मनाली-रोपड़ रोड पर एक ढाबे के मालिक और कर्मचारियों ने सेना के एक मेजर और उनके 16 जवानों की टीम पर हमला किया। इस हमले में मेजर और कुछ जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कीरतपुर साहिब थाने में स्नढ्ढक्रदर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार सुबह दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार, यह घटना सोमवार को हुई जब लद्दाख स्काउट्स के मेजर सचिन सिंह कुंतल और उनके सैनिक पिछले दिन लाहौल में आयोजित स्नो मैराथन जीतने के बाद हिमाचल प्रदेश के मनाली के पास पलचान से लौट रहे थे। जवानों और ढाबा मालिक के बीच बिल के भुगतान को लेकर विवाद

पुलिस ने बताया कि चंडी मंदिर जा रही जवानों की टीम रात करीब सवा नौ बजे रोपड़ जिले के भरतगढ़ के पास अल्पाइन ढाबे पर रात के खाने के लिए रुकी। एफआईआर के मुताबिक, जवानों और ढाबा मालिक के बीच बिल के भुगतान के तरीके को लेकर विवाद हो गया क्योंकि उन्होंने यूपीआई के माध्यम से भुगतान स्वीकार नहीं किया और टैक्स से बचने के लिए नकद भुगतान पर जोर दिया।

सैनिकों द्वारा ऑनलाइन बिल का भुगतान करने के बाद भी मालिक ने नकद भुगतान पर जोर दिया।

मुस्लिमों पर फोकस, नए समीकरण, इंडिया गठबंधन पर क्या होगा मायवती की रणनीति का असर

लखनऊ(ए.)। करीब दो साल पहले उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव हुए थे। इस चुनाव में आजमगढ़ लोकसभा सीट से तत्कालीन सांसद सपा के प्रमुख अखिलेश यादव भी विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। अखिलेश ने विधानसभा के लिए निर्वाचन के बाद लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अखिलेश के इस्तीफे से रिक्त हुई आजमगढ़ सीट के लिए उपचुनाव हुए जिसमें सपा को पूर्वांचल के अपने इस गढ़ में शिकस्त का सामना करना पड़ा. सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव को हराकर बीजेपी के दिनेशलाल यादव निरहुआ संसद पहुंच गए।

अब आप सोच रहे होंगे कि इस उपचुनाव, बीजेपी की जीत, सपा की हार की चर्चा क्यों? दरअसल, इस उपचुनाव के नतीजे आने के बाद जीतने और दूसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवार से अधिक चर्चा हुई तीसरे स्थान पर रहे उम्मीदवार की और वह उम्मीदवार थे शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली. बसपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे गुड्डू जमाली तीसरे स्थान पर रहे लेकिन चुनाव जीतने

वाले उम्मीदवार के मुकाबले वोट का अंतर 50 हजार से भी कम का ही रहा. बीजेपी उम्मीदवार निरहुआ को 3 लाख 12 हजार 768 वोट मिले थे. सपा के धर्मेंद्र 8679 वोट के अंतर से चुनाव हार गए थे। गुड्डू जमाली को 2 लाख 66 210 वोट मिले थे। आजमगढ़ उपचुनाव को दो साल बीत चुके हैं। देश अब लोकसभा चुनाव के मुहाने पर खड़ा है. चुनाव अलग है, समय अलग है, राजनीतिक परिस्थितियां अलग हैं लेकिन एक बात जो समान नजर आ रही है, वह है बसपा की रणनीति. बसपा दलित-मुस्लिम का नया समीकरण गढ़ने की रणनीति पर ही बढ़ती नजर आ रही है।

सूत्रों की मानें तो बसपा ने पिछले तीन दिन में पांच लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार तय कर दिए हैं. पांच में चार उम्मीदवार मुस्लिम वर्ग से हैं।

गठबंधन पर क्या होगा असर

मायावती की पार्टी ने कन्नौज से पूर्व सपा नेता अकील अहमद, पीलीभीत से पूर्व मंत्री अनिल अहमद खान फूल बाबू ,अमरोहा से मुजाहिद हुसैन और मुरादाबाद सीट से इरफान सैफी की उम्मीदवारी पर मुहर लगा दी है. इनमें से कुछ सीटें ऐसी हैं जहां मुस्लिम आबादी अधिक है. ऐसे में कहा ये भी जा रहा है कि इन सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारने के अलावा बसपा के पास कोई और विकल्प नहीं है।

विकसित भारत के लिए रेलवे का आधुनिकीकरण मोदी सरकार की गारंटी

उपलब्धियों की एक झलक

किफायती पर्यटन

भारत गौरव ट्रेनें: • फरवरी 2023 से अब तक 1 लाख से अधिक यात्रियों को किफायती मूल्य पर पर्यटन एवं तीर्थयात्रा का दिव्य अनुभव कराया जा चुका है

• ''देखो अपना देश'' की सोच पर आधारित, इन ट्रेनों को आईआरसीटीसी द्वारा विभिन्न थीम बेस सर्किटों पर संचालित किया जा रहा है जैसे श्री रामायण यात्रा, जैन सर्किट, बौध सर्किट, गरवी गुजरात, श्री जगन्नाथ पुरी यात्रा, प्रवासी भारतीय यात्रा, उत्तर-पूर्व सर्किट आदि

आस्था ट्रेनें: देश के विभिन्न प्रांतों के 4.5 लाख से भी अधिक तीर्थयात्रियों को अयोध्या जाने की सुविधा प्रदान की गई

सांस्कृतिक संगम और शैक्षणिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए काशी तमिल संगमम, सौराष्ट्र तमिल संगमम और युवा संगम टूर्स के माध्यम से 10000 से भी अधिक प्रतिनिधियों/छात्रों को सुविधा प्रदान की गई

इंटरनेट टिकटिंग-डिजिटल भारत

प्रत्येक 5 में से 4 यात्री आईआरसीटीसी की सेवाओं का उपयोग करके आसान टिकट बुकिंग सुविधा का आनंद ले रहे हैं

टिकट बुकिंग की पीक टाइम मांग को पूरा करने के लिए आईआरसीटीसी के पोर्टल की क्षमता को 14 गुणा बढ़ाया गया

आईआरसीटीसी ने ग्राहकों की 24X7 सहायता के लिए ''आस्क दिशा'' चैटबॉट जैसा प्रगतिशील समाधान दिया

मोबाइल आधारित प्लेटफार्मों द्वारा ''ऑन द गो'' टिकट बुकिंग सुविधा उपलब्ध कराई

रिटायरिंग रूम, होटल, बस, फ्लाइट, लाउंज, लक्जरी ट्रेन, केदारनाथ हेलीयात्रा की बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी द्वारा ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराई गई

खानपान-विशेष उल्लेख

कोविड महामारी के दौरान राज्यों, रेलवे और सरकारी संगठनों के सहयोग से आईआरसीटीसी द्वारा नियुक्त बेस किचन से 21 लाख से अधिक लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया

रेल नीर संयंत्रों में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करके यात्रियों के लिए स्वच्छ और अच्छी गुणवत्ता वाला पेयजल उचित मूल्यों पर सुनिश्चित कराया गया

आईआरसीटीसी का मार्केट कैप लिस्टिंग की तारीख (14.10.2019) को 11,657 करोड़ रुपये से बढ़कर 73,652 करोड़ रुपये (12.03.2024 को) हो गया, जिसमें 532% की वृद्धि दर्ज की गई है और जिससे निवेशकों की संपत्ति में वृद्धि हुई



सुविचार

दो चीजों को कभी व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए एक अन्न का कण और दूसरा आनंद का क्षण। - अज्ञात

संपादकीय

हरियाणा में नेतृत्व परिर्वतन

ऐन लोकसभा चुनाव के पूर्व भाजपा ने हरियाणा में नेतृत्व परिर्वतन करके सबको चौंका दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन पहले ही हजारों करोड़ रुपए की योजनाओं की सौगात देने हरियाणा पहुंचे थे। और वहां उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर खट्टर की जमकर तारीफ की थी। उनके साथ अपने पुराने संबंधों को भी याद किया था। किन्तु दूसरे ही दिन मनोहर खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया और उनकी जगह नायब सिंह सैनी को हरियाणा का नया मुख्यमंत्री बना दिया गया। इसी के साथ ही जजपा के साथ भाजपा का गठबंधन भी टूट गया। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को हरियाणा में स्पष्ट बहुमत नहीं मिल पाया था। इसलिए उसे 10 सीटें जीतने वाली जजपा के साथ मिलकर सरकार बनानी पड़ी थी और दुष्यंत चौटाला को उपमुख्यमंत्री बनाना पड़ा था। किन्तु दुष्यंत चौटाला अब लोकसभा चुनाव में भी हरियाणा की दो सीटें मांग रहे थे। जो भाजपा को मंजूर नहीं था। पिछले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर शानदार जीत दर्ज की थी। इस बार भी वह सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना चुकी है। किन्तु दुष्यंत चौटाला ने 2 सीटों की मांग करके पेंच फंसा दिया था। नतीजतन भाजपा ने हरियाणा में नेतृत्व परिर्वतन करके दुष्यंत चौटाला को भी उपमुख्यमंत्री पद से हटा दिया। यही नहीं बल्कि दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व वाले जजपा के 5 विधायकों को भी तोड़ लिया है। वैसे भी भाजपा इस तरह के चौंकाने वाले निर्णय पहले भी कई बार ले चुकी है। उत्तराखंड और गुजरात में भाजपा ऐन चुनाव के पहले मुख्यमंत्रियों को बदल चुकी है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के बाद मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पुराने नेताओं को किनारे कर भाजपा ने नए चेहरों को मुख्यमंत्री पद पर आसीन कराया है। भाजपा बहुत दूर की सोचकर कोई निर्णय लेती है। हरियाणा में भी लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में पिछले 10 सालों से मुख्यमंत्री पद पर आसीन मनोहर खट्टर के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर चलने का खतरा नजर आ रहा था। यही वजह है कि भाजपा ने हरियाणा में मुख्यमंत्री बदलकर एक तीर से कई निशाने साध लिए हैं। यद्यपि इस फेरबदल के कारण हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल विज नाराज हो गए हैं। यहां तक की उन्होंने शपथग्रहण समारोह से भी दूरी बना ली थी। किन्तु मनोहर लाल खट्टर ने दावा किया है कि अनिल विज की नाराजगी दूर कर ली जाएगी। अनिल विज ने खुद भी यह बयान दिया है कि वे पहले भी भाजपा के साथ थे आज भी हैं और कल भी रहेंगे। भाजपा के लिए अब वे और ज्यादा काम करेंगे। जहां तक मनोहर खट्टर का प्रश्न है तो उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ा सकती है और केन्द्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है।

कसौटी पर खरी उतरती साय सरकार

अपने तीन माह के अल्पकार्यकाल में ही छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने भाजपा के चुनावी संकल्प पत्र में किए गए वादों को तेजी के साथ अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए साय सरकार ने कृषक उन्नति योजना के अन्तर्गत छत्तीसगढ़ के लगभग 24 लाख 72 हजार से अधिक कृषकों को 13 हजार 320 करोड़ रुपए की आदान सहायता राशि उनके खातों में जमा करा दी है। इसके पहले भी किसानों के हित में विष्णुदेव साय सरकार ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद कर देश में नया कीर्तिमान रचा था। धान की इतनी कीमत और समर्थन मूल्य देने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बन गया है। 2 साल के बकाया बोनस का भी साय सरकार ने भुगतान कर दिया है। इससे छत्तीसगढ़ के किसानों में हर्ष व्याप्त है। अपने चुनावी वादे और मोदी की गारंटी को पूरा कर साय सरकार छत्तीसगढ़ के लोगों की कसौटी पर खरा उतरकर दिखा रही है। यद्यपि मात्र 90 दिनों के कामकाज के आधार पर किसी भी सरकार की उपलब्धियों का आंकलन नहीं किया जा सकता लेकिन साय सरकार ने प्रदेश की बागड़ोर हाथ में लेते ही जिस तेजी के साथ काम शुरू किया है और एक नई कार्य संस्कृति विकसित की है। उसे देखते हुए यही कहा जा सकता है कि साय सरकार छत्तीसगढ़ के चहुंमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त करने के लिए कटिबद्ध है। भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में जितने भी प्रमुख वादे किए गए थे उनमें से अधिकांश वादे मात्र तीन माह के भीतर ही पूरे हो चुके हैं या पूरे होने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खुद किसान परिवार से आते हैं इसलिए उनसे छत्तीसगढ़ के किसानों ने ढेरों उम्मीदें बांध रखी हैं। और उन्हें इस बात का पूरा भरोसा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय किसानों की दिक्कतों को बेहतर ढ़ग से समझेंगे और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कर छत्तीसगढ़ की कृषि को नई दिशा देने के साथ ही कृषकों की दशा को भी सुधारने के लिए अपनी ओर से कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। प्रदेश के किसानों को पूरा विश्वास हो चुका है कि साय सरकार के भागीरथ प्रयासों से बहुत जल्द धान का यह कटोरा अब धन के कटोरे के रूप में तब्दील हो जाएगा।

आशीष वशिष्ठ

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दिसंबर 2021 में राज्यसभा में बताया था कि वर्ष 2018, 2019, 2020 और 2021 के दौरान पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए कुल 3,117 अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता दी गई। हालांकि आवेदन 8,244 मिले थे। वहीं गृह मंत्रालय की 2021-22 की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर 2021 में कुल 1,414 विदेशियों को भारतीय नागरिकता दी गई। पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के जो अल्पसंख्यक जान बचाकर भारत आने में सफल रहे, वे यहां की नागरिकता पाने का इंतजार बरसों से कर रहे हैं। उनकी संख्या अच्छी-खासी है। वे अल्पसंख्यक होने के कारण ही इन तीनों देशों में प्रताड़ित किए गए। उनके पास प्रताड़ना से बचने के लिए भारत आने के अलावा और कोई उपाय नहीं था। विपक्ष को इस मुद्दे पर राजनीति से बाज आना चाहिए। वहीं मुस्लिम समुदाय को भी जमीनी हकीकत को समझना चाहिए। राजनीतिक दलों के बहकावे में आकर कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिए जो देश और संविधान के खिलाफहो। आखिरकार यहां सवाल उन हजारों लोगों की जिंदगियों का है जो भारत की नागरिकता लेकर अमन चैन से अपनी जिंदगी बसर करने की ख्वाहिश रखते हैं।

सीएए को लेकर मुस्लिमों को भ्रमित करता विपक्ष

बीते दिनों नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए देश में लागू हो गया है। इस कानून की प्रतीक्षा लंबे समय से थी। 2019 में मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम संसद से पास किया था। जनवरी 2020 में राष्ट्रपति की मुहर लगने के साथ यह कानून अस्तित्व में आ गया था। सीएए को लेकर देश भर में विरोध-प्रदर्शन हुआ था। केंद्र सरकार ने देशभर में एनआरसी लागू करने की बात कही थी। एनआरसी के तहत भारत के नागरिकों का वैध दस्तावेज के आधार पर रजिस्ट्रेशन होना था। सीएए के साथ एनआरसी को मुसलमानों की नागरिकता खत्म करने के रूप में देखा गया था। इस कानून को लागू किए जाने को लेकर दो एक तरफखुशी का माहौल है तो दूसरी ओर विरोध के स्वर सुनाई दे रहे हैं। खुशी उन लोगों को है जो बरसों से भारत की नागरिकता पाने का इंतजार कर रहे थे। इस कानून के लागू होने के बाद उनकी दशकों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। विरोध करने वाली जमात में मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल और स्वयंसेवी संगठन हैं। राजनीतिक दल व संगठन इसे पूर्व की भांति तरह अल्पसंख्यक विरोधी बता रहे हैं, वहीं इसे राजनीतिक दांव भी बता रहे हैं।

सीएए लागू होने के बाद विपक्षी दल इस कानून को लेकर देशवासियों को खासकर मुस्लिम समुदाय को भ्रमित कर रहे हैं। असल में, आजादी के बाद से ही अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों की समूची मानसिकता राजनीतिक दलों और उनके संरक्षक बनने का दावा करने वाले स्वयंसेवी संगठनों के ही समझ के अनुसार चलती रही है। सीएए के खिलाफ उठे देशव्यापी विवाद को भी इसी श्रेणी में रखा जा सकता है। विपक्ष अपने बयानों के माध्यम से मुस्लिम समुदाय को यह संदेश दे रहा है कि इस कानून से उनकी नागरिकता संकट में पड़ जाएगी। सरकार और जिम्मेदार पदों पर आसीन लोग इस कानून से जुड़ी तमाम आशंकाओं को दूर कर रहे हैं। लेकिन, विपक्ष मुस्लिम समुदाय को गलत जानकारी देकर उपद्रव और हिंसक प्रदर्शनों के लिए परोक्ष रूप से उकसाता दिखाई दे रहा है। 2020 में विपक्ष ने परोक्ष रूप से कानून के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शनों और उपद्रव में सहायता की थी। ये खुला तथ्य है। नागरिकता संशोधन नियम लागू होने के बाद अब पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आए थे, उन्हें भारतीय नागरिकता बिना वैध पासपोर्ट और भारत के वीजा के बिना मिल सकती है। दरअसल, ये लोग उन देशों में अल्पसंख्यक हैं। जाने किस त्रास या संकट में उन्हें उन देशों को छोड़ कर आना पड़ा। यहां के नागरिक न होते हुए भी दिक्कतों, मुसीबतों को गले लगाकर यहां जीवन बिताना पड़ रहा है। इसलिए इन सबको नागरिकता देकर यहां यानी भारत में सम्मान दिए जाने के इरादे से यह कानून लाया गया है। ऐसे में अब प्रश्न उठता है कि यह कानून भलाई के रूप में सामने लाया जा रहा है तो विपक्ष इसका विरोध क्यों कर रहा है?

विपक्ष का कहना है कि इस कानून में खासतौर पर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया गया है। उनका तर्क है कि यह संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है जो समानता के अधिकार की बात करता है। इस कानून में इन तीन देशों से आए मुसलमानों को नागरिकता देने से बाहर रखा गया है। कई आलोचकों का मानना है कि इस कानून से मुसलमानों से भेदभाव हो रहा है और ये भारत में समानता की संवैधानिक गारंटी का उल्लंघन करता है। जहां तक विपक्ष के विरोध का सवाल है उसका कहना है कि इस कानून में मुस्लिमों को वंचित क्यों रखा गया? यह समानता के कानून का उपहास उड़ाने की तरह है। सरकार का कहना है कि जिन देशों के शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान किया जा रहा है, वहां मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं, बल्कि बहुसंख्यक हैं। इसलिए उन्हें इस देश में यानी भारत में नागरिकता देने का कोई मतलब नहीं है। वो उनके देश हैं, वे वहां खुशी से रहें। भारत सरकार वंचितों की मदद करना चाहती है, इसलिए इन तीनों देशों के वे गैर मुस्लिम नागरिक जो वर्षों पहले यहां आ गए थे उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। इसमें गलत क्या है? लेकिन अब विपक्ष के इस विरोध की सच्चाई और इसके पीछे छिपी कुत्सित इरादे देशवासियों को समझ आने लगे हैं।

यह कानून किसी की नागरिकता का हनन नहीं कर रहा बल्कि वंचितों को कानूनन अधिकार दे रहा है। यह अधिनियम किसी को बुलाकर भी नागरिकता नहीं दे रहा बल्कि जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 तक भारत में प्रवेश कर लिया वे ही भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। भारत के मुस्लिमों या किसी भी धर्म और समुदाय के लोगों की नागरिकता को इस कानून से कोई खतरा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा गृह मंत्री अमितशाह समेत तमाम बड़े मंत्री और जिम्मेदार लोग इस बात को कई बार कह चुके हैं कि सीएए नागरिकता देने का कानून है, किसी की नागरिकता छीनने का नहीं।

असल में, मोदी सरकार के दस सालों के कार्यकाल में देष में बड़े परिवर्तन और काम हुए हैं। देश की जनता का भरोसा मोदी की गारंटी पर है। दस साल के कार्यकाल के बाद भी पीएम मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। मोदी सरकार की लोकप्रियता और देषवासियों का उसके प्रति विष्वास से विपक्ष में बेचैनी का माहौल है। ऐसे में कुंठित और मुद्दा विहीन विपक्ष जात पात की राजनीति और मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति को आगे बढ़ाने के लिए हमेषा किसी मुद्दे की तलाष में रहता है। चार साल पहले सीएए कानून बनने के बाद पर्दे के पीछे रहकर विपक्ष दलों ने मुस्लिम समुदाय को भ्रमित कर भड़काया था। नतीजतन देष में अषांति और भय का माहौल बना। हिंसक प्रदर्षनों में जान माल का नुकसान हुआ। आज भी विपक्ष चार साल पहले वाला माहौल बनाना चाहता है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बार-बार कह रही हैं कि वे पश्चिम बंगाल में सीएए को लागू नहीं होने देंगी। हालांकि संसद के पारित कानून को लागू न करने देना अवैधानिक ही माना जाएगा। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल सीएए के मुद्दे पर लगातार विभाजनकारी बयानबाजी कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के अलावा कांग्रेस, सपा, राजद, वाम दल और मुस्लिम तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करने वाले राजनीतिक दलों के पेट में मरोड़ उठ रहा है।

देश में शरणार्थियों की संख्या की बात करें एक रिपोर्ट के अनुसार 199,931 हैं। यह आंकड़ा 2014 तक का है। 2022 की बात करें तो 242, 835.00 देश में शरणार्थी हैं। लेकिन जो 2014 तक भारत आए थे सिर्फ उन्हें ही नागरिकता देने का प्रावधान है।

आज का इतिहास

1914 में 14 मार्च के दिन ही तुर्की और सर्बिया ने शांति समझौते पर साइन किए थे। 1931 में आज ही के दिन भारत की पहली बोलती फिल्म आलमआरा का मुंबई में प्रदर्शन हुआ था। 1955 में 14 मार्च के दिन ही राजकुमार महेंद्रनेपाल के राजा बने थे। 1965 में आज ही के दिन इजरायली मंत्रिमंडल ने पश्चिमी जर्मनी के साथ राजनयिक संबंध बहाल करने पर सहमति दी थी। 1976 में 14 मार्च के दिन ही अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया था। 1988 में आज ही के दिन गणित प्रेमियों के लिए खास दिन 'पाई डे' पहली बार मनाया गया था। 1993 में 14 मार्च के दिन ही ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने 18 वर्ष की आयु में तस्मानिया के लिए खेलते हुए दो शतक बनाए थे। 1998 में आज ही के दिन सोनिया गांधी पहली बार कांग्रेस अध्यक्ष बनी थीं। 1999 में 14 मार्च के दिन ही स्पेन के कार्लोस मोया विश्व का नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बने थे। 2004 में आज ही के दिन चीन में निजी संपत्ति को क़ानूनी मान्यता देने के लिए संविधान में संशोधन हुआ था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अपने दिल की हर धड़कन

अपने दिल की हर धड़कन में तुम्हें बसाया करती हूं, गीत ,ग़ज़ल , छंदों में अक्सर तुमको गाया करती हूं से प्रेम हुआ है मुझको सुध बुध अपना मैं भूल गई कोई पूछे गर नाम मेरा मैं तेरा बताया करती हूं ।

अनुराधा सिंह

स्वयं इतना कभी अभिमान

स्वयं इतना कभी अभिमान न हो। आँसू का कोई भी अपमान न हो।। मैं नहीं रहा कभी श्राप बन कर। तुम भी वैसे, कोई वरदान न हो।। किस काम के वो रिश्ते जहाँ पर। एक दूजे के वास्ते सम्मान न हो।। सोच लेना गुनाह करने से पहले। जगह बता, जहाँ भगवान न हो।। सच तो केवल वही सच होता है। कमल जैसे सच ही भगवान हो।। आज का दिन हम सबके लिए मंगलमय हो।

कमलकांत डोंगरे

खास पाती

इतना ही बस सोचकर जाने दिया

इतना ही बस सोचकर जाने दिया लौट आएगा अगर जाने दिया क़ैद में रक्खा नहीं रिश्ता कोई जिसको जाना था जिधर जाने दिया यूँ रिहाई डर से हम तो पा गए जो बिखरना था बिखर जाने दिया टूट जाएगा त'अल्लुक खुद से ही ये सुख़न का शौक़ गर जाने दिया।

पुष्प सैनी 'पुष्प'

रूह तलक जिस पर हम अपना सब

रूह तलक जिस पर हम अपना सब अधिकार समझ बैठे कितना कच्चा रिश्ता था हम जिसको प्यार समझ बैठे एक ज़रा सी आँधी आयी तिनका-तिनका बिखर गया आज समझ आया है हमको हम बेकार समझ बैठे उसको दिल की धड़कन माना दर्दो ग़म में शामिल कर ज़ह दिया है उसने लेकिन हम उपचार समझ बैठे कितनी बातें भोली - भाली वो करता था घंटों तक धोखा देने वाले को ही हम लाचार समझ बैठे उसको उसकी गलती का बस अहसास कराया था इसको ही वो अपने दिल पर मेरा वार समझ बैठे सच को सुनना सच को कहना सबके बसकी बात नहीं अर्थ ग़लत मेरी बातों का वो हर बार समझ बैठे।

मित्र ग़ाज़ियाबादी

साहस नहीं होता शत्रु से लड़ने का जिनमें

साहस नहीं होता शत्रु से लड़ने का जिनमें —-बुरे वक्त में अकसर वे अपनो का साथ छोड़ देते हैं मुश्किल आई है तो चली भी जायेगी एक दिन , यह सब जानते हैं फिर भी आदमी की इस फ़ितरत को क्या नाम दें जो डरकर उसी शत्रु से नाता जोड़ लेते हैं । **रामकिशोर उपाध्याय**

एक दिन विलीन हो जाएगा समन्दर भी

एक दिन विलीन हो जाएगा समन्दर भी नदियों की तरह, स्त्रियों ने समन्दर सोख लिया है अपनी आँखों में, एक दिन चिड़िया छोड़ देगी चहकना नन्ही मासूम बेटियों की तरह, उन्होंने देखा है हर गली में भेड़ियों को घुमते हुए, एक दिन बादल बरसना छोड़ देंगे उन्हें ज्ञात हो गया है, धरती पर अब उन्हें नर्म स्पर्श फूलों का मिलेगा नहीं...और वो चोटिल होंगे रेत से टकराकर...

शिल्पी अग्रवाल

साथिया साथ आ बस जरा दूर तक

साथिया साथ आ बस जरा दूर तक उन झुके बादलों के नगर से चलें । फूल सी खिलखिलाती हुई रात में चांदनी की सलोनी डगर से चलें । मखमली सी हवाएं ,जरा डोलतीं पंख उड़ने को अपने लता खोलतीं हम सजाकर सजीले सजीले सपन आओ अब तितलियों के दर से चलें उन झुके बादलों के..उड़ चलें कल्पना में कहीं दो- घड़ी प्यार की दो घड़ी हैं , सदी से बड़ी ज़िन्दगी खुद बुलाती ज़रा पास आ मांझिया सबनमी सी उस सहर चलें उन झुके बादलों के... यहां गुमसुम हवाएं बहकने लगें प्रेम के फूल खिल के, महकने लगें जिस नगर में रुके चांदनी रात को साथिया आज हम उस शहर से चलें उन झुके बादलों के..

अजय सिंह भदौरिया

तेरे मेरे इश्क का अंदाज ही कुछ ओर सा

तेरे मेरे इश्क का अंदाज ही कुछ ओर सा था वो चांद की रोशनी भी ओर ही थी वो मुलाकातों का मुकम्मल होना भी तय ही था वो हालात ए अहसास का होना भी तय ही था तेरे मेरे इश्क का अंदाज ही कुछ ओर सा था....

सोनू कुमार आकाश

प्रेरक प्रसंग

संयम से सफलता

नैपोलियन बोनापार्ट तब विद्यार्थी था उसने रहने के लिए एक नाई का मकान किराए पर ले रखा था। नाई की एक सुंदर युवती कन्या भी थी। वह किसी प्रकार नैपोलियन को अपने जाल में फँसना चाहती थी, अतएव उसके सामने सदैव काम कुचेष्टाएँ करती रहती। नैपोलियन यह सब देखता तो पर उन बातों की उपेक्षा करके चुपचाप अपनी पढ़ाई में लगा रहता।बात जहाँ की तहाँ समाप्त हो गई। कुछ दिन पीछे नेपोलियन सेना में चला गया। बाल्यकाल में संयमित जीवन बिताने के कारण शारीरिक शक्ति और बुद्धि कौशल का उसमें अभाव नहीं था; इसीलिए वह 25 वर्ष की अल्पायु में ही सेनापति बना दिया गया। एक बार वह किसी काम से अपने उसी विद्यालय में गया, जहाँ उसने शिक्षा पाई थी। प्रसंगवश वह उस युवती से भी मिला और पूछा- इस मकान में कभी एक विद्यार्थी रहता था, तुम उसे छेड़ती रहती थीं, है याद उसकी। युवती ने रूखेपन से कहा-था, एक नीरस, किताबी कीड़ा। नैपोलियन ने कहा- सचमुच बहन ! पर यदि वह वासना के आकर्षण में फँस जाता, तो आज सेनापति के रूप में तुम्हारे सामने उपस्थित न होता ?

QUIZ TIME

1) स्क्वायर किलोमीटर एरिया ऑब्जर्वेटरी क्या है?

2) पुर्तगाली यात्री नूनीज, विजयनगर में किसके शासन काल में आया था?

3) कौन गुलरुखी के उपनाम से कविताएं लिखा करता था?

4) जनवरी 2024 को मलेरिया के खिलाफ दुनिया का पहला नियमित टीका कार्यक्रम किस देश में शुरू किया गया था?

5) भारत की पहली महिला महावत का क्या नाम है जिन्हे पद्मश्री 2024 से सम्मानित किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) रेडियो दूरबीन प्रणाली (2) अच्युतराय (3) सिकन्दर लोदी (4) कैमरून (5) पारबती बरुआ

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:41, सूर्यास्त : 06:31, चन्द्रोदय : 08:15, चन्द्रास्त :21:56, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : वसंत, शक सम्वतः : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः : 2080 (पिंगल), मास : फाल्गुन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : पञ्चमी, नक्षत्र : भरणी, योग : वैधृति, प्रथम करण : वणिज (14:40 तक), द्वितीय करण : विष्टि (25:25 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : मेष, मंगल : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी),बुध : मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : कुम्भ (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 11:50 से 13:18, रवियोग : 06:29 से 18:24, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:13, गोधूलि मुहूर्त : 18:21 से 18:46, सायाह्न सन्ध्या : 18:24 से 19:36, निशिता मुहूर्त : 24:02 से 24:50, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 07:58 से 09:28, होमाहुति : बुध, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : आकाश, भद्रावास : स्वर्ग (14:40 से 25:25), चन्द्रवास : पूर्व।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आपको शुभ फलों की प्राप्ति होगी दिन के आरंभ में मन मे आध्यात्मिक भाव रहेगा भजन पूजन में समय देंगे।

वृषः आज का दिन आपको हानिकर रहेगा। पूर्व में बनाई योजनाए आर्थिक अथवा अन्य कारणों से आरम्भ नही हो सकेंगी।

मिथुनः आज का दिन आपके लिये लाभदायक रहेगा। कार्य व्यवसाय अच्छा चलने से धन लाभ के कई अवसर मिलेंगे।

कर्कः आज के दिन आपकी लाभा-लाभ वाली स्थिति रहेगी। कार्य क्षेत्र पर विरोधी नतमस्तक होंगे। पारिवारिक मामले हो या सार्वजनिक आज आप सभी जगह अपनी व्यवहार कुशलता से आसानी से कार्य बना लेंगे।

सिंहः आज के दिन आप पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा मानसिक रूप से हल्कापन अनुभव करेंगे। धन लाभ कम परन्तु समय से होगा। सन्तानो के व्यवहार में उदंडता आएगी।

कन्याः आज का दिन स्वास्थ्य के लिए हानिकर है दिन के आरम्भ में शरीर मे दर्द, अकड़न की शिकायत रहेगी।

तुलाः आज का दिन आपको अधिकांश कार्यो में विजय दिलाने वाला रहेगा। दिन के आरंभिक भाग में आकस्मिक धन लाभ होने से उत्साह बढेगा कार्यो को अधिक समर्पण के साथ करेंगे।

वृश्चिकः आज के दिन आप अपनी एवं परिवार की महात्त्वकांक्षाओ को पूर्ण करने का पूरा प्रयास करेंगे।

धनुः आज के दिन आपकी बुद्धि विवेक जाग्रत होने से प्रत्येक कार्य सोच समझ कर ही करेंगे। संध्या के समय आवश्यकता अनुसार धन लाभ हो जाएगा।

मकरः आज के दिन आपको अधिकांश कार्यो में दौड़-धूप के बाद ही सफलता मिलेगी। नौकरी करने वाले लोग आज ज्यादा परेशान रहेंगे।

कुंभः आज का दिन पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा बेहतर रहेगा। घूमने-फिरने के अवसर भी मिलेंगे।

मीनः आज दिन के आरम्भ में आप प्रत्येक कार्यो से मन चुरायेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -362

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

1		2	■	3		4	■	5
	■	6			■	7		
8	9		■	10	11		■	
■		■	■	■		■	■	■
12		13	■	14		15	■	16
	■	17			■	18		
19	20		■	21	22		■	
■		■	■	■		■	23	
24		■	■	25				■

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 361का हल

दा	ढ़ी	■	की	■	खा	सो	आ	म
वा	■	त	म	न्ना	■	■	जा	■
न	जा	क	त	■	बा	अ	द	ब
ल	■	ली	■	वि	ला	प	■	हा
■	अ	फ	सा	ना	■	मा	हि	र
दा	ब	■	■	श	गु	न	■	■
न	■	उ	प	का	र	■	शि	■
व	■	त्स	■	र	■	त	क	ला
■	सा	व	न	■	गु	रु	वा	र

4 जुआरी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने असमाजिक तत्वों एवं जुआरियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत की बड़ी कार्रवाई की है। जुआ खेल रहे 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सोमवार को मुखबिर की सूचना मिली की ग्राम घुटेली मे कुछ लोगो के द्वारा 52 पत्ती तास मे पैसे के लिए हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी पथरिया संतोष शर्मा द्वारा एक टीम बनाकर गाँव मे खेल रहे जुआ घेराबंदी कर पकड़ लिया। जहाँ से 4 जुआरी प्रशांत यादव पिता सोहन यादव, तेकराम साहू पिता विश्राम साहू, राहुल यादव पिता सोहन यादव सरगांव , शिलेन्द्र कोशले पिता दल्लू ग्राम डिघोरा को पकड़कर थाना लाया गया। जहाँ जुआरियों के पास से 2130 रूपये एंव हीरो मोटरसायकल जिसकी क़ीमत 40 हजार रूपये जप्त किया गया। पुलिस जुआरियो के ऊपर धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

नेहरू उत्कर्ष योजना: लिखित परीक्षा की प्रावीण्य सूची जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के ऐसे विद्यार्थी, जिनके लिए निजी विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए लिखित चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा पश्चात प्रावीण्य सूची जारी कर दी गई है। जिसका अवलोकन कोटा, बिल्हा, मस्तूरी एवं कोटा के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बिलासपुर के कार्यालय में किया जा सकता है। जारी सूची के संबंध में दावा आपत्ति 14 मार्च तक संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास के कार्यालय को सूचित कर सकते है। इसके पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

कृषि मास मीडिया समिति की बैठक 22 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। कृषि मास मीडिया समिति की बैठक 22 मार्च को संभागीय संयुक्त संचालक कृषि द्वारा गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाईन दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में आकाशवाणी केंद्र से माह अप्रैल 2024 में किसानवाणी कार्यक्रम अंतर्गत प्रसारण होने वाले विषय एवं वार्ताकार तय किये जाएंगे।

महतारी वंदन योजना से महिलाओं को क्राइटेरिया बनाकर किया जा रहा बाहर- सुनील

सीपत/नवप्रदेश। बढ़ती बेरोजगारी बढ़ती महंगाई मोदी की गारंटी जुमलों के विरोध में 11 मार्च को युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री निवास का घेराव व बूढ़ा तालाब रायपुर में विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मस्तूरी विधानसभा से युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। मस्तूरी विधानसभा के युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार मोदी की गारंटी के तहत प्रत्येक महिलाओं को 1000 रुपए महीना देने की बात कही थी। लेकिन अब उसमें क्राइटेरिया बनाकर लोगों को बाहर किया जा रहा है। महिलाएं बैंक का चक्कर काटने को मजबूर है। युवा वर्ग हताश व परेशान है। महंगाई के लिए सिर्फ केंद्र सरकार ही जिम्मेदार है। महंगाई बढ़ाकर देश को गर्त पर धकेला जा रहा है। केंद्र सरकार हर मोर्चे पर विफल है चाहे वो 2 करोड़ नौकरी, 2500 बेरोजगारी भत्ता, 500 सिलेंडर का वादा 3100 रूपए में धान खरीदी की बात हो। रोजगार दो न्याय दो के तर्ज पर राज्य और केंद्र सरकार की विफलताओं और उनके द्वारा बोल गए झूठो को युकां द्वारा आम जनता तक ले जाया जा रहा है। सुनील पटेल ने कहा कि 45 साल में बेरोजगारी की दर आज सबसे ज्यादा है। छत्तीसगढ़ में 6 हजार आरक्षक भर्ती के पदों के लिए 7 लाख आवेदन इसी से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है कि बेरोजगरी का दंश किस कदर है। प्रदर्शन में मस्तूरी युकां अध्यक्ष सुनील पटेल के नेतृत्व में हुंकार भरने युकां जिला महासचिव वीरेंद्र लैहर्षण मस्तूरी युकां उपाध्यक्ष नीतीश जायसवाल सीपत युकां अध्यक्ष प्रितेश पनौरे रोशन राय राजा राय दुर्गा प्रसाद चमन बर्मन मोनू टंडन सहित सैकड़ों की संख्या में विधानसभा से युवक कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ी गांवों की नहीं जनभाषा- डॉ. घृतलहरे

सीपत/नवप्रदेश। शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में पदस्थ और शासकीय मदन लाल शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीपत जिला बिलासपुर में हिन्दी विभाग में

लोरमी में डिप्टी सीएम साव के प्रस्ताव पर 86 विकास कार्यों की जल्द मिलेगी स्वीकृति

मुख्यमंत्री सचिवालय ने सामान्य प्रशासन विभाग को लिखा पत्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के विभिन्न गांवों में मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण से निर्माण एवं मरम्मत कार्यों के भेजे प्रस्ताव की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री सचिवालय ने सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री सचिवालय ने सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र लिखकर उप मुख्यमंत्री द्वारा अनुशंसित कार्यों के लिए राशि जारी करने का आग्रह किया है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोरमी विकासखंड के विभिन्न गांवों में तीन करोड़ तीन लाख रुपए लागत के 86 कार्यों की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण को प्रस्ताव भेजा है।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोरमी विकासखंड में 45 लाख रुपए की लागत के 44 आंगनबाड़ी केंद्रों के मरम्मत एवं उन्नयन कार्य, एक करोड़ 60 लाख रुपए लागत के 23 स्कूलों में अतिरिक्त कमरा निर्माण, शौचालय निर्माण, किचन शेड, मरम्मत कार्य एवं पेयजल व्यवस्था तथा 58 लाख रुपए लागत के नौ सीसी रोड व अहाता निर्माण का प्रस्ताव मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण को प्रस्ताव भेजा है। उन्होंने आठ लाख रुपए की लागत से दो उप स्वास्थ्य केंद्रों के मरम्मत, संधारण एवं उन्नयन कार्य, छह लाख रुपए की लागत से दो उप स्वास्थ्य केंद्रों में बाउंड्रीवॉल निर्माण, सात लाख रुपए की लागत से एक उप स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य मार्ग से अस्पताल तक सीसी रोड निर्माण, 16 लाख रुपए लागत के चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बाउंड्रीवॉल निर्माण और लोरमी के 50 बिस्तर अस्पताल में जेनरेटर के लिए तीन लाख रुपए का प्रस्ताव भी प्राधिकरण को अनुशंसित किया है।

4 ट्रैक्टर, एक पोकलेन जब्त 2.64 लाख का जुर्माना

अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण पर कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। खनिज अमला ने खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई कर रही है। विभिन्न माध्यमों से शिकायत सूचना प्राप्त होने पर विगत एक सप्ताह में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के कुल 7 मामलों पर कार्रवाई की गई।

पिरैया, कोनी, कछार, एवं सरकण्डा क्षेत्रों में जांच के दौरान अवैध रेत परिवहन के 4 मामलो पर कार्यवाही करते हुए 4 ट्रैक्टर जप्त कर प्रकरण का निराकरण करते हुए अर्थदण्ड की राशि रु. 53,864 / खनिज मद में जमा कराया गया है। इसके अतिरिक्त अमलडीहा एवं उदईबंद क्षेत्रों में अवैध रेत उत्खनन करते पाये जाने पर प्रकरण दर्ज कर 1 पोकलेन मशीन जप्त कर प्रकरण का निराकरण करते हुए अर्थदण्ड की राशि रु. 50,000 /- खनिज मद में जमा कराया गया है। ग्राम पिरैया में अवैध रेत भण्डारण के 02 मामलो पर कार्रवाई करते हुए अर्थदण्ड की राशि रू. 1,60,400/- खनिज मद में जमा कराया गया है। जप्त खनिजमय वाहनों पर खनिज अधिनियम के प्रावधानों के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज अमला द्वारा रेत उत्खनन हेतु प्रतिबंधित क्षेत्रों का भी सतत निरीक्षण किया जा रहा है। उक्त क्षेत्र से यदि अवैध रेत उत्खनन परिवहन के मामले दर्ज होने पर पुनः एफआईआर अथवा न्यायालय में परिवाद दर्ज कराया जाएगा।

बहतराई स्टेडियम के हाकी मैदान में बनेगी गैलरी, फ्लड लाइट लगेगी

विधायक सुशांत और धरमलाल ने किया भूमिपूजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बहतराई स्थित राज्य स्तरीय खेल प्रशिक्षण संस्थान के हाकी मैदान में वर्षों से लंबित गैलरी निर्माण और फ्लड लाइट की सौगात अब खिलाड़ियों को मिलने जा रही है। 10 करोड़ 29 लाख रूपये की लागत से पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जाने वाले गैलरी और फ्लड लाइट कार्य का आज बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला और बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा की हाकी मैदान में गैलरी के निर्माण से यह स्टेडियम पूर्ण रूप से सर्वसुविधायुक्त हो जाएगी, जिससे राज्य के खिलाड़ियों को इसका लाभ मिलेगा और फ्लड लाइट लगने से रात्रिकालीन मैच का आयोजन किया जा सकेगा। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा की हाकी मैदान में गैलरी और फ्लड लाइट की मांग काफी समय से की जा रही थी,जिसके पूरा होने से हाकी खिलाड़ियों के साथ साथ खेल प्रेमियों को भी फायदा मिलेगा। खिलाड़ियों की गुणवत्ता में संसाधन और विकसित स्टेडियम की बहुत बड़ी भूमिका होती है।

सेक्रो ने किया मंडल के महिला कर्मचारियों का सम्मान

लिटिल बन्नी स्कूल में कवि गोष्ठी 'शक्ति गर्जना' का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। सेक्रो बिलासपुर मण्डल, रेलवे के कर्मचारियों तथा उनके परिवार के कल्याण के लिए हमेशा से ही कार्यरत है। साथ ही सेक्रो बिलासपुर मंडल ने समय समय पर भारत की संस्कृति को संरक्षित, संवर्धित व पोषित करने में भी अहम भूमिका निभाती आई है ।

इसी कड़ी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर्गत मंडल सेक्रो द्वारा मंडल के महिला कर्मचारियों को सम्मानित करने हेतु सम्मान-समारोह का आयोजन लिटिल बन्नी स्कूल प्रांगण में किया गया । समारोह में मंडल सेक्रो अध्यक्षा श्रद्धा पाण्डेय मुख्य अतिथि थी 7 इस अवसर पर सेक्रो उपाध्यक्षा मीनाक्षी राज, डॉ रश्मि देवांगन, सचिव मीरा यादव, कोषाध्यक्ष संध्या रंगाराव सहित अन्य सदस्याएं एवं महिला रेलकर्मियों की उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ सेक्रो अध्यक्षा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके पश्चात् महिला कर्मचारियों के मनोरंजन हेतु नृत्य व कवि गोष्ठी शक्ति गर्जना का आयोजन हुआ 7 कवि गोष्ठी में श्रद्धा शौर्य व कल्याणी डाहरे (नागपुर), प्रियंका त्रिपाठी (कटनी) ने अपनी महिला सशक्तीकरण से संबन्धित कविताओं का पाठ कर उपस्थित महिला कर्मचारियों का उत्साहवर्धन व खूब मनोरंजन किए। इसके पश्चात रेल संचलन में उत्कृष्ट कार्य संपादित करने वाले मंडल के 42 महिला कर्मचारियों को मंडल सेक्रो अध्यक्षा श्रद्धा पाण्डेय के करकमलों से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तथा मंडल सेक्रो अध्यक्षा श्रद्धा पाण्डेय ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनायें दी। अपने उद्बोधन में उन्होने कहा कि आप सभी साहसी और अविश्वसनीय महिलाओं की उपस्थिति और आपके द्वारा किए गए कार्यो का कुछ शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता। आप में से प्रत्येक में एक विशेष खूबी है जो आपको जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

किराए के मकान में चलाया जा रहा स्कूल!

बुनियादी सुविधाओं का अभाव, शौचालय तक नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला के विकासखंड कोटा परिक्षेत्र के अंतर्गत बुनियादी सुविधाओं को दरकिनार कर स्कूल संचालित करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर लिखित शिकायत की गई है, जिस विभाग के उच्च अधिकारी जांच करने की बात कर रहे हैं।

किसी भी देश के विकास में शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा ग्रहण करने वाला स्थान मनुष्य के जीवन को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक जीवन जीने की कला सीखाती है। वहीं इन दिनों शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाला स्कूल कुछ लोगों के लिए व्यापार का साधन बन चुका है। अधिकांश देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों पर स्कूल का संचालक अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। वही चंद स्वार्थी लोग शिक्षा नीति की धज्जियां उड़ा कर मुनाफाखोरी की चाहत मे बच्चों के भविष्य एवं सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही मामला बिलासपुर जिला के विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोटा परिक्षेत्र पर देखने को मिल रहा है जिसमें कि शिकायतकर्ता ने मामले को लेकर 16 फरवरी 2024 लिखित शिकायत किया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि राम सिंह यादव पिता शिवरतन सिंह यादव जिला बांदा उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, जो कि विगत 2 वर्ष पूर्व से विकासखंड कोटा ग्राम बिटकुली चौक पर एक मकान को किराए पर लेकर स्कूल संचालन कर रहा है।

कुआं हो सकता है जानलेवा

विकासखंड कोटा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिटकुली चौक पर सरस्वती विद्यापीठ नाम से स्कूल संचालन किया जा रहा है। उस स्कूल पर बच्चों के साथ दुर्घटना होने की संभावनाएं है दरअसल जहां पर स्कूल का संचालन किया जा रहा है। उसके पीछे कांटा तार से घिरा हुआ लगभग 2000 वर्ग फुट खाली स्थान है. वहा पर एक कुँआ मौके पर स्थित है, जो पूरी तरह खुला हुआ है, जिसमें कि नाबालिग बच्चों के साथ बड़ी घटना होने की संभावना है।

15 सौ मानदेय पर शिक्षक

विकासखंड कोटा के अंतर्गत ग्राम बिटकुली पर संचालित स्कूल पर मीडिया ने जानकारी लिया तब पता चला कि के. जी. वन से लेकर कक्षा आठवीं तक के बच्चों को पढ़ाया जाता है, जहां पर मात्र तीन शिक्षक इस कार्य को करते हैं. मौके पर मौजूद एक शिक्षक ने बताया कि उन्हें पढ़ाने के एवज में स्कूल संचालक के द्वारा 15 सौ रुपए प्रतिमाह वेतन देते हैं। वही माह के अगर चार रविवार छुट्टी के दिन को छोड़ दिया जाए तो शिक्षक अपनी सेवा 26 दिन देते हैं इस हिसाब से एक दिन पढ़ाने के एवज में स्कूल संचालक शिक्षक को लगभग मात्र 57.692 रुपय भुगतान करता है।

महिला की मिली निर्वस्त्र लाश

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले में नग्न अवस्था में महिला की घर में लाश मिली है। झोपड़ी नुमा मकान में महिला की लाश नग्न अवस्था में थी और महिला के मुंह में साड़ी ठूंसी हुई थी। आशंका जताई जा रही है कि घर घुसकर दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या कर दी गई होगी। मामला कोटा थाना क्षेत्र का है। बीती रात कोटा थाना क्षेत्र में पिकनिक मना कर वापस आ रहे युवाओं के साथ मार पीट के बाद गोलीकांड को घटना सामने आई थी। जिसमें एक सरदार युवक के पेट में गोली मार कर घायल कर दिया गया था। अब मजदूर महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या का संदिग्ध मामला सामने आया है। कोटा थाना क्षेत्र के ग्राम नेवरा में रोजी मजदूरी करने वाली महिला की लाश मिली है। मिली जानकारी के अनुसार तखतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला बीते कुछ दिनों से कोटा थाना क्षेत्र के ग्राम नेवरा में तालाब किनारे झोपड़ी बना कर रहती थी। वह रोजी मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रही थी। कल सोमवार की सुबह महिला की लाश झोपड़ी में देखकर गांव के लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को नग्न अवस्था में महिला की लाश मिली उसके शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था और महिला के मुंह पर उसकी साड़ी को ठूंस दिया गया था। शरीर पर चोट के भी निशान थे। जिसके चलते दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस संदेहियों से पूछताछ के अलावा ग्रामीणों से घटना के संबंध में जानकारी ले रही है।

निर्वाचन कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय, न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07752-222877 है। कंट्रोल रूम में अधिकारी-कर्मचारी चौबीसो घंटे ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर एसएस दुबे है। यह कंट्रोल रूम निर्वाचन की घोषणा के तारीख से निर्वाचन की समाप्ति तक संचालित होगा। निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान व्यय अनुवीक्षण में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मध्य संपर्क स्थापित करने, अनुवीक्षण दलों को सूचना देने, निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग संबंधी जानकारियों एवं सूचनाओं का आदान-प्रदान एवं शिकायतों को रजिस्टर करने यह कंट्रोल रूम कार्य करेगा।

महिला से दुष्कर्म के तीन आरोपी गिरफ्तार

नकाबपोश युवक ने महिला के घर में घुसकर दिया घटना को अंजाम

बिलासपुर/नवप्रदेश। रात को घर के बालकनी के रास्ते घुसकर पीड़िता से मारपीट कर दुष्कर्म करने वाले आरोपियों को सिविल लाइन पुलिस ने सीसीटीव्ही कैमरे की मदद से गिरफ्तार किया गया।

पीड़िता थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 4 मार्च के रात्रि करीब 3 बजे अज्ञात चोर बालकनी में मुंह बांधकर उसके रूम में घुसा फिर उसके साथ मारपीट गाली-गलौच कर पीड़िता का गला दबाया। सिर को दिवाल में पटक दिया। पीड़िता को डरा धमका कर जबरदस्ती बलात्कार किया और सोने की अंगूठी को पीड़िता के हाथ से निकाल कर ले गया। रिपोर्ट पर तत्काल पुलिस अधीक्षक को सूचित किया गया, जिनके द्वारा उक्त अज्ञात आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर कार्यवाही करने निर्देश दिए। उक्त निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन उमेश प्रसाद गुप्ता (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में प्रकरण के अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु थाना प्रभारी सिविल लाइन प्रदीप आर्य के नेतृत्व में थाना स्तर टीम गठित कर तत्काल घटना स्थल पहुंचकर वरिष्ठ अधिकारियों से लगतार मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए घटना स्थल के आस पास के लगभग 180 सीसीटीव्ही कैमरों में पतासाजी किया गया। जिसमें अज्ञात आरोपी का हुलिया प्राप्त हुआ। आरोपी के उक्त हुलिये के आधार पर पता तलाश किया गया और मुखबिर तैनात किया गया। इसी दौरान मुखबिर के द्वारा बताया गया कि उक्त हुलिये का व्यक्ति वर्तमान में अमेरी निवासी अमन के साथ अमेरी में निवास कर रहा है। मुखबिर के बताये अनुसार स्थान पर जब पुलिस की टीम द्वारा घेराबंदी कर दबिश दिया गया तब उसी समय अज्ञात आरोपी के हुलिये से मिलता जुलता आरोपी बीर सिंह अपने एक्टीवा वाहन में अमन के घर आया और पुलिस को देखकर एक्टीवा को छोड़कर भागने लगा। जिसे करीबन 1 किलोमीटर रोड में दौड़ाकर बड़ी मशक्कत के बाद पकड़कर थाना लाये और कडाई सें पूछताछ किया गया जो दौरान पूछताछ के अपने साथियों के साथ घटना घटित करना स्वीकार किया।

सुविधा दुर्ग-छपरा व दुर्ग-पटना के मध्य एक फेरे के लिए होली स्पेशल ट्रेन की सुविधा

होली पर दो स्टेशनों से चलेगी स्पेशल ट्रेन

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे द्वारा होली के अवसर पर दुर्ग-छपरा के मध्य गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक होली स्पेशल सुपर फास्ट ट्रेन दुर्ग-छपरा-दुर्ग के मध्य एक फेरे के लिये चलाई जायेगी एवं यह गाड़ी दुर्ग से 08795 नंम्बर के साथ तथा पटना से 08796 नम्बर के साथ चलेगी। 08795 दुर्ग-छपरा होली स्पेशल दुर्ग से 22 मार्च तथा 08796 छपरा-दुर्ग होली स्पेशल छपरा से 26 मार्च (मंगलवार) को छुटेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 2 एस.एल.आर/एसएलआरडी, 02 सामान्य, 14 स्लीपर, 4 एसी-थ्री टियर, 01 एसी -टू टियर सहित कुल 23 कोच रहेगी ।

रेलवे द्वारा होली के अवसर पर दुर्ग-पटना के मध्य गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक होली स्पेशल सुपर फास्ट ट्रेन दुर्ग-पटना-दुर्ग के मध्य एक फेरे के लिये चलाई जायेगी एवं यह गाड़ी दुर्ग से 08793 नंम्बर के साथ तथा पटना से 08794 नम्बर के साथ चलेगी। 08793 दुर्ग-पटना होली स्पेशल दुर्ग से 22 मार्च (शुक्रवार) तथा 08794 पटना-दुर्ग होली स्पेशल पटना से 23 मार्च (शनिवार) को छुटेगी । इस स्पेशल ट्रेन में2 एस.एल.आर/एसएलआरडी, 02 सामान्य, 14 स्लीपर, 04 एसी-थ्री टियर, 01 एसी -टू टियर सहित कुल 23 कोच रहेगी ।

परसदा समपार आवश्यक मरम्मत कार्य के लिए बंद रहेगी

रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत गतौरा-जयरामनगर स्टेशन के मध्य किमी. 706/21-23 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 361 (परसदा फाटक) को 15 मार्च (शुक्रवार) सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक आवश्यक सड़क मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। उक्त समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पास में स्थित जयरामनगर फाटक से उपलब्ध है।

मानव खोपड़ी मिलने से फैली सनसनी

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के सरकंडा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम बिजौर में इंसानी खोपड़ी मिलने से सनसनी फ़ैल गई। जानकारी के अनुसार सरकण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिजौर के एक खाली प्लॉट में एक महिला गोबर बीनने गई थी, जिसने देखा कि गिट्टी के ढेर में एक इंसानी खोपड़ी पड़ी है जहां पास में ही एक कुदाल और कपड़े है, ये खोपड़ी बिजौर के एक खाली प्लॉट में मिली है,जिसमें लंबे बाल है, वही धड़ गायब है, जिससे यह पता नही चल सका है कि यह किसी महिला का सिर है ।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
No.15-06/S&P/P/W/TN-39/24/750 Marwa, dtd. 13/03/2024
NOTICE INVITING E-TENDER NO TN-39/2024:-
Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) for supply of material as mentioned below for ABVTPS,CSPGCL, Janjgir-Champa:-

S.No	Tender Specification No.	Rfx No. (E-Tender No.)	Particulars	Last Date/Time of submission of bid.	Tender Fee (Rs.)	EMD (Rs.)
01.	15-06/ S&P/ EE-IIP/ T-54/24	8100036611	Supply of 20W LED tube light for AHP, CHP and EMD at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa.	18.04.2024 15:30 Hrs	Rs. 590/- (500 + GST @18%)	Rs. 14,650/-
02.	15-06/ S&P/ EE-IP/ T-55/24	8100036624	Work contract for coal sample analysis through NABL accredited coal laboratory for the coal sample collected from coal rake received at unloading end, ABVTPS of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa.	10.04.2024 15:30 Hrs	Rs. 590/- (500 + GST @18%)	Rs. 9,150/-

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.
SUPERINTENDING ENGINEER (PROCUREMENT)
O/o the ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)
ABVTPS,CSPGCL,JANJGIR-CHAMPA
SAVE ELECTRICITY S.-40049/2

न्यूज गैलरी

शतप्रतिशत मतदान करने घर-घर दें दस्तक: कलेक्टर

नारायणपुर/नवप्रदेश/13 मार्च। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बिपिन मांझी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी बैठक आयोजित की गई। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि जिला स्तर पर स्कूल कालेजों में मानव श्रृंखला बनाकर, कार्टून, सेल्फीजोन इत्यादि बनाकर जिले के वेबसाइट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए। विधानसभा की तरह लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को बढ़चढ़कर भाग लेने के लिए पंचायत स्तर में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूली छात्र छात्राओं को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को संदेश देने का फोटोग्राफ्स भी सोशल मीडिया में शेयर करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, अनुविभागीय ओरछा अभयजीत मण्डावी, तहसीलदार अविनाश कुजुर, तहसीलदार ओरछा सौरभ कश्यप सहित स्वीप कोर कमेटी के सदस्यगण उपस्थित थे।

कल्कि सेवा समिति के सदस्यों का किया सम्मान

भोपालपटनम/नवप्रदेश/13 मार्च। जिला कल्कि सेवा समिति द्वारा जिले में कहीं भी धार्मिक अनुष्ठान हो समिति के सदस्यों द्वारा सेवा दिया जाता है। प्रत्येक सदस्य निः स्वार्थ भावना से तन-मन से सेवा करते है।

विगत कुछ वर्षों से कल्कि सेवा समिति द्वारा शिव मंदिर में शिवरात्रि पर्व पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसमें समिति के लोग सेवा देते हैं। कल्कि सेवा समिति की सेवा को देखते हुए दक्षिणमुखी हनुमान व शनि देवता मंदिर के बाल सेवा समिति द्वारा सभी सदस्यों का श्रीफल शॉल व मिठाई देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बाल सेवा समिति के संरक्षक - कपिल भगत, हर्षित कीर्ति अध्यक्ष - कार्तिक साहू, उपाध्यक्ष - शिवम बोरे- मनविता निष्ठुरी,कोषाध्यक्ष - जाव्या गोलीवार, सचिव - विहान पड़िशाला व सदस्य चाहत चांडक ,अद्विका वासम, मोनिशा एटला, भूमिजा वासम,युगद्वीप निष्ठुरी आदि उपस्थित थे।

मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने 17 लाख जारी

कांकेर/नवप्रदेश/13 मार्च। स्कूल शिक्षा, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की अनुशंसा पर कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों को 17 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किए हैं। उन्होंने कांकेर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नरहरपुर विकासखण्ड के विभिन्न सात ग्राम पंचायतों में स्थापित आंगनबाडी केन्द्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्रों में परिवर्तित करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतों को 01-01 लाख रुपए के मान से 17 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

92 हजार किसानों को मिली अंतर की राशि

■ मुख्यमंत्री ने वर्चुअली संबोधित कर अंतरित की राशि

कांकेर/नवप्रदेश/13 मार्च। कृषि उन्नति योजना के तहत किसानों को आदान सहायता राशि वितरण समारोह के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि उपज मंडी में आयोजन हुआ। बालोद में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। सीएम साय ने राज्य के 24 लाख 72 हजार से अधिक किसानों को 13 हजार 320 करोड़ रुपए की आदान सहायता राशि बटन दबाकर सीधे उनके खाते में अंतरित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को चेक का वितरण भी किया। बालोद में आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं वर्चुअल माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी शामिल हुए। जिला स्तरीय आयोजन में जिले के लगभग 92 हजार 143 पंजीकृत किसानों के खातों में कुल 4 अरब 51 करोड़ 37 लाख 59 हजार रूपए की राशि अंतरित की गई। इसमें जिले के विधानसभा कांकेर के अंतर्गत 13413 लाख रूपए की राशि, भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 17443 लाख और अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 14345 लाख रूपए शामिल है। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को चेक का वितरण भी किया गया।

एमएनएस ने पंचायतों में मासिक धर्म स्वच्छता पर किया महिलाओं को जागरूक

किरंदुल/नवप्रदेश/13 मार्च। एमएनएस इंडिया के सीएसआर टीम किरंदुल द्वारा दंतेवाड़ा के मदाड़ी, पैनार, फूलपाड़, किरंदुल, टिकनपाल, समेली गांवों में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 443 किशोरियों और महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। इसके साथ ही यहां महिलाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। लाभार्थियों ने अपने द्वारा अपनाए गए मासिक धर्म की स्वच्छता के तरीके को टीम के साथ साझा किया। इस दौरान सीएसआर की टीम द्वारा उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता बनाए रखने के महत्व और सही तरीकों के बारे में बताया गया।, महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है जैसे महिलाओं से उनके मासिक धर्म स्वच्छता के प्रबंधन के लिए खुलकर चर्चा कर उनकी समस्याओं का हल निकालना एवं मासिक धर्म से जुड़ी उचित जानकारियां प्रदान करना।,एमएनएस इंडिया कंपनी के द्वारा लगातार सामाजिक कार्य किए जा रहें हैं जिनमें विशेष रूप से स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा, स्पोर्ट्स एवं रोजगार के क्षेत्र शामिल हैं।

नवसाक्षरों की परीक्षा 17 को

■ भानुप्रतापपुर में 66 परीक्षा केंद्र बनाए गए

■ चिन्हांकित 20 ग्राम पंचायतों में होगी परीक्षा

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश/13 मार्च। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर के मार्गदर्शन में बुधवार 13 मार्च को बीआरसी कार्यालय भानुप्रतापपुर में 17 मार्च को होने वाली नवसाक्षरों की महापरीक्षा के संबंध में बैठक आयोजित की गयी । इस बैठक में सहायक संचालक जिला कांकेर लक्ष्मण कावड़े और खण्ड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर सदे सिंह कोमरे ने सभी ग्राम पंचायत एवं वार्ड प्रभारियों को कहा कि केंद्र प्रवर्तित महत्वाकांक्षी योजना उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रथम चरण में विकासखण्ड के 20 ग्राम पंचायतों एवं नगर के 4 वार्डो का चिन्हांकन किया गया है। इस सब स्थानों पर ग्राम एवं वार्ड प्रभारी के द्वारा सर्वे प्रभारियों ने सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया है जिसकी आनलाइन प्रविष्टि भी की जा रही है। कुछ ग्राम पंचायत की प्रविष्टि शेष है। उसे तत्काल पूर्ण करें। 20 ग्राम पंचायतों में 66 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों में केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गयी है। परीक्षा के 3 दिवस पूर्व परीक्षार्थियों को शिक्षार्थी पर्चा घर घर जाकर वितरण किया जाएगा जिससे उन्हें पता चल सके कि उनका किस केंद्र में परीक्षा होगा। परीक्षा हेतु निर्धारित पंजीयन फार्म भी भराया जाएगा जिसमें नवसाक्षरों की आवश्यक जानकारी भरी जाएगी। परीक्षा में तीन भाग होंगे पढ़ना लिखना और गणित ज्ञान। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा विभाग साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के पहल पर आयोजित राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मुल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में सहायक संचालक जिला कांकेर लक्ष्मण कावड़े ,खण्ड शिक्षा अधिकारी सदे सिंह कोमरे, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्गेश सोरी, साक्षरता प्रभारी अशोक ठाकुर, बीआरसी राधेलाल नुरेटी, साक्षरता कार्यालय के आनंद बनकर के साथ साथ सभी ग्राम,वार्ड एवं सेक्टर प्रभारी उपस्थित थे।

शासकीय माध्यमिक शाला परवी में हुआ न्योता भोज

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश/13 मार्च। बुधवार 13 मार्च को शासकीय माध्यमिक शाला परवी में एस.एस. गायकवाड़ (प्रधान पाठक माध्यमिक शाला परवी), के द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इसमें शासकीय माध्यमिक शाला परवी में अध्ययन रत समस्त बच्चों को स्वरूचि अनुसार खाना खिलाया गया,,बच्चें न्योता भोज आनंदित हुए उनकी खुशियां देखते ही बन रही थी, संस्था के प्रधान पाठक एसएस गायकवाड़ ने बताया कि न्योता भोज सरकार की योजना अनुसार स्कूल में समुदाय एवं पालकों की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शालाओं में नेवता भोज कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक नेवता भोज,व्यक्तिगत तौर पर या समुदाय से कोई भी अपनी खुशियों को सेलिब्रेट करने हेतु शाला परिवार में न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित करवा सकता है। न्योता भोज में स्कूली बच्चों के साथ साथ संकुल प्राचार्य एसआर कचलाम,गोविंद साहू,अनिल भगाड़े, योगिता यादव,माधुरी वर्मा, अम्बेश्वरी तिरसुनिया,ईश्वरी समरथ, योगमाया साहू,प्रीतम सिंह भालेंद्र,कश्यप ,राजेश चतुर्वेदी, दसरू राम मंडावी, शैलेन्द्री, श्रीमती सुरेखा मंडावी, कलेश्वरी मंडावी, सुमित्रा मंडावी, शैलेन्द्री कोड़ोपी आदि उपस्थित थे।

विधायक विक्रम मंडावी ने आदिवासी योद्धा बाबूराव की प्रतिमा का किया अनावरण

भोपालपटनम/नवप्रदेश/13 मार्च। मंगलवार 12 मार्च को भोपालपटनम के ग्राम लिंगापुर में वीर आदिवासी योद्धा बाबूराव सड़मेक की जयंती के अवसर पर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने 12 फिट ऊँची प्रतिमा का अनावरण किया है। प्रतिमा का निर्माण विधायक निधि से की गई है। इसकी लागत 10 लाख रुपए है। प्रतिमा का निर्माण गॉंव के मुख्य चौक पर किया गया है।

वीर आदिवासी योद्धा शहीद बाबूराव सड़मेक भारतीय इतिहास के सन 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेज हुकूमत की नींव को हिलाकर रख दिया था। उनका जन्म 12 मार्च 1833 को महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के आहेरी के किष्टापुर में हुआ था । मल्लेमपल्ली (महाराष्ट्र)के जमींदार थे। बाबूराव ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गोटुल (प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा, संस्कृति, परंपरा- रीति रिवाज) में प्राप्त की और बाद में राजकुमार कॉलेज रायपुर में शिक्षा प्राप्त की। अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद वह मल्लेमपल्ली लौटे। 18 वर्ष की उम्र में उनका विवाह राज कुँवर निवासी चेन्नूर (तत्कालीन आंध्रप्रदेश) वर्तमान तेलंगाना में सम्पन्न हुआ। बाबूराव सड़मेक का जीवन अंग्रेजी शासन के खिलाफ संघर्ष करते अपने देश के लिए शहीद हुए। जिंदा रहते हुए उन्होंने अंग्रेजों की नाक में दम कर रखा था। उनको एक साजिश के तहत पकड़ा गया। सेन्ट्रल जेल चंद्रपुर में बरगद पेड़ पर लटकाकर खुले में फांसी दी गई। आज भी आदिवासी समुदाय 12 मार्च को जयंती व 21 अक्टूबर को शहादत दिवस मनाता है। वीर सड़मेक मात्र 25 वर्ष की आयु में गोंडवाना साम्राज्य की रक्षा के लिए ब्रिटिश हुकूमत के सामने बहादुरी के साथ लड़े।

विधायक विक्रम मंडावी ने वीर आदिवासी योद्धा शहीद बाबूराव की जयंती पर उनका नमन करते हुए कहा कि आज का दिन आदिवासियों के लिए गर्व का दिन है।

अप्रैल और मई का राशन एक साथ मिलेगा

कांकेर/नवप्रदेश/13 मार्च।। पीडीएस के अंतर्गत प्रचलित सभी राशन कार्डधारियों को माह अप्रैल एवं मई हेतु पात्रता अनुसार चावल का आवंटन एवं वितरण माह अप्रैल में एकमुश्त किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिले की प्रत्येक उचित मूल्य दुकानों में चावल उत्सव का आयोजन कर राशन कार्डधारियों को 2 महीने का चावल वितरित किया जाएगा। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार जिले के सभी राशनकार्डधारियों को माह अप्रैल एवं मई 2024 हेतु पात्रतानुसार चावल आबंटन एवं वितरण माह अप्रैल 2024 में एकमुश्त किये जाने हेतु आबंटन अनुरूप खाद्यान्न का भण्डारण उचित मूल्य दुकानों में समय पर कराया जाएगा।

धान खरीदी की अंतर की राशि मिलने पर किसान खुश

कांकेर/नवप्रदेश/13 मार्च। कृषि उन्नति योजना के तहत किसानों को आदान सहायता राशि वितरण समारोह में मुख्यमंत्री साय ने वर्चुअल माध्यम से आदान सहायता राशि बटन दबाकर सीधे उनके खाते में अंतरित की। मुख्यमंत्री के बटन दबाते ही किसानों के खाते में आदान सहायता राशि अंतरित होते ही जिले के किसानों में खुशी का माहौल है। जिले के कृषि उपज मंडी परिसर में कृषि उन्नति योजना के जिला स्तरीय कार्यक्रम शामिल होने पहुंचे कांकेर विकासखंड के ग्राम पुसवाड़ा निवासी किसान कैलाश नेताम ने बताया कि मोदी की गारंटी के तहत 31 सौ रूपए में धान खरीदने का जो घोषणा की गई थी, उसके अनुरूप आज शासन द्वारा अंतर की राशि दी गई है। पीएम की एक और गारंटी पूरी हुई है। श्री नेताम ने बताया कि उन्हें मिलने वाली राशि का उपयोग अपने खेती कार्य को आगे बढ़ाने और खेत के मरम्मत कार्य में उपयोग करेंगे। गढ़पिछवाड़ी निवासी महिला कृषक श्रीमती सगोबाई भी धान की अंतर राशि मिलने पर बहुत उत्साहित है। उन्होंने बताया कि इस राशि का उपयोग खेती कार्य में लगाकर और अधिक उत्पादन प्राप्त करेंगी। साथ ही घर की जरूरतों, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में भी लगाएंगी। ग्राम मरदापोटी के किसान मंगलराम मंडावी ने अंतर की राशि मिलने पर खुशी व्यक्त की। इस राशि से खेती कार्य में बहुत मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के श्री रामलला दर्शन योजना के तहत उन्हें अयोध्या जाने का मौका मिला और भगवान श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने इसके लिए पीएम और सीएम के प्रति आभार प्रकट किया। इसी प्रकार तालाकुर्रा निवासी नारायण जैन ने भी धान की अंतर की राशि मिलने पर खुशी जताई।

सेजेस कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, मांगी जॉब सुरक्षा

कोण्डागांव/नवप्रदेश/12 मार्च। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के संविदा कर्मचारियो ने राजधानी में समस्त कर्मचारी भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय में एकत्रित होकर सभी ने वर्तमान सरकार से संविलियन(नियमितीकरण)/जॉब सुरक्षा हेतु ज्ञापन दिया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि हम सभी संविदा कर्मचारी नियमित कर्मचारियों की भाँति ही अपने कर्तव्य का पालन करते है तथा तथा अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान कर बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा में कार्य कर रहें है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी भर्ती प्रक्रिया भी सीधी भर्ती के तर्ज पर ही विज्ञापन ,साक्षात्कार ,पात्र अपात्र सूची तथा सम्पूर्ण योग्यता को पूर्ण करने तथा दस्तावेज सत्यापन के उपरांत ही हमारी नियुक्ति हुई है। और नियमित पदों के तर्ज पर ही वेतनमान भी प्राप्त होता है। और सरकार यदि संविलियन करती भी है तो राज्य सरकार पर अतिरिक्त आर्थिक भार का अंतर ज्यादा नही आएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी बताया कि वर्तमान सरकार ने चुनावी घोषणा पत्र जिसे मोदी की गारंटी नाम दिया गया में सरकार बनने के 100 दिन में संविदा कर्मचारियों के लिए एक समिति गठित करने की बात कही थी पर 100 दिन पूर्ण होने को हैं फिर भी आज तक संविदाकर्मियों के हित में न कोई समिति गठित की गई न ही कोई सकारात्मक निर्णय लिया गया है जिससे समस्त कर्मचारियों में नाराजगी है।यह कि राज्य में 2020 में संचालित स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कार्यरत संविदा शिक्षक एवं कर्मचारियों की संख्या 12832 है और विद्यार्थियों की संख्या 4,49,785 है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

छाती ठोककर जाइए...

हर घर में बीजेपी का झंडा लगाने का संकल्प लेकर जाना है।

तीन महीने में हमने वादे पूरे किए- किरण देव

कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव ने कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, कांग्रेस सरकार ने पांच सालों में जो कार्य पूरे नहीं किए, उन्हें हमने तीन महीने में वो काम करके दिखाया है। पीएम आवास और महतारी वंदन योजना का वादा पूरा किया गया है। किसानों को भी बकाया बोनस दिया है। धान के अंतर की राशि देने का वादा भी पूरा हो गया है। 24 लाख करोड़ हितग्राहियों के खाते में डाले गए हैं। सीजीपीएससी में घोटाला करने वालों की जांच के लिए आयोग को गठित किया गया है।

रिमोट कंट्रोल सरकार ...

वंदन में माताओं, बहनों से धोखा, 25 प्रतिशत माताओं के खाते में पैसा गया, शेष घूम रही है।

18 लाख आवास देने की बात कहा लेकिन एक भी आवासहीन के खाते में पैसा नहीं आया। सरकार 18 लाख नाम सार्वजनिक करें, जिनके मकान स्वीकृत किये है।

नक्सली घटनायें बढ़ गयी सरकार ने तीन माह में कोई घोषित नक्सल नीति नहीं बनाया। रोज नक्सली हत्यायें कर रहे सरकार बयान देने तक सीमित है।

आदिवासियों के प्रति अत्याचार और अपराध में बढ़ोतरी हो गयी। रेत के दाम तीन गुना बढ़ गये भाजपाई सत्ताधीशों और रेत माफियाओं के बीच सांठगांठ हो गयी है। पटवारी परीक्षा में गड़बड़ी किया, बेरोजगारों के साथ अन्याय। किसान आत्महत्या कर रहे राजनांदगांव, बस्तर, बिलासपुर हर जगह से किसानों की आत्महत्या की खबरें आ रहा।किसानों के धान का पैसा न्याय योजना की चौथी किस्त खा गये। सरकार ने मक्का, गन्ना गौण अन्नो का समर्थन मूल्य पर खरीदी बंद कर दिया। युवाओं को मिलने वाला बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया। धान कीमत 3100 एकमुश्त नगद देने का वायदा भी अधूरा ही पूरा किया आज भी पूरे किसानों को पैसा नहीं मिला है। सरकार ने व्यापारियों से भयादोहन शुरू कर दिया जीएसटी के छापे मारे जा रहे, व्यापारियों को डराया जा रहा, वसूली किया जा रहा। जमीनों के खसरा लॉक कराया जा रहा, नामांतरण बंटाकन रजिस्ट्री रोक कर जमीन व्यापारियों से वसूली किया जा रहा। तीन माह में 13000 करोड़ का कर्ज ले लिया सरकार का वित्तीय प्रबंधन फेल।गौ तस्करी की घटनायें शुरू हो गयी।शराब तस्करी मादक पदार्थों की तस्करी शुरू हो गयी। पांच सौ रूपया में रसोई गैस सिलेंडर देने का वादा भूल गये, छात्रों को स्कूल कॉलेज जाने भत्ता का वादा भूल गये, 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती का वादा अधूरा, कृषि भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार रू. सालाना देने का वादा भूल गये।

हमें कांग्रेस से सर्टिफिकेट नहीं ...

है, इसमें भी जनता के सर्टिफिकेट के लिए हम काम कर रहे हैं। कांग्रेस के सर्टिफिकेट के लिए काम नहीं कर रहे हैं। अभी भी हमें जनता सर्टिफिकेट देगी, ये कितने घटिया और बदमाश लोग हैं इनको जानता पिछले 5 सालों में समझ चुकी है। अभी हमारी सरकार को 100 दिन पूरे नहीं हुए और उसके पहले किसानों के खातों में पैसा डाला जा चुका है। महतारी वंदन योजना प्रारंभ हो चुकी है। 2 साल का बोनस दिया जा चुका है। आवास देने की तैयारी पूरी हो चुकी है। पीएससी में सीबीआई जांच की घोषणा हो चुकी है। कांग्रेस को समझ नहीं आ रहा है वह कर क्या रहे।

सावधान.. बीपी-शुगर ...

डीएलएफ कैपिटल ग्रीन्स, गुड़गांव का साउथ सीटी, दिल्ली का यमुना विहार शामिल था।

दिल्ली पुलिस की एक टीम ने रैकेट के सबसे महत्वपूर्ण ठिकाने डीएलएफकैपिटल ग्रीन्स पर छापा मारा। पुलिस के मुताबिक विफ्ल जैन यहां कैंसर की नकली दवाएं बनाता था। पुलिस के मुताबिक उन्होंने डीएलएफ ग्रीन्स में दो ईडब्ल्यूएस फ्लैट किराए पर लिए थे। यहां वह कैंसर की दवा की खाली बोतलों को नकली दवाओं से भर देता था, जबकि उसका साथी सूरज दोबारा भरी हुई बोतलों को अच्छी तरह से पैक करके रखता था ताकि किसी को शक न हो।

सुप्रीम लताड़.. एसबीआई का...

की डिटेल्स हैं। बॉन्ड खरीदने की तारीख और रकम का जिक्र है। दूसरी फाइल में बॉन्ड इनकैश करने वाले राजनीतिक दलों की जानकारी है। कोर्ट को एसबीआई ने लिफाफाबंद पीडीएफ फाइल और उनके कोड भी दिए हैं। 2 पीडीएफ फाइल हैं। पीडीएफ फाइल पेन ड्राइव में भी रखी गई है, इन्हें खोलने के लिए पासवर्ड भी दिया गया है।

राज्य खेल अलंकरण ...

पाण्डे पुरस्कार के लिए 06, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 06, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 02, शहीद पंकज विक्रम सम्मान 27, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए 05 एवं मुख्यमंत्री ट्रॉफी के लिए 25 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

इंस्पेक्टर ने छात्रावास ...

इसके बाद मौके पर आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त अमित भाटिया पहुंचे और उन्होंने बंद कमरे में दोनों में सुलह करवाई। जहां पल्लव ने भी इसकी शिकायत न करने की बात कही, वहीं कोशले भी मौके से समझाइश के बाद चले गए।

जजों के तबादले, ...

टोप्पो को सेंट्रल प्रोजेक्ट कार्डिनेटर ई कोर्ट मिशन मोड प्रोजेक्ट और आनंद प्रकाश दीक्षित को ज्यूडिशियल अकादमी का एडिशनल डायरेक्टर बनाया गया है। वहीं कई स्पेशल जज, प्रिंसपल जज, जिला एवं सेसन जजों का भी तबादला हुआ है।

सहायक कलेक्टर के ...

के लिए, चारों अफसरों को सहायक कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया गया है। इनमें से अनुपमा आनंद रायपुर, एस भार्गव दुर्ग, तन्मय खन्ना बिलासपुर, दुर्गाप्रसाद अधिकारी जांजगीर-चांपा शामल हैं।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

कोंडागांव/नवप्रदेश/13 मार्च। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला कोंडागांव ने सीएम विष्णुदेव साय एवं शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को कोंडागांव प्रवास के दौरान शिक्षक एलबी संवर्ग की समस्याओं के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए वर्तमान शिक्षा विभाग के द्वारा 1998 से 2018 के मध्य 20 वर्ष की सेवा शून्य घोषित कर 2018 से सेवा गणना कर शासकीय लाभ प्रदान करने का प्रावधान किए जाने से विरोध में शिक्षक एलबी अपनी भविष्य की चिंता करते हुए शिक्षक एलबी के हितार्थ मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए प्रथम नियुक्ति तिथि के आधार पर सेवा की गणना कर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन प्रदान करने, छत्तीसगढ़ में पेंशन की पात्रता 30 वर्ष के सेवा के स्थान पर केंद्र, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड की तरह 20 वर्ष करने, पूर्व सेवा के आधार पर क्रमोन्नत वेतनमान एवं सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, केंद्र के समान 8% महंगाई भत्ता देय तिथि से एवं लंबित एरियर्स का जीपीएफ खाता में समायोजन करने, प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक, प्रधान पाठक प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में पदोन्नति करने और उत्तर प्रदेश की तरह छत्तीसगढ़ में भी कर्मचारियों को कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान करने संबंधी मांग पत्र सौंपा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, जिला सचिव संजय कुमार राठौर, जिला उपाध्यक्ष नरेश सिंह ठाकुर, आईटीसेल अशोक साहू, ब्लॉक अध्यक्ष मन्नाराम नेताम, शिवकुमार तिवारी, रामगोपाल सिंह, अनूप विश्वास आदि उपस्थित थे।

उद्यानिकी बीज विक्रेताओं की बैठक संपन्न

कांकेर/नवप्रदेश/13 मार्च। बीज अनुज्ञा अधिकारी एवं सहायक संचालक उद्यान कांकेर की अध्यक्षता में मंगलवार 12 मार्च को सहायक संचालक उद्यान के सभाकक्ष में जिले के उद्यानिकी बीज विक्रेताओं की बैठक ली। जिसमें जिले के उद्यानिकी बीज विक्रेता उपस्थित हुए। बैठक में जिले के सभी उद्यानिकी बीज विक्रेताओं को समयावधि में बीज अनुज्ञा नवीनीकरण करने, कृषकों को मानक स्तर के बीज उपलब्ध कराने तथा जिले में विक्रय किये जा रहे उद्यानिकी फसलों के बीजों का ऑनलाइन स्टॉक करने के लिए सहायक संचालक द्वारा निर्देशित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि कृषकों को विक्रय किये जा रहे उद्यानिकी फसलों के बीज को संज्ञान में लेते हुए अनुज्ञा में शामिल कंपनियों का ही बीज विक्रय करें। यदि अन्य कंपनी के बीज विक्रय किये जा रहे हो तो उसे अनुज्ञा में शामिल कराना सुनिश्चित करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. प्लॉट नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

मंत्रालय के आदेशों को धता बता रहे अधीनस्थ अधिकारी

■ निलंबित शिक्षक को किया बहाल

गरियाबंद/नवप्रदेश/12 मार्च। शिक्षा विभाग भ्रष्टाचार का गढ़ है। इनके नए कारनामे सामने आते रहते हैं। उच्च अधिकारियों के आदेश को अधीनस्थ अधिकारी धता बता रहे हैं और अपने मन माफिक आदेश जारी कर रहे हैं। इससे सचिवालय के अधिकारी बेखबर हैं। खेलगढ़िया घोटाले में लिप्त पूर्व डीएमसी श्याम चंद्राकर को सरकार ने कुछ माह पूर्व निलंबित किया था। इनके निलंबन को रद्द कर संचालक लोक शिक्षण ने पुनः जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक संचालक के पद पर संलग्न करते हुए बहाल कर दिया।

जब पता चला कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय गरियाबंद में सहायक संचालक का पद रिक्त नहीं है, तो उसके बाद आनन फानन आदेश में संशोधन कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सांख्यिकीय अधिकारी के पद पर संलग्न कर दिया गया। इसके बावजूद की सरकार के शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव के आदेश अनुसार जिले के समस्त शिक्षकों को जो की अटैचमेंट के तहत कार्य कर रहे थे। उनको उनके मूल स्थान में भेजा गया है। शिक्षा सचिव के इस आदेश को पलीता लगाते हुए सहायक संचालक ने उक्त शिक्षक को स्कूल भेजने की बजाय गैर शिक्षक कार्य कराते हुए जिला शिक्षा कार्यालय में कार्य करने के आदेश दिए जो की उच्च अधिकारियों के आदेश की कैसे ठेंगा दिखाया जाता है यह दर्शाता है।

शिक्षा विभाग का आदेशः छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय समस्त संभागायुक्त छत्तीसगढ़, समस्त कलेक्टर छत्तीसगढ़, समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, छत्तीसगढ़ को पुलक भट्टाचार्य अवर सचिव स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेशित किया कि गैर शैक्षणिक कार्यों में संलग्न शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों को उनके मूल पदस्थापना के लिए कार्यमुक्त किया जाए। शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों का संलग्नीकरण तत्काल समाप्त किया जाकर, उन्हें उनके मूल पदस्थापना शाला में अध्यापन कार्य के लिए कार्यमुक्त किया जाए। संलग्नीकरण समाप्त किए जाने संबंधी प्रमाण पत्र 7 दिवस के भीतर संचालक, लोक शिक्षण को अनिवार्यतः प्रेषित करें। इसका कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उपरोक्त आदेश के बावजूद व्याख्याता श्याम चंद्राकर को येन केन प्रकारेण जिला कार्यालय में संलग्न कर दिया गया।

उच्च कार्यालय द्वारा एक व्याख्याता को बेजा लाभ दिलाने अपने ही आदेश को पलट रही है। केवल यहीं नहीं उन पर भ्रष्टाचार के आरोप में जांच बी चल रही है। विभागीय जाँच अभी पूरी नहीं हुई है, उसको पुनः जिला कार्यालय में संलग्न कर दिया गया। विभागीय जांच का सामना कर रहे व्याख्याता को डीईओ कार्यालय में संलग्न करने से संचालक के उस आदेश पर सवाल उठ रहे हैं जिस आदेश के तहत पूरे राज्य में संलग्नीकरण समाप्त करने का आदेश जारी किया गया है। यदि इसी तरह से संलग्नीकरण समाप्ति के आदेश की धज्जियां उच्च कार्यालय से ही उड़ती रहेंगी तो फिर निचले स्तर पर उस आदेश का पालन कराना और कठिन हो जाएगा।

जांच हो सकती है प्रभावितः खेलगढ़िया मामले में विभागीय जांच का सामना कर रहे शिक्षक को बहाल कर डीईओ ऑफिस में संलग्न करने पर क्या जांच प्रभावित नहीं की जाएगी ? क्या जांच में गवाहों पर दबाव नहीं बनाया जाएगा क्या दस्तावेज को सुरक्षित रखा जा सकेगा? ऐसे कई सवाल है। जो की जांच का सामना कर रहे उक्त व्याख्याता को मदद पहुंचाते हुए भ्रष्टाचार को संरक्षण देने संचालक लोक शिक्षण के आदेशों पर उंगली उठाई जा रही है और उनकी मंशा पर भी सवालिया निशान खड़ा करता है। बहाल करने के पश्चात उक्त शिक्षक को उसके शिक्षक के कार्य हेतु स्कूल के लिए आवेशित किया जाना चाहिए था। व्याख्याता को दो बार पहले भी जाँच के दौरान दोषी पाया गया था,

खेलगढ़िया में गड़बड़ी की जांच का क्या होगा ?

जानकारों ने बताया कि किस नियम के तहत बहाली की गयी है? यह भी एक जांच का विषय है, श्याम चंद्राकर का निलंबन स्कूल शिक्षा विभाग ने किया है तो उनका बहाल भी मंत्रालय से होना है या मंत्रालय की अनुशंसा पर संचालक द्वारा किया जाता, परंतु निलंबित सचिवालय ने किया बहाल संचनालय से हो गया। संचालक का अधिकार ही नहीं की वह बहाल करें। खेलगढ़िया मामले में आरोप पत्र जारी किया गया जिसमें भारी त्रुटि है आरोपी को बचाने का भरपूर प्रयास करते हुए गवाहों की सूची ही बदल दी गई इस मामले में आरोप पत्र अनुसार कलेक्टर को गवाह बनाया गया है जिसमें कोई नाम नहीं है केवल पदनाम को गवाह बनाया गया है जबकि कार्यवाही के दौरान जितने भी बी आर सी सी सहित जांच में संलग्न अधिकारियों को गवाही के रूप में शामिल किया जाना था किंतु ऐसा नहीं किया गया प्राय कलेक्टरों को पुराने मामलों के बारे में जानकारी नहीं होती है तो उन्हें गवाह बनाकर विभाग ने आरोपी को बचाने का पूरा प्रयास किया है।

कवर्धा नगर वासियों को मिला पालिका में कार्यवाहक अध्यक्ष

कवर्धा/नवप्रदेश/12 मार्च । नगर पालिका पद रिक्त होने के तीन माह बाद कवर्धा नगर वासियों को कार्यवाह अध्यक्ष मिल गया . नगरीय प्रशासन विभाग ने मनहरण कौशिक को कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया है . शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कार्यवाहक अध्यक्ष मनहरण कौशिक को अध्यक्ष मनोनीत होने पर बधाई देते हुए कहा ,भारतीय जनता पार्टी के जमीनी कार्यकर्ता मनहरण साहू जी आने वाले समय में कवर्धा विकास को गति देने में कोई कसर नही छोड़ेंगे। शपत ग्रहण के अवसर पर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा नगरीय प्रशासन विभाग ने मनहरण कौशिक को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त कर नगर विकास के लिए पालिका प्रशासन को मजबूत करने का कार्य किया है ।

गन्ना किसानों को 63 करोड़ 92 लाख का भुगतान जारी

कवर्धा/नवप्रदेश/12 मार्च । उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना द्वारा त्योहारी सीजन में गन्ना किसानों को 4.98 करोड़ रूपए का भुगतान जारी किया गया। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर कारखाना प्रबंधन द्वारा पेराई सत्र 2023-24 में कुल 63.92 करोड़ का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। इस पेराई सत्र में कुल 299580 मीट्रिक टन गन्ना की पेराई की जा चुकी है तथा 310366 क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा वर्ष 2022-23 में गन्ना किसानों को 440 रूपए प्रति क्विंटल की दर से कुल भुगतान किया गया था, जिससे गन्ना किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई। कारखाना प्रबंधन द्वारा क्षेत्र के गन्ना किसानों से अपील किया गया है कि कृषक हित तथा कारखाना हित को देखते हुए ताजा, साफ-सुथरा बिना अगवा बिना जड़ के गन्ना कारखाना को आपूर्ति करें।

महतारी वंदन योजना : खैरागढ़ जिले की 1 लाख 17 हजार 231 महिलाओं के खाते में 11 करोड़ 72 लाख रुपए का भुगतान

■ जिला स्तरीय सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में शामिल हुई महिलाएं

खैरागढ़/नवप्रदेश/12 मार्च। जिला स्तरीय महतारी वंदन कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक भवन में आयोजित हूई। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह सहित कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा रहे। छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हूआ । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महतारी वंदन योजना के तहत डीबीटी के माध्यम से छत्तीसगढ़ की 70 लाख 12 हजार 417 पात्र महिलाओं के खाते में 655 करोड़ 57 लाख रूपए की पहली किश्त का अंतरण किया। खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले की 1 लाख 17 हजार 231 पात्र महिलाओं के खाते में 11 करोड़, 72 लाख रू की राशि का भुगतान हुआ। जिला स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह नें कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एक-एक करके भाजपा सरकार द्वारा किए गए हर वादे को धरातल पर उतार रहे हैं। यह कार्यक्रम माताओं बहनों पर केंद्रित है आज ऐतिहासिक दिन है। महतारी वंदन योजना का शुभारंभ हो रहा आज आप सभी के खातों में प्रथम किश्त का भुगतान किया जा रहा है। प्रति माह निरंतर खाते में राशि आता रहेगा और यह योजना निरंतर जारी भी रहेगी। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने इस दौरान उपस्थित महिलाओं और लोगो को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की शपथ दिलाई । कार्यक्रम मे अतिथियों द्वारा महतारी वंदन का प्रतीकात्मक चेक पात्र हितग्राहियों को प्रदान किए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण किट वितरण किया गया। इस दौरान कलेक्टर वर्मा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी नेहा पांडे, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीओपी लालचंद मोहले, जिला पंचायत सभापति धम्मन साहू, टीके चंदेल, विकेश गुप्ता, रामाधार रजक, रूपेन्द्र रजक, आलोक श्रीवास, नरेंद्र श्रीवास भगवत शरण सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, परख दास कोसरे, लक्ष्मीचंद आहूजा, राजेश देवांगन, मनजीत सिंह, जितेंद्र गौर, शैलेंद्र त्रिपाठी, पुकराम सिन्हा, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

बाजार अतरिया के रक्तदान शिविर में महिला सहित 45 ने किया रक्तदान

खैरागढ़/नवप्रदेश/12 मार्च। ब्लाक के बाजार अतरिया में जैन श्री संघ व अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक न्याय संगठन सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन राजनांदगांव के मार्गदर्शन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रो से 45 लोगों ने रक्तदान किया । शिविर में पहुँची महिला ने भी रक्तदान कर महिलाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। रक्तदान शिविर के आयोजन में महावीर जैन, प्रांजल जैन अशोके जैन, संतोष जैन, सतीश जैन , रोशन जैन, अमित जैन, आशीष जैन, नीलम जैन रानी राजलक्ष्मी तिवारी, निशा अग्रवाल, आरती यदु, मीनाक्षी जंघेल, सिमरन, सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन के संतोष तोड़े, जेठू मारकंडे, ज्ञानदास बंजारे, जय प्रसाद चंदेल, केवल चंदेल , मनीषा चंदेल, त्रिभुवन बारले, महेंद्र जांगड़े, बोधन जोशी, कुलदीप देशलहरे, अमन महिलांग, चन्दन पहरी, हेमेश जांगड़े, प्रदीप देशलहरे, अभिषेक पाटीला, संजय कुर्रे उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में एकत्रित किए गए 45 यूनिट रक्त को राजनांदगांव जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक में संग्रहित किया गया है ।

हम सभी लोकसेवक और जनता की सेवा व जवाबदेही : सीएम

कांकेर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार 13 मार्च को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश भर के कलेक्टर-एसपी की बैठक लेकर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन और कानून व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टर एवं एसपी को कहा कि आप और हम सभी लोक सेवक हैं और हमारा उद्देश्य आमजनता की सेवा करना है और जनता के प्रति जवाबदेही व संतुष्टि बेहद जरूरी है। उक्त वीसी में जिले से कलेक्टर अभिजीत सिंह और एसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला ने हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश की सरकार तीन महीने के भीतर ही जनता के विश्वास के मुताबिक बहुत से काम किए हैं और मोदी की गारंटी को पूरा किया है।

सबको मिलकर आगे और भी अच्छा काम करने की जरूरत है। जनता ने के विश्वास पर खरा उतरना है। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, धान का बकाया बोनस, धान की बम्पर खरीदी, 21 क्विंटल प्रति एकड़ 3100 की दर से, कल अंतर की राशि भी दे दी गई है। साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत पहली किश्त की राशि भी जारी हो गई है। शासन की योजनाओं को प्रदेश की अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की आवश्यकता है। जिला प्रशासन की तरफ से योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की कोताही न हो। सभी कलेक्टर यह सुनिश्चित करने कहा कि राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतें ना आने पाएं। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क और आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के लिए डीएमएफ की राशि खर्च करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना के अनुरूप विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित जिला बनाने की आवश्यकता के अनुरूप कार्य करने की बात कलेक्टरों से कही।

धमनी स्कूल में बच्चों के लिए न्योता भोज का कार्यक्रम

■ बच्चों के बीच आकर आत्मिक सुख की अनुभूतिः साहू

फिंगेश्वर/नवप्रदेश/12 मार्च। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत सामुदायिक सहभागिता से न्योता भोज कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी के तहत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला धमनी में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्योता भोज का आयोजन जनपद सदस्य भुनेश्वरी साहू एवं अंतरिक्ष साहू के

द्वारा अपने पौत्र के जन्मोत्सव के अवसर पर किया गया। कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों को खीर पूड़ी, मिठाई केला, अंगूर के साथ मध्यान्ह भोजन प्रदान किया गया। इस अवसर पर भुनेश्वरी साहू ने कहा कि न्योता भोज शासन की एक अभिनव पहल है जिसमें समुदाय को स्कूल में सहभागिता का अवसर प्राप्त होता है, साथ ही साथ बच्चों को भोजन कराने पर आत्मिक खुशी प्राप्त होती है।

उन्होंने सभी लोगों को अपने घर में विभिन्न तीज त्योहार एवं खुशी के अवसर पर बच्चों को न्योता भोज करने की अपील की। शिक्षक महेन्द्र पंत ने न्योता भोज आयोजक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि यह धमनी स्कूल का पहला न्योता भोज है तथा उनके इस पहल से प्रभावित होकर अन्य लोग भी न्योता भोज के लिए प्रेरित होंगे।

कृषक उन्नति योजना से जिले के 78 हजार से अधिक किसान हुए लाभान्वित

■ 443 करोड़ 47 लाख 99 हजार रुपए का किया गया भुगतान

गरियाबंद/नवप्रदेश/12 मार्च। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषक उन्नति योजनान्तर्गत किसानों को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान का उपार्जन किया गया है। कृषक उन्नति योजना के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में बालोद में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से राशि का हस्तांतरण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम छुरा के सांस्कृतिक भवन में किया गया, जिसमें जिले के 78 हजार 516 किसानों से 48 लाख 36 हजार 204 क्विंटल धान उपार्जन किया गया है। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को आदान सहायता राशि प्रति एकड़ 19257 रूपये के मान से 443 करोड़ 47 लाख 99 हजार रूपये का भुगतान डीबीटी के माध्यम से मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती तोकेश्वरी मांझी, श्रीमती केसरी ध्रुव, रितुराज, श्रीमती शांति नागेश, श्रीमती पुष्पलता सिंह, राजेश साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेशवासियों को जो गारंटी दिया था और यहां के यहां के लोगों ने विश्वास किया था, उसे आज पूरा किया है। उन्होंने कहा कि कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को अदान सहायता राशि का भुगतान एकमुश्त मिल रहा है। यह बड़ी खुशी की बात है। किसानों को अपने उपार्जन का प्रति एकड़ 19 हजार 257 रूपये के मान से एकमुश्त आदान सहायता राशि मिलने से किसान इस राशि का उपयोग अपने विभिन्न कार्यों के लिए कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से कहा कि खेती-किसानी में उत्पादन बढ़ाने एवं जैविक खेती करने की आवश्यकता है, इसलिए व्यवहारिक तरीके से खेती करे। खेतों में अनावश्यक रसायनिक उर्वरकों का छिड़काव न करे, न ही पराली खेतों पर जलाए। जैविक खेती करने के लिए किसानों को पशुपालन करने की भी आवश्यकता है। सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किसानों के साथ-साथ देश के सभी वर्गों के आर्थिक सशक्तिकरण और उन्हें मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं और उसके लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर उनका क्रियान्वयन किया जा रहा हैं।

न्यायालय तहसीलदार दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202312160100001
अ-21/2023-24
ग्राम- चितालंका

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरफराज अहमद पिता स्व. इफ्तेहार खान उम्र 35 वर्ष जाति मुसलमान निवासी दंतेवाड़ा तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के द्वारा ग्राम चितालंका प.ह.नं. 15 में स्थित भूमिस्वामी हक के खाते की भूमि खसरा नं. 568/5 रकबा 0.020 हे. को क्रेता विक्रम जोशी पिता डुंगर राम उम्र 28 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहता है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 28/03/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 04/03/2024 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
दंतेवाड़ाह्यह्यह्य

कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र, सक्ती (छ.ग.)

क्रमांक 43 दिनांक 12/03/2024

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा श्री सुनील कुमार वर्मा पिता श्री पारसनाथ वर्मा द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत जांजगीर में मकान नं. HIG II STD/83 छ.ग. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटन आदेश क्रमांक 732/733 दिनांक 23.01.2013 द्वारा आबंटित किया गया है। जिसका आधिपत्य क्रमांक 2207 से 2210 दिनांक 03/03/2015 है। आवेदक द्वारा उक्त भवन को फ्री होल्ड करने हेतु आवेदन किया गया है। यदि किसी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था या अन्य को इस संबंध में कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि समाप्ति पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र सक्ती

न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202403201500006
अ-6/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमल कोर्राम पिता घुड़क कोर्राम जाति गांडा, निवासी आवासपारा पुसावंड, तहसील कांकेर जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला नहरपारा कोण्डागांव स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक 540/1 क्षेत्रफल 33X15=495 वर्गफीट भूमि राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत सन 1998 में 30 वर्षीय पट्टा शिवबती पिता घुड़ऊ के नाम पर दर्ज है। आवेदक की बहन स्व. शिवबती पिता स्व. घुड़ऊ दिनांक 31.10.2023 को मृत्यु हो चुका है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि से फौती का नाम खारिज कर स्वयं एवं अपनी बहन बिमला बाई नेताम का नाम दर्ज किए जाने हेतु तलवाना, 30 वर्षीय की छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 21.03.2024 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.03.2024 को जारी किया जाता है।

सील

नजूल अधिकारी
कोण्डागांव

आचार्य श्री के 50वें दीक्षा दिवस अवसर पर विविध कार्यक्रम

नगरी/नवप्रदेश/12 मार्च। हुक्म गच्छ के नवम नक्षत्र आचार्य श्री रामेश के दीक्षा के 50 वें वर्ष पर विभिन्न धार्मिक , सामाजिक एवं बौद्धिक विकास के कार्यक्रम पूरे भारतवर्ष में निरंतर गतिमान है इसी कड़ी में संघ सेवा के लिए सामाजिक गतिविधियों के अंतर्गत नगर में स्वास्थ्य शिविर , रक्तदान शिविर , जीवदयानम अन्नदानम ऐसे ही अनेक कार्यक्रमों को हमेशा संचालित करती हुई संस्था निरंतर सेवारत है ।श्री साधुमार्गी जैन संघ नगरी में बहुत ही सफल आयोजन अन्नदान महादान का 10 मार्च 2024 को हुआ, महतारी वंदन के लिए दूर-दूर से आए हुए महतारियों को तथा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा नगर में निकाली गई दर्शनीय व भव्य शोभायात्रा की भी सेवा का अवसर साधुमार्गी जैन संघ नगरी को प्राप्त हुआ । नगर के लोगों ने जो इस सेवा में हमें सहयोग प्रदान किया हम सभी के आभारी हैं । जरूरत के समय ऐसी व्यवस्थाओं के माध्यम से संघ का गौरव बढ़ जाता है।साथ ही साथ दान पेटी छत्तीसगढ़ उड़ीसा आंचल प्रमुख आदरणीय सुश्रावक संतोष जी खटोर एवं राजू जी बाफना रायपुर जिनका की भी विशेष सहयोग इस अन्नदानम कार्यक्रम मे रहा संघ आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता है। लगभग 3500 लोगों को ने इस कार्यक्रम के माध्यम से संस्था को सेवा का अवसर प्रदान किया। इस कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए संघ के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ । सभी सदस्यों का उत्साह देखते ही बना, विशेष मार्गदर्शन के रूप में श्री साधुमार्गी जैन संघ बीकानेर ,खुशी देवी छाजेड़ के साथ-साथ जैन समाज के सभी सदस्यों ने अपनी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष अमूल्य सेवाएं प्रदान की हम सभी का आभार व्यक्त करते हैं ।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, चांपा संभाग चांपा (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमाँक - 1503/NIT-35/2023-2024/व.ले.लि. चाम्पा, दिनाँक 11.03.2024

इस कार्य हेतु समय 01 माह वर्षा ऋतु सहित है, ठेकेदार की श्रेणी ''अ'' से ''द'' वर्ग है एवं निविदा प्रपत्र की कीमत रू. 750.00 है तथा यह प्रथम आमंत्रण है।

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 18/03/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 21/03/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 22/03/2024 अपरान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में)
35 T0289	Special Repair of R.C.C. Drain at Maldi Nandourkhurd Road Block Sakti in K.M. 3/8	10.00 7500.00 150000.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-08508/2

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग
चाम्पा संभाग चाम्पा (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र. 1259/न.पा./रा.वि./2023-24 दिनांक 13/03/2024

नामांतरम हेतु ईश्तहार-सूचना

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत इस कार्यालय के भाग पंजी अनुसार भवन या भूमि का भूमि नामांतरण हेतु निम्नांकित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं :-

अतः सूची में दर्ज भूमि/भवन नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति/दावेदार अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक .... से ..... तक (15 दिवस) के भीतर अपना दावा आपत्ति नगर पालिका मुंगेली कार्यालय में प्रमाणित दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

क्र.	क्रेता का नाम	विक्रेता का नाम	स्थान/वार्ड	खसरा नं.	रकबा
1	श्रीमती गौरी शंकर वर्मा	श्री शांतिलाल/स्व. मानमल	शिवाजी वार्ड	नजूल शी.क्र. 31क्षे.फ. 148.64 व.मी.	
2	श्री झुलेश्वर प्रसाद वर्मा	श्री शांतिलाल/स्व. मानमल	शिवाजी वार्ड	नजूल शी.क्र. 31 क्षे.फ. 139.35 व.मी.	
3	श्री नरेश कुमार दरड़ा	श्री हरेश कुमार दरड़ा	अंबेडकर वार्ड	760/79	1250 वर्गफुट
4	श्री सुमीत गुप्ता/विजय	श्री अजय/अनुज	परमहंस वार्ड	188/41	990 वर्गफुट
5	श्रीमती रूखमणी सिंह ठाकुर	श्री मनीराम/मिट्ठूराम	परमहंस वार्ड	973/10 में से	1500 वर्गफुट
6	श्री टेकेश्वर कुमार साहू	श्री अशोक कुमार गोवर्धन	तिलक वार्ड	248/19	1445 वर्गफुट
7	श्रीमती थानेश्वरी जांगड़े	श्रीमती सकुंतला लहरे	शिवाजी वार्ड	957/26	1260 वर्गफुट
8	श्री विकास सत्यापाल	श्री सेवाराम सत्यपाल	शिवाजी वार्ड	नजूल शी.क्र. 28 डी.भू.क्र. 49/6 क्षे.फ. 136 व.मी.	
9	श्री ओमप्रकाश सत्यापाल	श्री सेवाराम सत्यपाल	शिवाजी वार्ड	नजूल शी.क्र. 28 डी. भू.क्र. 49/9 क्षे.फ. 113 व.मी.	

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

न्यूज गैलरी

निर्माण कार्यों के लिए 3 लाख 20 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति

कवर्धा। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे द्वारा पंडरिया विधानसभा के निर्माण कार्य के लिए विधायक मद से 03 लाख 20 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कवर्धा को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। विधायक मद से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंडरिया ग्राम पंचायत लघान में सीसी रोड़ निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 20 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

अतिथि शिक्षक की भर्ती के लिए वॉक इन इन्टरव्यू 14 को

गरियाबंद। जिला प्रशासन, गरियाबंद द्वारा शासकीय वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद में प्रतियोगी परीक्षाओं (सी.जी.पी.एस.सी., व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रयास कोचिंग संचालित किया जा रहा है। उक्त कोचिंग में पंजीकृत विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास एवं कला संस्कृति, भारतीय भूगोल एवं अर्थशास्त्र, भारत का संविधान व सामान्य विज्ञान, पर्यावरण एवं समसामयिकी घटनाक्रम इत्यादि विषय के अध्यापन हेतु 06 माह की अवधि तक अतिथि शिक्षक की आवश्यकता है। उक्त शिक्षकीय कार्य हेतु अस्थायी रूप से योग्य व अनुभवी आवेदकों के लिए 14 मार्च 2024, गुरूवार को प्रातः 10.00 बजे से शासकीय वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद में वॉक इन इन्टरव्यू का आयोजन किया जायेगा। इच्छुक आवेदक उक्त तिथि को शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ उपस्थित हो सकते हैं। उक्त इन्टरव्यू पूर्व में 12 मार्च को आयोजित था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थागित किया गया है।

साहू समाज के नवनिर्मित भवन का विधायक साव ने किया लोकार्पण

भाटापारा। नगर साहू समाज के द्वारा स्थानीय भामाशाह चौक के पास साहू छात्रावास भवन में समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण विधायक इन्द्र साव द्वारा किया गया। इसी के साथ फिल्म मेरी माँ कर्मा (हिंदी धार्मिक फ़िल्म) जो छत्तीसगढ़ सहित देश के कई सिनेमा घरों में 05 अप्रैल 2024 को रिलीज होने जा रही है उसे पूरी तरह टैक्स फ्री करने की बात विधायक इंद्र साव ने की है। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने इस फिल्म का प्रचार करने व सभी वर्ग के लोगों को देखने का अनुरोध किया। इस दौरान फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक द्वय डी.एन. साहू एवं यू.के. साहू भी उपस्थित थे। विधायक इन्द्र साव ने अपने उद्बोधन में माता कर्मा के जीवन वृत्तांत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता कर्मा को साहू समाज की इष्ट देवी के रूप में पूजा जाता है। मां कर्मा को मारवाड़ की मीरा भी कहां जाता है। वे भगवान की अनन्य भक्त थी और श्री कृष्ण ने उन्हें साक्षात दर्शन दिये थे। इसको लेकर नगर के साहू समाज द्वारा एक कार्यक्रम भी यहां रखा गया था। जिसमें समाज के प्रबुद्ध लोगों ने हिस्सा लेते हुए, सभी ने एक स्वर में इस फिल्म को देखने व इसका प्रचार/प्रसार करने की सभी सामाजिक बंधुओं एवं सर्वसमाज के लोगों से अपील की। विधायक इन्द्र साव ने हिंदी फिल्म मेरी माँ कर्मा को टैक्स फ्री करवाने हेतु महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री छ.ग. शासन को पत्र लिखने की बात कही जिससे आम जन मानस माता कर्मा के जीवन चरित्र का अनुसरण कर सकें व माता कर्मा के जीवन वृत्तांत को जान सके।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्टार प्रचारक कृपाराम साहू, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक की हत्या, 3 आरोपी गिरफ्तार

■ ईलाज के दौरान कुछ देर बाद हो गई थी मृत्यु

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरा लड़का किशन साहू उर्फझिल्ली अपने दोस्तों के साथ मोटर सायकिल से काई तालाब की ओर गया हुआ था, जहां पर करीबन 3 बजे दोपहर रोहित, हरसु, अम्मु यादव, विन्नु तलकई व अन्य दो तीन लोग मिलकर मेरे लड़के किशन साहू उर्फ झिल्ली को पुरानी रंजिश को लेकर मां-बहन की गाली-गलौच करते हुए जान से मारने के लिए चाकू, हॉकी स्टीक, डंडा से घेरकर मारपीट किये। चाकू से सीना, पेट, पीठ, पर प्राणघातक चोट लगने पर ईलाज हेतु डायल 112 से पेंड्री अस्पताल, राजनांदगांव में लाकर ईलाज हेतु भर्ती किये थे, जहां ईलाज दौरान कुछ देर बाद मेरे लड़के की मृत्यु हो गयी। रिपोर्ट पर धारा 302, 34 भादंवि का अपराध पंजीबद्ध विवेचना में लिया गया। मामला गंभीर प्रकृति का होने से मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया। तत्काल ही पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में राजनांदगांव चौकी चिखली पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव की टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी दबिश दिया गया। घटना के बाद फरार आरोपियों के स्टेशन पारा में छिपे होने की विश्वस्त मुखबीर की सूचना पर स्टेशनपारा 16 खोली क्षेत्र में दबिश दी गयी। घेराबंदी कर 3 आरोपियों को पकड़ा गया, जिनसे पुछताछ करने पर अपना नाम पता अमित यादव उर्फ अम्मु पिता सतीश यादव, उर्फ सत्तु, उम्र 19, निवासी स्टेशनपारा, वार्ड नंबर-12 बुढ़ीमाई मंदिर गली, पुलिस चौकी चिखली, हर्ष बघेल उर्फ हर्षु पिता कमल बघेल, उम्र 19, निवासी स्टेशनपारा, 16 खोली, पुलिस चौकी चिखली, रोहित मंडावी पिता बलेश्वर मंडावी, उम्र 20 निवासी, स्टेशनपारा, वार्ड नंबर-12, पुलिस चौकी चिखली बताया तथा घटना को विन्नु तलकई एवं अन्य के साथ मिलकर करना बताये और घटना में प्रयुक्त हथियार धारदार चाकू, हॉकी स्टीक को जप्त कराया। बाद आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किय गया। प्रकरण के अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है

उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी चिखली उप निरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, सउनि शत्रुहन टंडन, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, समारूराम सर्पा, आरक्षक सिंधु सिन्हा, देवेन्द्र कुमार, सायबर सेल राजनांदगांव से सउनि सुमन कर्ष, प्रधान आरक्षक बसंत राव, आरक्षक मनीष वर्मा, जोगेश राठौर, अविनाश झा, हेमंत साहू का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

कृषक उन्नति योजना, जिले के किसानों को मिले 638 करोड़

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत 12 मार्च 2024 को राजनांदगांव जिले के 1 लाख 23 हजार 131 किसानों को उपार्जित धान के अंतर की राशि 638 करोड़ 23 लाख 84 हजार रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के बैंक खाते में अंतरित की गई। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि का वितरण एवं किसान मेला सह-प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन आज कृषि उपज मंडी राजनांदगांव में आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार जनता की सेवा करना जानती है। छत्तीसगढ़ वालों ने जो कार्य किया वह किसी अन्य राज्य ने नहीं की। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव की सरकार के माध्यम से किसानों के घर धन की बरसात हो रही है। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत का नाम गूंज रहा है। डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की घोषणा थी कि 21 वीं सदी का भारत युवाओं का होगा, वह आज परिलक्षित हो रहा है। भारत में दोनों राज्य छत्तीसगढ़ नंबर वन और मध्यप्रदेश नम्बर दो पर स्थित है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कृषक उन्नति योजना की राशि रिमोट का बटन दबा कर 24.75 लाख किसानों के बैंक खाते में अंतरित किया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक और गारन्टी आज पूरी हुई। राज्य स्तरीय कृषक उन्नति योजना का मुख्य कार्यक्रम का आयोजन बालोद में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से यहां जुड़े और रिमोट का बटन क्लिक कर किसान उन्नति योजना की राशि को किसानों के खाते में अन्तरित किया। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ का ऐतिहासिक दिन है। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के अंतर की राशि का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषक उन्नति योजना से किसानों के जीवन में परिवर्तन आयेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महतारी वंदन योजना के तहत राज्य की 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में अंतरित की गई है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत 18 लाख परिवारों का पक्का मकान दिलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर राज्य के किसानों को दो साल का बोनस देने का निर्णय लिया गया था, जिसे पूरा किया गया है। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में आज छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार किसानों, श्रमिकों, महिलाओं की सरकार है। राज्य सरकार ने अपना वादा निभाते हुए महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खाते में प्रतिमाह एक हजार रूपए की राशि का भुगतान करना शुरू कर दिया है।

29 मवेशियों को बुचड़ खाना ले जाते हुए तस्करों को पकड़ने में पुलिस हुई सफल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु. अधिकारी डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन, थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल के नेतृत्व मवेशी तस्कारों के खिलाफ लगातार कार्यवाही किया जा रहा था। इसी तारतम्य में 12 मार्च 2024 के रात्रि में डोंगरगांव थाना क्षेत्र की ओर से थाना गैंदाटोला क्षेत्र होते महाराष्ट्र सीमा पार करने जा रही ट्रक 6 चक्का अशोक लिलैंड को गौरक्षा दल के द्वारा रोकने हेतु पीछा कर रहे थे, जो मवेशी तस्कर मवेशी भरे वाहन को थाना गैंदाटोला के ग्राम सागर के पास रोड में रोककर मौके पर छोड़कर रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। छत्तीसगढ गौरक्षा दल अध्यक्ष मनोज जंघेल वाहन ट्रक के रिपोर्ट पर वाहन में 29 नग मवेशी को ठूंस-ठूंस कर भरकर, क्रूरता पूर्वक बिना चारा-पानी दिये महाराष्ट्र की ओर बुचड़ खाना ले जाते 29 नग मवेशी एवं 1 वाहन जुमला कीमती 20,29,000 रूपए कीमती को जप्त कर, थाना गैंदाटोला के द्वारा फरार आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध धारा-4, 6, 10 छग कृषि प.परि.अधि. 11 पशु क्रूरता अधिनियम का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। फरार आरोपी तथा पशु तस्करी के अपराध में सलिप्त अन्य व्यक्तियों का पता-तलाश किया जाकर विधिवत गिरफ्तारी कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर ने महिला कर्मचारियों से कार्यों में आ रही दिक्कत व समस्याओं की ली जानकारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में सरकारी महिला अधिकारी-कर्मचारियों की समस्याओं को सुनने बैठक आयोजित की। इस महत्वपूर्ण मीटिंग में तात्पर्यता को दिखाते हुए समस्याओं का समाधान करने के लिए कदम उठाए जाएँगे। कलेक्टर ने बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया।

उन्होंने महिलाओं से सरकारी कामकाज की जानकारी लेते हुए काम में आ रही दिक्क़त समस्याओं के साथ व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। बैठक में डिप्टी कलेक्टर, उप संचालक, समाज कल्याण, तहसीलदार, नायाब तहसीलदार खनिज, नान, स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत महिला आदि से लेकर विभिन्न विभागों में पदस्थ और महिला एवं बाल विकास की महिला सुपरवाइज़र उपस्थित थी। कलेक्टर ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य महिला अधिकारी कर्मचारियों के कामकाज के साथ काम में आ रही दिक़्क़त और समस्याओं को जानना था। जिससे कामकाज में पढ़ने वाले विपरीत प्रभाव को दूर किया जा सकें। वैसे आप सब अच्छा कार्य कर रहे हैं। किसी प्रकार की समस्याओं तो उन्हें अवगत करा सकते हैं। आगामी दिनों में लोकसभा निर्वाचन है तो ज़ाहिर है निर्वाचन संबंधी समय सीमा का कार्य भी होगा।

लोस चुनाव में भूपेश को जीताने का निर्णय : सूर्यकांत

■ कांग्रेस की हुई प्रथम बूथ बैठक में निर्णय

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रत्याशी बनाने से राजनांदगांव के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। 11 मार्च को प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन द्वारा ब्लॉक के सभी बूथों में वार्डवार बूथ कमेटियों की बैठक प्रारंभ कर दी गई है, जिसमें प्रथम बैठक गुरु घासीदास वार्ड क्रमांक 40 में बूथ क्रमांक 124 से प्रारंभ की गई। बैठक में बूथ कमेटी के सभी सदस्यों को हमारे लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने पर बधाई दी गई। बैठक में सभी सदस्यों को उनके बूथ प्रबंधन के कार्यों की जिम्मेदारी ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन द्वारा दी गई। बूथ कमेटी के सभी सदस्यों ने लोकसभा चुनाव में अपने बूथ में कड़ी मेहनत कर जीत दिलाने का भरोसा दिलाया है। ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि राजनांदगांव की आवाज को दिल्ली में भारत की लोकसभा में उठाने के लिए, युवाओं को रोजगार, महिलाओं के सशक्तिकरण और छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बचाने के लिए हमें कड़ी मेहनत करके लोकसभा में कांग्रेस के लोकप्रिय प्रत्याशी भूपेश बघेल को प्रचंड मतों से जीतने की अपील बैठक में की गई।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मरवाही, मुख्या. पेण्ड्रा, जिला- जी.पी.एम. (छ.ग.)

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक :-11/2024 (प्रथम आमंत्रण)

क्रमांक/273/निविदा/ग्रायांसेवा/ 2023-24 पेण्ड्रा, दिनांक 07.03.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाी के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) द वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिक सेवा द्वारा जारी कर अनुसूची दिनांक 01.11.2021 मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर आफलाईन (Offline) निविदा फार्म ए प्रतिशत दर पर दिनांक 21.03.2024 तक आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का नाम एवं स्थान	ठेके की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
1	रेशम केन्द्र गिरवर में चैन लिंग तार फेसिंग का कार्य	20.00
2	शा.रा.शा. पथर्रा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य मरवाही	7.04

2. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट- 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी वेबसाईट http://res.cg.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में उपस्थित होकर दिनांक 11.03.2024 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
जी-08481/3 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मरवाही

विजय बघेल के सामने कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू की हार निश्चित : नितेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों की घोषणा के बाद अब कांग्रेस से राजेन्द्र साहू व भाजपा से विजय बघेल के बीच होगा चुनावी मुकाबला। आगामी लोकसभा चुनाव राजनीति सियासी पर बेमेतरा भाजयुमो नेता दाऊ नितेश सोनी ने अपने बयान जारी करते हुए कहा कि दुर्ग लोकसभा से राजेन्द्र साहू जिसे कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी घोषित किया हैं, जो कि पुरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के लिए नए प्रत्याशी हैं पूर्व में उन्हें विधानसभा चुनाव में भी हार का सामना करना पड़ा व दुर्ग लोकसभा सहित प्रदेश की जनता ने कांग्रेस सरकार की पांच साल का कार्यकाल देखा हैं।

कांग्रेस के कार्यकाल में राजेन्द्र साहू प्रदेश के महामंत्री भी रहे हैं, जिसे कांग्रेस पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया हैं। आपको बता दे काँग्रेस की सरकार ने जनता के साथ भेदभाव किया हैं और विकास को पूर्ण रूप से रोकने का काम किया हैं, जनता पूरी तरह त्रस्त हो चुकी थी, जिसका जवाब विधानसभा चुनाव में जनता ने भाजपा पर विश्वास जताते हुए दिया हैं व अब लोकसभा चुनाव में भी जनता उन्हें जवाब देने को पूर्ण रूप से तैयार है। क्षेत्र की जनता को देश के प्रधानमंत्री मोदी और दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल पर पूर्ण विश्वास हैं। विजय बघेल के 5 वर्षो का कार्यकाल लोकसभा क्षेत्र की जनता ने देखी हैं।

चुनाव को हल्के में न लेवें कार्यकर्ता : संतोष पाण्डेय

दुश्मन को कमजोर समझने की गलती न करें, लीड डबल करने का हो प्रयास

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर के यादव भवन में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें पहुंचे वर्तमान सांसद तथा भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं को जमकर चार्ज किया।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा

-:: संक्षिप्त ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना-20/2023-24 (प्रथम आमंत्रण) ::-

क्रमांक/353/व.ले.लि./ग्रायसेवा/2023-24 अम्बिकापुर, दिनांक 11.03.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन (Online) निविदा दिनांक 27.03.2024 तक आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	ऑन लाइन निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जनपद पंचायत	निविदा राशि (लाख में)
1	2	3	4	6
1	153976	03 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण मा.शा. खर्राडांड।	लखनपुर	21.23
2	153980	03 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण हाई स्कूल खड़गांव ।	मैनपाट	21.23
3	153981	03 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण मा.शा. उड़ूमकेला ।	मैनपाट	21.23
4	153982	03 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण मा.शा. जामडीह।	मैनपाट	21.23
5	153983	03 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण प्रा.शा. सलाईनगर।	मैनपाट	21.23
6	153984	03 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण प्रा.शा. ढाबपारा।	मैनपाट	21.23
7	153985	03 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण मा.शा. ढकनापारा।	मैनपाट	21.23
8	153986	03 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण मा.शा. महारानीपुर।	मैनपाट	21.23
9	153987	03 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण मा.शा. भेलतराई।	मैनपाट	21.23
10	153988	03 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण प्रा.शा. केसरा एवं 02 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण प्रा.शा. जंगलपारा।	मैनपाट	35.35
11	153989	03 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण मा.शा. रोपाखार एवं 02 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण प्रा.शा. सपनादर।	मैनपाट	35.35
12	153990	03 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण मा.शा. कदनई एवं 02 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण प्रा.शा. नरकट।	मैनपाट	35.35
13	153991	03 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण मा.शा. रजखेता एवं 02 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण प्रा.शा. पतरापारा।	मैनपाट	35.35
14	153992	02 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण प्रा.शा. सुपलगा एवं प्रा.शा. गंगझार।	मैनपाट	28.24
15	153993	02 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण प्रा.शा. कोरवापारा।	मैनपाट	14.12
16	153994	01 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण हाई स्कूल बौरीपारा अम्बिकापुर।	अम्बिकापुर	6.53
17	153995	01 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण हाई स्कूल कोरिमा एवं पसेना।	लुण्ड्रा	13.06
18	153996	01 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण हाई स्कूल गणेशपुर, कुसू एवं चांदो।	लखनपुर	19.59
19	153997	01 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल डांडगांव, केदमा एवं खम्हरिया।	उदयपुर	19.59
20	153998	कायस्थ समाज हेतु सामाजिक भवन का निर्माण अम्बिकापुर।	अम्बिकापुर	13.97

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 11.03.2024 से देखी जा सकती है।

टीप :- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 28.03.2024 सायं 5.30 तक कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अम्बिकापुर जिला सरगुजा अम्बिकापुर में पहुंचना अनिवार्य है।

(आर.पी.कुटार)
कार्यपालन अभियंता
जी-08512/6 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अम्बिकापुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)

पता- पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग, कक्ष क्र. 18, कलेक्टोरेट के सामने, Email ID-eebil-phe-cg@gov.in

:: ई प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा सूचना ::

जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल प्रदाय कार्य हेतु नलकूप खनन कार्य की ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	निविदा क्र. /दिनांक/ सिस्टम क्र.	कार्य का नाम	कार्य की लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि रु. में
1	71/11.03.24/153828 ग्रुप-01 के 150	विकासखण्ड बिल्हा के अंतर्गत ग्रामों में 150 मि.मी व्यास मीटर गहरे 40 नग नलकूप खनन कार्य।	64.40	48500.00
2	72/11.03.24/153829 ग्रुप-02	विकासखण्ड बिल्हा के अंतर्गत ग्रामों में 150 मि.मी के 180 व्यास मीटर गहरे 76 नग नलकूप खनन कार्य।	139.84	105000.00
3	73/11.03.24/153830 ग्रुप-01	विकासखण्ड मस्तूरी के अंतर्गत ग्रामों में 150 मि.मी व्यास के 150 मीटर गहरे 60 नग नलकूप खनन कार्य।	96.60	73000.00
4	74/11.03.24/153831 ग्रुप-02	विकासखण्ड मस्तूरी के अंतर्गत ग्रामों में 150 मि.मी व्यास के 180 मीटर गहरे 25 नग नलकूप खनन कार्य।	46.00	35000.00
5	75/11.03.24/153833 ग्रुप-01	विकासखण्ड तखतपुर के अंतर्गत ग्रामों में 150 मि.मी व्यास के 150 मीटर गहरे 45 नग नलकूप खनन कार्य।	72.45	55000.00
6	76/11.03.24/153834 ग्रुप-02	विकासखण्ड तखतपुर के अंतर्गत ग्रामों में 150 मि.मी व्यास के 180 मीटर गहरे 50 नग नलकूप खनन कार्य।	92.00	70000.00
7	77/11.03.24/153835 ग्रुप-01	विकासखण्ड कोटा के अंतर्गत ग्रामों में 150 मि.मी व्यास के 150 मीटर गहरे 80 नग नलकूप खनन कार्य।	128.80	97000.00
8	78/11.03.24/153837 ग्रुप-02	विकासखण्ड कोटा के अंतर्गत ग्रामों में 150 मि.मी व्यास के 150 मीटर गहरे 60 नग नलकूप खनन कार्य।	96.60	73000.00
9	79/11.03.24/153838 ग्रुप-03	विकासखण्ड कोटा के अंतर्गत ग्रामों में 150 मि.मी व्यास के 150 मीटर गहरे 60 नग नलकूप खनन कार्य।	96.60	73000.00
10	80/11.03.24/153840 ग्रुप-03	विकासखण्ड तखतपुर के अंतर्गत ग्रामों में 150 मि.मी व्यास के 180 मीटर गहरे 45 नग नलकूप खनन कार्य।	82.80	61000.00
11	81/11.03.24/153844 ग्रुप-04	विकासखण्ड कोटा के अंतर्गत ग्रामों में 150 मि.मी व्यास के 150 मीटर गहरे 50 नग नलकूप खनन कार्य।	80.50	61000.00

ऑनलाईन निविदा की अन्य विवरण एवं विस्तृत जानकारी छ.ग. शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https:\\eproc.cgstate.gov.in दिनांक 13.03.2024 सुबह 11.00 बजे से तथा दिनांक 31.03.2024 समय 17.30 बजे तक बीड डाले जा सकते हैं एवं अन्य विवरण कार्यालायीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.) में देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
जी-08460/5 बिलासपुर (छ.ग.)

बेरला में हुआ महतारी वंदन सम्मेलन सह अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

बेमेतरा/नवप्रदेश। छग शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में से प्रमुख महतारी वंदन योजना अंतर्गत वर्चुवल राशि अंतरण कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा किये जाने हेतु महतारी वंदन सम्मेलन सह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन दिनांक बीते दिवस को सामुदायिक भवन प्रागंण नगर पंचायत बेरला में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक बेमेतरा दीपेश साहू व पूर्व विधायक अवधेश चंदेल के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में अतिथियों में राहुल टिकरिहा सभापति जिला पंचायत बेमेतरा, श्रीमती पुष्पा टंकेश साहू जिला पंचायत सदस्य, बलराम पटेल मंडल अध्यक्ष बेरला, यशवंत वर्मा मंडल अध्यक्ष भिंभौरी, श्रीमती संध्या परगनिहा, मानक चतुर्वेदी पार्षद, शिवझड़ी सिन्हा पार्षद, श्रीमती लक्ष्मीलता वर्मा पार्षद, श्रीमती चितरेखा साहू पार्षद, कन्हैया सेन, राघो सिन्हा, आनंद यादव, पुरषोत्तम यादव, राजू जायसवाल उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया।

■ न्यूज गैलरी

अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय ने पदभार संभाला

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के नए अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही नवपदस्थ अपर कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारियों का परिचय प्राप्त किया। निष्ठा पाण्डेय तिवारी 2013 बैच के अधिकारी है। उनका स्थानांतरण अपर कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ से अपर कलेक्टर मुंगेली हुआ है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में पदस्थ रहे अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले के स्थान पर अपर कलेक्टर को कार्यभार सम्भाल रहे है। श्री पाटले का स्थानांतरण मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी अपर कलेक्टर के पद पर हुआ है।

जेईई, सीयूईटी यूजी, नीट यूजी एवं बीएससी नर्सिंग की नि :शुल्क कोचिंग 22 से

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश के किसी भी जिले के शासकीय अशासकीय शालाओं में नियमित रूप से 12वी में अध्ययनरत या 12वीं गणित एवं विज्ञान संकाय में उत्तीर्ण जेईई, सीयूईटी यूजी, नीट यूजी एवं बीएससी नर्सिंग परीक्षा की तैयारी करने वाले प्रतिभावान छात्रों के लिए डॉ. भीमराव आम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित डॉ. बीआरएएस मास्टर की एकेडेमी डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में 45 एवं 75 दिवसीय निःशुल्क क्रैश कोर्स कोचिंग 22 मार्च से दी जाएगी। दूर से आने वाले छात्र-छात्रा भोजन व्यय जमा कर आवासीय सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा फार्म भरने वाले इच्छुक छात्र-छात्रा या अभिभावक निःशुल्क क्रैश कोर्स कोचिंग एवं विस्तृत जानकारी के लिए मो नम्बर 9303901651 में संपर्क कर सकते हैं।

हाइवे किनारे मिली अधजली लाश

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ती जिले में हाइवे किनारे संदिग्ध हालत में अधजली लाश मिली है। शव की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। युवक की हत्या कर शव को जलाए जाने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, ग्राम मसनियाकलां में शनिवार को हाईवे किनारे एक अधजला शव मिला। शव पर ग्रामीणों की नजर पड़ी तो उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी।शव मिलने की सूचना पर डीएसपी अंजली गुप्ता और सक्ती थाना प्रभारी विवेक शर्मा घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर डॉग स्क्वॉड की टीम को भी बुलाया गया। सक्ती थाना प्रभारी विवेक शर्मा ने बताया कि हाइवे किनारे मिले शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। आम जनता से अपील की है कि मृतक के संबंध मे किसी को कोई जानकारी मिले तो इन नंबरों 7587095677, 9098916445, 9479274992 पर संपर्क कर सूचना दें। पुलिस मामले की जांच मे जुटी हुई है।

प्रेमदास देवांगन का निधन

मुंगेली/नवप्रदेश। शंकर वार्ड निवासी नगर के प्रतिष्ठित सेवानिवृत्त शिक्षक प्रेमदास देवांगन का 83 वर्ष की उम्र में आज 12 मार्च को निधन हो गया। वे रघुराज, लक्ष्मण, महेन्द्र, शुभद्रा, गायत्री देवांगन के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 13 मार्च बुधवार को किया जायेगा।

स्वास्थ्य मिशन के पदों पर संविदा भर्ती आवेदन 28 तक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ अंतर्गत जिला आरओपी वर्ष 2022.24 में स्वीकृत मानव संसाधनों सेवा प्रदाता एवं कार्यकम प्रबंधकीय पदों हेतु संविदा भर्ती किये जाने के संबंध में अनुमति प्रदान की गई है।

कृषि उन्नति योजना की राशि 512 करोड़ किसानों के खाते में अंतरित

कृषि उपज मंडी परिसर व पथरिया के उन्मुक्त खेल मैदान कार्यक्रम, मोहले हुए शामिल

मुंगेली/नवप्रदेश। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी कृषक उन्नति योजना के तहत आज जिले के 01 लाख 01 हजार 954 किसानों के बैंक खाते में 512.23 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बालोद जिला मुख्यालय से रिमोट का बटन दबाकर प्रदेश के 24 लाख 75 हजार पंजीकृत किसानों के खाते में 13 हजार 320 करोड़ रूपए अंतरित की और वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए किसानों को बधाई दी।

कृषक उन्नति योजना के तहत जिला मुख्यालय मुंगेली के आदर्श कृषि उपज मंडी परिसर तथा पथरिया के उन्मुक्त खेल मैदान में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुंगेली के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद लखनलाल साहू शामिल हुए। उन्होंने कृषक उन्नति योजना के तहत आदान सहायता राशि मिलने पर किसानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। कृषक उन्नति योजना के तहत आज जिले के 01 लाख 01 हजार 954 किसानों के बैंक खाते में 512.23 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की गई, जिसमें मुंगेली विकासखण्ड के 36 हजार 56 किसानों के खाते में 189.81 करोड़ रूपए, पथरिया विकासखण्ड के 26 हजार 983 किसानों के खाते में 151.22 करोड़ रूपए और लोरमी विकासखण्ड के 38 हजार 915 किसानों के खाते में 171.20 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की गई। इस अवसर पर किसानों को चेक एवं महिलाओं को राशन कार्ड का वितरण किया गया।

महतारी वंदन योजना की नहीं मिली राशि

लाखों महिलाओं की भावनाओं से सरकार कर रही खिलवाड़-स्वतंत्र

मुंगेली/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना के तहत जिले 02 लाख 14 हजार 452 हितग्राही पात्र विवाहित महिलाओं को 01 हजार रूपए प्रतिमाह दिया जाएगा।10 मार्च को जिला मुख्यालय स्थित आदर्श कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन में डीबीटी के माध्यम से प्रथम किश्त की राशि अंतरित की। जिसमे अब हजारों महिलाओं के खाते में अब तक पैसा नहीं आया है।

कांग्रेस के शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने कहा कि महतारी वंदन योजना के नाम पर प्रदेश के साय सरकार ने लाखों महिलाओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। पात्रता सूची में नाम आने के बाद भी कई महिलाओं के बैंक खाते में राशि नहीं पहुंची है।उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना भी अन्य घोषणाओं की तरह सिर्फ जुमला साबित हुआ है।श्री मिश्रा ने कहा कि साय सरकार ने प्रदेश के 70 लाख महिलाओं के खाते में राशि डालने का दावा किया था।लेकिन, लाखों हितग्राही के खातों में राशि ही नहीं पहुंची है। महिलाएं बैंक दफ्तरों का चकर लगा रही है। अनेक बुजुर्ग माताओं को सुबह से बैंकों के सामने बैठी हुई देखे जा सकते हैं, राशि आने की उम्मीद पर वे खाते की जांच व एंट्री करा रहे हैं, लेकिन राशि नहीं आने की जानकारी मिलने से वे मायुस लौट रही है। योजना के लाभ से लाखों महिला वचित हो गई है फिर ऐसे में कैसे मोदी की गारंटी पूरा हुआ। श्री मिश्रा ने कहा कि जिन महिलाओं को राशि नहीं मिली वे प्रदेश सरकार व मोदी सरकार को कोश रही हैं, इसके अलावा जिनके खाता में पैसा पहुंचा है उन्हें मात्र 1000 रु मिला है,जबकि जनवरी-फरवरी और मार्च 3 महीने की एक मुश्त 3000 रु की राशि प्रथम किस्त में महिलाओं के खाता में जमा होना था।श्री मिश्रा ने कहा कि महतारी वंदन योजना के नाम से साय सरकार महिलाओं को सिर्फ दफ्तरों के चक्कर लगवाते रही है, और आगे भी दफ्तरों के चक्कर लगवाने की इनकी मंशा है। लोकसभा चुनाव के बाद अभी जिन महिलाओं के खाता में 1000 रु ट्रंसफर किया गया है उन महिलाओं को भी इस योजना से वंचित कर दिया जाएगा। इस योजना में जिस प्रकार से नियम शर्ते लगाई गई हैउसे प्रदेश के लाखों महिला बाहर हो जाएंगे।जिन महिलाओं को पहले से वृद्धा पेंशन, परित्यक्ता पेंशन और अन्य योजनाओं के अंतर्गत कांग्रेस सरकार के दौरान जो पेंशन मिलता रहा है,उन्हे योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा।उनकी राशि में कटौती की जा रही।

संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

मुंगेली/नवप्रदेश। शैक्षणिक गुणवत्ता एवं लेखन कौशल में सुधार हेतु वार्षिक ऐकेडमी प्रतियोगिता संकुल केंद्र दाबो में संकुल स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में धारा प्रवाह पठन, लेखन, गणितीय संक्रियाएं, पहाड़ा एवं अंग्रेजी में परिचय के बिंदुओं के माध्यम से शाला से चयनित बच्चों का संकुल स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न हुआ। संकुल केंद्र दाबो में 6 प्राथमिक शाला एवं दो पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से कु. अंजलि बंजारे, आयुष गेंदले एवं दीपांशु टंडन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा चौथी में कुमारी दामिनी गेंदले, दक्ष मानिकपुरी, कुमारी दामिनी यादव ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवी में कुमारी भाग्यश्री बंजारे, वत्सल सिंह, आर्यन दिवाकर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा छठवीं में कुमारी अनामिका, कुमारी रिंकी चैहान ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं में दुर्गेश साहू ने प्रथम एवं कुमारी वर्षा टंडन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं में कुमारी रोशनी पात्रे एवं कुमारी रामेश्वरी साहू ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान पर चयनित विद्यार्थियों का क्लब स्तरीय प्रतियोगिता 14 मार्च को शासकीय प्राथमिक शाला मदनपुर में संपन्न होना है। क्लब स्तरीय प्रतियोगिता में संकुल केंद्र दाबो, फास्टरपुर, सेमरकोना, सेतगंगा के संकुल से चयनित बच्चे भाग लेंगे। क्लब स्तरीय चयनित बच्चों विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता निभाएंगे। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता को सफल बनाने में शैक्षिक समन्वयक रामेश्वर प्रसाद साहू, केल्विन तिग्गा, अंजूराम सप्रे, विजय कुमार जयश्री, देवेन्द्र परिहार, श्रीमती कांति टंडन, युगलचंद सोनवानी, लेखराम साहू, संतोष कुमार साहू, राधेश्याम साहू, श्रीमती रूपरेखा शर्मा, देव प्रसाद पात्रे, कुलदीप दिवाकर का विशेष योगदान रहा।

117 सहायक शिक्षक पदोन्नत

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के 117 सहायक शिक्षकों को 18 से 22 वर्षों बाद प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति मिला। शिक्षकों को ओपन काउंसलिंग करके स्कूल की जिम्मेदारी दी गई। सहायक शिक्षकों की पदोन्नति कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्पन्न हुआ है। पदोन्नति को ओपन काउंसलिंग के माध्यम से निष्पक्ष और पूरी पारदर्शिता के साथ करने के कारण संयुक्त शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत जडेजा ने जिला शिक्षा अधिकारी जीआर चतुर्वेदी को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीईओ चतुर्वेदी ने कहा कि वर्षों से पदोन्नति की राह देख रहे सहायक शिक्षको का यह अधिकार था जो उन्हें प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नति के साथ मिला है। शासन के दिशा निर्देश पर ओपन काउंसलिंग करके भ्रष्टाचार पर लगाम लगाया है। इस अवसर पर एपीसी यूके शर्मा, अशोक कश्यप, बीआरसीसी लोरमी डीसी डाहिरे उपस्थित थे।

वीवीपीएट हैंड्सऑन की दी गई जानकारी

जिला व विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन हेतु जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रथम चरण प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सरगुजा विलास भोस्कर, उपजिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा नूतन कुमार कंवर, प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर नीरज कौशिक, स्वीप एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी गिरीश गुप्ता, जिला पंचायत के एपीओ सीके मिश्रा, डॉ. प्रशांत शर्मा उपस्थित थे।

राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स डॉ. राजकमल मिश्रा, डा. एस एन पांडे, डॉ. अनिल सिन्हा, डॉ. संजीव लकड़ा और डॉ. नीलाभ कुमार के द्वारा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षकों के द्वारा वीवीपीएटी की हैंड्सऑन प्रशिक्षण दिया गया तथा निर्वाचन से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी लिफाफे के साथ.साथ प्रपत्र 17 एवं पीठासीन अधिकारी की डायरी के सम्बन्ध में बताया गया। मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण कार्यशाला में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री भोस्कर ने मास्टर ट्रेनर से आगामी लोकसभा निर्वाचन में पीठासीन अधिकारियों, मतदान अधिकारियों को सभी तकनीकी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी देने कहा। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों से कई तकनीकी प्रश्न पूछ कर प्रशिक्षण पर फीडबैक भी लिया।

वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना की ऑनलाइन शुरुआत

प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली किया पिट लाइन का शिलान्यास

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूरे देश में रेलवे कारखानाए लोको शेड, पिट लाइन्स, कोचिंग डिपो, नई रेल लाइन सहित विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें अंबिकापुर रेलवे स्टेशन पिट लाइन कार्य का शिलान्यास भी शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 34 करोड़ की लागत से इस पिट लाइन का कार्य किया जायेगा। इसके साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अंबिकापुर रेलवे स्टेशन पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल लांच किया। बता दें कि छत्तीसगढ़ के रेलवे स्टेशन पर 34 वन स्टेशन वन प्रोडक्ट एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल लांच किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा देश में रेलवे कारखाना, लोको शेड, पिट लाइन्स, कोचिंग डिपो, नई रेल लाइन सहित विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया। साथ ही रेल लाइनों का दोहरीकरण, रेल खंडों का विद्युतीकरण, डिजिटली कंट्रोल्ड स्टेशन, एक स्टेशन एक उत्पाद, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र सौर ऊर्जा संचालित स्टेशन तथा भवन का लोकार्पण और नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में रेल प्रशासन अंबिकापर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, पूर्व संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज, एसपी विजय अग्रवाल, ललनप्रताप सिंह, करता राम गुप्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जोनल और जिला रेलवे समिति के सदस्यए चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रतिनिधि, एनजीओ व पीएम विश्वकर्मा योजना में चिन्हांकित 18 वर्गों के कारीगर उपस्थिति रहे।

आयोजन | कार्यक्रम में राशि चेक और राशनकार्ड का वितरण

50 हजार से अधिक किसानों के खाते में आए 291 करोड़

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक और गारन्टी छत्तीसगढ़ राज्य में पूरी हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मंगलवार को कृषक उन्नति योजना के तहत समर्थन मूल्य से अन्तर की राशि का अन्तरण जिला बालोद में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किसानों के खातों में किया गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों से खरीफ विपणन वर्ष 2023.24 में 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान का उपार्जन किया गया है और इसी कड़ी में समर्थन मूल्य से अन्तर की राशि का अन्तरण कृषक उन्नति योजना के तहत किया गया।

इस क्रम में अम्बिकापुर के कृषि विज्ञान केंद्र में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, पार्षद आलोक दुबे, कलेक्टर विलास भोस्कर, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नूतन कुमार कंवर, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी सहित हितग्राही कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में खरीफ विपणन वर्ष 2023.24 हेतु जिले के कुल 50518 किसानों से 317987 मीट्रिक टन धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की गई है। कृषक उन्नति योजना के तहत सरगुजा जिले में 50518 कृषकों को धान के समर्थन मूल्य में अंतर की राशि 291.59 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण किया गया। इस अवसर पर प्रतिकात्मक रूप से हितग्राही किसानों को उनके खाते में आने वाली राशि के चेक वितरण किए गए। साथ ही महिला हितग्राहियों को राशनकार्ड का भी वितरण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर जिले के समस्त कृषकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक और गारंटी आज पूरी होने जा रही है। जब से छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार बनी हैए आमजनों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला है। धान बोनस की राशि का वितरणए आवास की स्वीकृति एवं राशि जारीए और अब महतारी वंदन योजना के तहत सभी महिलाओं को प्रतिमाह एक.एक हजार रुपए की राशि दी जा रही है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के किसानों से 3100 रूपए क्विंटल की दर से धान खरीदी की गारंटी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की कृषक उन्नति योजना का प्रदेशव्यापी शुरूआत हुई है। राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2023.24 में राज्य के 24.72 लाख किसानों से 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की गई जिसके एवज में किसानों को 31 हजार 914 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। किसानों को धान के मूल्य में अंतर की राशि 13 हजार 320 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है।

किसान मोहर के फोन पर आया खुशियों का नोटिफिकेशन

मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा समर्थन मूल्य की अंतर राशि के अंतरण के कुछ समय बाद ही किसानों के फोन पर मैसेज की घंटी बजने लगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल ग्राम कोटेया के किसान मोहर साय ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए तुरंत अपने फोन पर आए राशि के मैसेज को दिखाया। उनके खाते में लगभग 29 हजार रुपए आए हैं। उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2023.24 में 32 क्विंटल धान विक्रय किया था।

कृषक उन्नति योजना का उद्देश्य

इस योजना का उद्देश्य फसल क्षेत्राच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करने एवं फसल के कास्त लागत में कमी लाकर कृषकों के आय में वृद्धि तथा उनके सामाजिक-आर्थिक स्तर में सुधार करना है। साथ ही कृषकों को उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, मानव श्रम, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीक में निवेश को प्रोत्साहित करना और कृषि को लाभ के व्यवसाय के रूप में पुर्नस्थापित करने के उद्देश्य से कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की गई है।

न्यूज गैलरी

भाई पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को दस साल की सजा

खैरागढ/नवप्रदेश । भाई के ऊपर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को अपर सत्र न्यायालय द्वारा दस साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है । साल भर पूर्व छूईखदान ब्लाक के पंडरिया मे भूपेन्द्र जंघेल पर उसके भाई आरोपी तजेश्वर जंघेल ने जमीन संबंधी बंटवारे विवाद सहित पूर्व की रंजिश के चलते धार दार हथियार चाकू से गला पेट, कोथे मे गंभीर हमला कर दिया था । गंभीर घायल भूपेन्द्र को आनन फानन मे छूईखदान अस्पताल मे प्राथमिक इलाज के बाद निजी अस्पताल रिफर किया गया था । छूईखदान पुलिस ने मामले मे त्वरित कार्यवाही कर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया था । अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रकुमार कश्यप ने मामले मे गवाहो के बयान और न्यायालय मे प्रस्तुत अभियोग पत्र के बाद मामले को प्रमाणित पाते आरोपी को दोषसिद्ध ठहराते आरोपी तजेश्वर जंघेल को गंभीर कृत्य करने, अपराध की गंभीरता को देखते धारा 307 के तहत दोषसिद्धि पर दस वर्ष सश्रम कारावास दो हजार रू अर्थदंड और 2 माह का व्यतिक्रम के दंडादेश की सजा सुनाई । प्रकरण मे अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक अल्ताफ अली ने पैरवी की ।

पद्मावतीपुर स्कूल में न्योता भोज में बच्चों ने लिया खीर-पुड़ी का आनंद

खैरागढ/नवप्रदेश । जिले के पद्मावतीपुर संकुल केन्द्र अंतर्गत शासकीय पूर्व मा शाला पद्मावतीपुर में शिक्षक मनहरण लाल चंदेल के जन्मदिन के उपलक्ष में न्यौता भोज का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी एफ आर केसरिया, उपसंचालक रश्मि खरे जिला खेल अधिकारी कन्हैया पटेल सहित शिक्षा समिति के सदस्यों की उपस्थिति में स्कूल के बच्चों को चावल, दाल, सब्जी, खीर ,पुरी के साथ पापड़, फल व मिठाई का वितरण किया गया। सरपंच जैनेंद्र जंघेल ने बताया कि शासन द्वारा जारी जन जागरूकता अभियान के तहत कोई भी व्यक्ति अपने जन्मदिन व अन्य अवसर पर अपने नजदीकी स्कूल मे ब%चों को गुणवत्तायुक्त भोजन करा सकते हैं जिससे छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल सके साथ ही मध्यान भोजन योजनान्तर्गत मिल रही भोजन का निगरानी भी अच्छे से हो सकेगी ।

एकमुश्त मिली अंतर की राशि, किसानों के खिले चहरे

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। मोदी की गारंटी एवं विष्णु का सुशासन को परिभाषित करते हुए आज कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को एकमुश्त अंतर की राशि प्रदान किया गया। जिससे जिले के किसान बेहद ही गदगद है एवं उनके चेहरे में खुशी झलक रही है। बलौदाबाजार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम करमदा निवासी किसान नागमणी वर्मा ने कृषक उन्नति योजना के लिए सरकार प्रति आभार व्यक्त करते हुएकहा कि उन्हें इस योजना से बहुत लाभ हुआ है। लगभग 1 लाख रुपये की अंतर राशि आज मेरे खाते में एकमुश्त जमा हुई है। जिसका उपयोग मैं खेती किसानी को बढ़ाने एवं बच्चों के पढ़ाई में करूंगा। मेरे बच्चे अभी पढ़ाई करते हैं जिसके लिए उन्हें गृह ग्राम से दूर जाना पड़ता है। मैं इस राशि से अपने बच्चों के लिए वाहन लेना चाहता हूँ। जिससे उनके आवागमन में कोई समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि सरकार हम किसान भाइयों को आगे बढ़ाने के लिए अच्छी अच्छी योजना लेकर आये हैं हम सभी किसान वर्ग इससे बहुत खुश एवं उत्साहित हैं। उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

नाबालिक छात्रा बनी मां, दिया बच्चे को जन्म, अधीक्षिका निलंबित

■ **पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों का गंगालूर अस्पताल में लगा जमावाड़ा**

फाईल फोटो

बीजापुर/नवप्रदेश। गंगालूर 100 सीटर बालिका पोटाकेबिन छात्रावास के कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत एक छात्रा ने पेट में दर्द होने की शिकायत के बाद उसे गंगालूर अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां छात्रा ने अस्पताल में एक बच्चे को जन्म दिया है। इस खबर के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया है। इसकी पुष्टि जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने भी की है। पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों का गंगालूर अस्पताल में जमावाड़ा लग गया है, मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस मामले में छात्रावास अधीक्षिका अंशु मिंज को बीजापुर कलेक्टर ने तत्काल निलंबित कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित इलाका गंगालूर के पोटाकेबिन में 12वीं कक्षा में पढने़ वाली एक छात्रा ने पेट में दर्द की शिकायत की, इसके बाद स्टाफ के लोगों ने उसे गंगालूर अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसकी जांच की, जांच के बाद डॉक्टर्स ने जब स्टाफ को बताया कि वह गर्भवती है, तो सभी के पैरों तले जमीन खिसक गई। कुछ देर के बाद छात्रा ने एक बच्चे को जन्म दे दिया। इसकी खबर मिलते ही पोटा केबिन से लेकर जिला मुख्यालय तक हड़कंप मच गया है। इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि छात्रा के गर्भवती होने की भनक तक यहां के स्टाफ को नहीं लगी। हालांकि यह सब कैसे हुआ इसका खुलासा मामले की जांच बाद ही हो पाएगा।

विदित हो कि उक्त पोटाकेबिन में सैकडों की संख्या में यहां छात्राएं रहकर पढ़ाई कर रही हैं। लेकिन इस घटना से पता चलता है कि पोटाकेबिन मे रह रही छात्राओं पर किसी तरह की निगरानी,देख-रेख नहीं होना एक बार फिर छात्राओं के आवासीय संस्थाओं में गंभीर लापरवाही को उजागर करता है। सबसे बड़ी और आश्चर्य की बात यह है कि छात्रा गर्भवती थी और उसकी भनक यहां के स्टाफ और साथ में रह रही छात्राओं भी को नहीं लगना किसी के गले नही उतर सकता है।

उल्लेखनीय है कि इस तरह के मामले बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों में पहले भी सामने आए हैं। वर्ष 2019 में दंतेवाड़ा के पातररास के छात्रावास की एक छात्रा ने हॉस्टल में ही एक बच्चे को जन्म दिया था, तब नवजात की मौत हो गई थी। इस मामले में अधीक्षिका ने मामले को दबाने का पूरा प्रयास किया था, लेकिन मामला जब सामने आया, तो अधीक्षिका पर निलंबन की गाज गिरी थी। ऐसा ही एक अन्य मामला बीजापुर जिले में भी पहले सामने आ चुका है।

130 लोगों का भाजपा प्रवेश, शर्मा ने गमछा पहनाकर किया स्वागत

नगरी/नवप्रदेश। देश में लोकसभा चुनाव होने वाले है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश का सिलसिला लगातार जारी है। राजधानी रायपुर में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में सोमवार को महेश उराव गोपीकिशन कश्यप, सुरेश नेताम सहित हजारों की संख्या में सर्व वर्ग हिताय समूह के 2000 से अधिक सदस्यों ने भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की है। बता दें कि इससे एक दिन पहले ही कांग्रेस के पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू सहित सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली थी। इसके पूर्व 15 फरवरी को कांग्रेस के पूर्व विधायक विधान मिश्रा प्रमोद शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस एवं जोगी कांग्रेस के लोग भाजपा में शामिल हुए कार्यक्रम में मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष शिव रतन शर्मा प्रदेश महामंत्री रामुरोहरा संगठन मंत्री पूर्व विधायक सिहावा श्रवण मरकाम पूर्व सगठन मंत्री महेश उराव भाजपा कार्यकता गण अधिक से अधिक लोगो के बीच किया गयाइस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भाजपा की सदस्यता लेने वाले सर्व वर्ग हिताय समूह के लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में आप सभी का स्वागत है। भाजपा देश की सेवा करने वाली पार्टी है. भाजपा जो कहती है, उसे करके दिखाती है. 1952 में हमने संकल्प लिया था कि एक देश में दो निशान दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। कश्मीर से धारा 370 समाप्त करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाया. भगवान श्रीराम 500 वर्षों तक टेंट में रहे भाजपा ने नारा दिया, रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे. भाजपा ने जनभावनाओं के अनुरूप 500 साल बाद अयोध्या में भगवान राम को पुनः प्रतिष्ठित किया।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश को आगे बढ़ना चाहते हैं और इसके लिए दिन-रात काम करते हैं। भाजपा सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। आज मोदी दुनिया के सबसे बड़े नेता एवं सबसे लोकप्रिय नेता हैं। ऐसी पार्टी में आप सभी का स्वागत है

जिसमे संयोजक एवं संगठन प्रमुख गोपी किशन कश्यप अध्यक्ष सुरेश नेताम उपाध्यक्ष चन्द्रकुमार मरकाम कुलदीप साहू घनश्याम नेताम जालम सिंह पटेल चमेली साहू जयसिंह मरकाम सुरेश कुमार नेताम चन्द्रकुमार मरकाम घनश्याम नेताम जालम सिंह पटेल चमेली साहू जयसिंह मरकाम संभू टेकाम डिकेश्वरी साहू देर बाई मोहित साहू जागृति कलेन्द्री मण्डावी ममतालता साहू वंदना साहू खेमलता मरकाम रजुला बाई,सीमा मालती दरों नर्मदा बाई नेताम दिनेश्वरी खुलेश्वरी सुरेन्द्र सुर्याकर जयन्द्र सधा बाई गोविंद नेताम,कमलेश नेतामरेखा नेताम अनिल कश्यप जया बाई, कुमारी कुसुमलता ध्रुव दीपिका निषाद करूण उमेश कुमार राजकुमारी पुर्णिमा योगेश्वरी लकेश्वरी ललिता साहू, हेमकुमारी साहू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

मोदी की गारंटी के नाम पर जनता को गुमराह कर रही बीजेपी : बैज

■ **70प्रतिशत महिलाओं के खातों में नहीं पहुंचा महतारी वंदन का पैसा**

जगदलपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और बस्तर सांसद दीपक बैज ने आरोप लगाया है कि मोदी गारंटी के नाम पर छत्तीसगढ़ की जनता को भारतीय जनता पार्टी गुमराह किया है. उन्होंने महतारी वंदन योजना, नक्सली हिंसा और नारायणपुर में छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न मामले को लेकर के सरकार को घेरा हमला बोलते हुए कई सवाल खड़े किए हैं.

बता दें कि दीपक बैज ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार महतारी वंदन योजना को चुनाव से पहले मोदी की गारंटी और छत्तीसगढ़ की हर महिला के खाते में 1000 रुपए प्रतिमाह देने की बात कह रही थी. लेकिन सरकार बनने के बाद सरकार ने 3 महीने का पैसा नहीं दिया और अब जब पैसे दिए भी गए हैं तो 70त्न महिलाओं के खातों में पैसा नहीं पहुंचा है. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस की चुनौती है कि उन सभी नाम का खुलासा करें, जिनके खातों में पैसा गया है. इतना ही नहीं महतारी वंदन योजना में लागू की गई शर्तों से छत्तीसगढ़ की सभी महिलाओं को योजना का लाभ भी नहीं मिल रहा है. दीपक बैज ने नारायणपुर की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस घटना में शामिल शिक्षक का कहीं ना कहीं भारतीय जनता पार्टी से संबंध है. यह उनका सवाल भी है और यही वजह है कि प्रशासन ने कार्रवाई करने में इतनी देरी की. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार घटनाएं बढ़ रही हैं और प्रदेश के गृहमंत्री कांग्रेस सरकार में जिसे टारगेट किलिंग बता रहे थे. वह अब बचकाना बयान दे रहे हैं. कांग्रेस पार्टी के नेताओं की सुरक्षा घटाई जा रही है और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को सुरक्षा दी जा रही है।

सोशल, इलेक्ट्रानिक मीडिया पर राजनैतिक विज्ञापनों के लिए पूर्व प्रमाणन जरूरी

खैरागढ़/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव मे मीडिया सेंटरों मे विज्ञापनो और पेड न्यूज पर नजर रखने जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति का एक दिवसीय प्रशिक्षण स्थानीय कलेक्टर परिसर स्थित सभा कक्ष मे आयोजित किया गया । नोडल अधिकारी ने बताया की जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति का मुख्य कार्य सोशल मीडिया सहित इलेक्ट्रानिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन करना, पेड न्यूज के मामलों की निगरानी और कार्यवाही एवं चुनावी प्रक्रिया के दौरान मीडिया संबंधी नियमों का उगंघन के मामलों की निगरानी करना है। आयोग के गाइडलाईन के अनुसार कोई भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी या अन्य संस्था, व्यक्ति, मतदान एवं मतदान के एक दिवस पूर्व बिना जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति के प्रमाणीकरण के प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित नहीं करा सकेगा। नियमों का उगंघन करने पर संबंधित राजनीतिक दल अथवा व्यक्ति के विरूद्ध निर्वाचन आयोग के नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों को दिए गए कर्तव्यों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने की समझाईश दी। प्रशिक्षण मे मास्टर ट्रेनर ने सदस्यों को विज्ञापन अधिप्रमाणन की प्रक्रिया, पेड न्यूज निर्धारण प्रक्रिया, पेड न्यूज की लागत की गणना, पेड न्यूज का विश्लेषण एवं निर्णय, चुनाव के दौरान मीडिया कवरेज के महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

किसानों को सबसे ज्यादा सहायता राशि देने का काम कर रही सरकार

■ **जिले के डेढ़ लाख से अधिक किसानों के खाते में 799 करोड़ 66 लाख रुपये अन्तरित**

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को कृषक उन्नति योजना का शुभारंभ एवं आदान सहायता राशि का अंतरण बालोद जिले में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में किया। कृषक उन्नति योजना के तहत जिले के 1लाख 56 हजार 713 किसानों के बैंक खाते में लगभग 799 करोड 66 लाख रुपये डीबीटी के माध्यम से आदान सहायता राशि का अंतरण किया गया। बलौदाबाजार स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। मुख्य कार्यक्रम से जिला मुख्यालय एवं जनपद मुख्याल वर्चुअली जुड़े थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण है जिसमे किसानों को आदान सहायता के रूप में बड़ी राशि का अंतरण किया गया है। किसानों में उत्साह और खुशी का माहौल है। किसानों की चिंता करते हुए हमारी सरकार ने मोदी की गारण्टी के तहत एक और गारण्टी पूरी की है। इस गारण्टी के पूरे होने से अब किसानों को सबसे आदान सहायता राशि देने में हमारी सरकार सबसे आगे है। पूरे प्रदेश में खुशहाली और समृद्धि दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 मार्च को ही प्रदेश के लगभग 70 लाख महिलाओं के खाते में एक-एक हजार रुपये महतारी वंदन योजना की पहली किश्त का अंतरण किया गया है। उन्होंने कहा कि किसान आदान सहायता राशि का बेहतर उपयोग करें। बड़े काम पूरा करने में खर्च करें। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों को सम्मानित व पुरस्कृत करने के लिए फिर से खेल अलंकरण समारोह की शुरुआत की जाएगी। संभवतः 14 मार्च को समारोह का आयोजन किया जाएगा । उन्होंने कहा कि भूमिहीन मजदूरों को आर्थिक सहायता देने के लिए दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना की भी शुरुआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुसार भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने तथा विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए सबकी सहभगिता जरूरी है। कलेक्टर श्री के. एल. चौहान ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि राज्य शासन द्वारा धान के अंतर राशि का किसानों के बैंक खाते में अंतरण हुआ। जिले के 156713 किसानों के खाते में लगभग 799 करोड़ 66 रुपए अन्तरित हुआ है।

देर रात पैदल गश्त किए एसपी लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहर के व्यस्तम भीड़भाड़ वाले इलाके में मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात को पुलिस अधीक्षक अपनी टीम के साथ पैदल निरीक्षण के लिए निकले। इस दौरान पुलिस सहायता केंद्र से लेकर अन्य हिस्सों में पैदल ही घूमते हुए शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा द्वारा जिले के सबसे ज्यादा भीड़ वाले क्षेत्रों में यातायात, पार्किंग तथा अन्य असुविधाओं को देखते हुए पैदल पेट्रोलिंग किया गया, पुलिस अधीक्षक द्वारा जगदलपुर के संजय मार्केट तथा पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण किया गया, चौकी निरीक्षण के दौरान चौकी के साफ-सफाई पर नियमित रुप से ध्यान देने कहा गया, संजय मार्केट के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पैदल चलकर पूरे मार्केट का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बताया की संजय मार्केट शहर का मुख्य मार्केट है। जहां हमेशा भीड़ एवम ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है, मार्केट में भीड़ होने का फायदा उठाते हुए पॉकेटमारी की शिकायतें आती रहती हैं, जिसे देखते हुए मार्केट में सिविल तथा वर्दीधारी ड्यूटी के साथ साथ ट्रैफिक के जवानों को भी ड्यूटी के लिए बताया गया, साथ ही जनता से अच्छे पुलिस आचरण करने को कहा गया। संजय मार्केट के साथ ही साथ बस स्टैंड पुलिस सहायता केन्द्र, थाना बोधघाट का भी निरीक्षण किया।

समाजिक बुराइयों को दूर करना हम सब की जिम्मेदारी-साव

■ **सामूहिक आदर्श विवाह एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री**

बलौदाबाजार/नवप्रदेश।तहसील साहू संघपलारी, रोहांसी, भवानीपुर, दतान परिक्षेत्र व नगर साहू संघ पलारी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आदर्श विवाह व सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम छेरकापुर में किया गया। जिसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने भक्त माता कर्मा के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद कबीर आश्रम के महंत ने विधि विधान के साथ विवाह संपन्न कराया।उपमुख्यमंत्री श्री साव सहित समस्त अतिथियों व समाजिक पदाधिकारियों ने 28 जोड़े नव दंपत्तियों को शुभाशीष दिया और उनके सुखमय व मंगलमय जीवन की कामना की।=सफल आयोजन के लिए जिला अध्यक्ष सुनील साहू को उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बधाई दी है। श्री साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृति को सहेजे हुए आधुनिकता की ओर समाज आगे की ओर ले जाना है। इसके लिए समाज में मौजूदा बुराईयों एवं प्रथाओं को दूर करते हुए हम सब को शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है। शिक्षित समाज से ही एक सशक्त राज्य और राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि साहू समाज की सामूहिक आदर्श विवाह एक प्रशंसनीय पहल है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के माता-पिता को अपने बेटियों के शादीकी चिंता सदैव बनी रहती थी। बेटियों की शादी के लिए कर्ज लेने या संपत्ति बेचने तक की नौबत आ जाती थी। इस आदर्श विवाह का लाभ उन गरीब परिवार की बेटियों को मिल रहा है। साहू समाज की इस पहल को निर्भीक निर्णय बताते हुए इसकी सराहना की।

समय पर नहीं मिल रहा वेतन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं ने सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़/नवप्रदेश । विकासखंड के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ और सहायिकाओ ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन और कार्यरत् आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ, सहायिकाओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर पीड़ा को बताने के लिए कलेक्ट्रेट पहुँचे। कलेक्टर की अनुपस्थिति मे कार्यालय मे सौंपे ज्ञापन मे आंगनबाड़ी कार्यकताओं सहायिकाओं ने समस्या बताते कहा कि जनवरी फरवरी दो माह का मानदेय एवं हड़ताल अवधि का मानदेय अभी तक नही मिलने से परेशानी बढ़ गई है । खैरागढ़ जिले में दो परियोजना कार्यालयों मे छुईखदान और खैरागढ़ परियोजना में से छुईखदान परियोजना में हड़ताल अवधि के मानदेय के साथ साथ फरवरी तक का वेतन भुगतान किया जाचुका है। जबकि खैरागढ़ परियोजना मे इसे रोक कर रखा गया है । एक ही जिले में अलग-अलग नियम बनाए जाने से कार्यकर्ताओ की दिक्कते बढ़ गई है । ज्ञापन मे कहा कि खैरागढ़ परियोजना कार्यालय में हमेशा वेतन की परेशानी बनी रहती है, सही समय में वेतन कभी नहीं मिला है। उ%च अधिकारियों के द्वारा हमेशा आबंटन नहीं आने का बहाना बनाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ और सहायिकाओ को भुगताया जाता है । छुईखदान परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं का वेतन पैसा समय पर मिल रहा है ।

बिना रॉयल्टी पर्ची के हाईवा से रेत परिवहन

भाटापारा/नवप्रदेश। खनिज विभाग के सुस्त रवैये से बिना रॉयल्टी पर्ची के सैकड़ों हाईवा रेत परिवहन हो रहा है।

यह ऐसा जिला है जिसमें रेत माफिया को खुली छूट मिली हुई है, आप बिना रायल्टी पर्ची के चाहे जितना रेत घाट से निकाल लो बस इतना ध्यान रहे कि आपकी पहुंच किसी सफेद पोषाकधारी एवं रसूखदार तक होनी चाहिए।

भाटापारा से जब रेत भरी गाड़ियां निकलती है तो खनिज विभाग कार्यवाही पर नजर में नहीं आती, लेकिन धोखे से किसी पुलिस की नजर पड़ जाती है तथा जांच के लिए रोक कर कागजात पत्र मांगा जाता है कुछ हाईवा चालक कागज पत्र तो दिखा देते हैं कुछ वाहन चालक सफेद पोषाकधारी से संबंध रखने वाले सीधे मोबाइल से बात करते हैं।

कई महिलाओं के खाते में दो दिन में नही पहुँची महतारी वंदन की पहली किश्त

खैरागढ़/नवप्रदेश। महतारी वंदन के तहत महिलाओं को मिलने वाली राशि कई महिलाओं के खातें मे नही आने से परेशानी बढ़ गई है । प्रदेश सरकार द्वारा दो दिन पहले ही रविवार को जिले मे महतारी वंदन योजना के तहत 1 लाख 17 हजार 231 महिलाओं को पहली किश्त की राशि 11 करोड़ 72 लाख रू से अधिक का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया था । रविवार को अधिकांश महिलाओ के खातें मे योजना की पहली किश्त की राशि आने की जानकारी मिलने लगी । शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो की कई महिलाओ को रविवार को किश्त की राशि खाते मे नही आने की जानकारी हूई तो ऐसी महिलाओ ने सोमवार को भी दिनभर खातें मे राशि के आने का इंतजार किया । सोमवार को राशि नही आने से परेशान हूई महिलाएं लगातार नगरपालिका कार्यालय सहित पंचायतों का चक्कर भी लगाती रही । लेकिन वहाँ भी राशि के खाते मे आने या देरी से आने की जानकारी दी गई । बताया गया कि सोमवार को भी महिलाओ के खाते मे राशि अंतरण नही होने के बाद मंगलवार को बड़ी संख्या मे महिलाएं इसकी जानकारी लेने नगरपालिका सहित पंचायतों मे पहुँची । मंगलवार को भी बड़ी संख्या मे महिलाओ के खातें मे योजना की राशि का समायोजन नही हो पाया । जिसके बाद पालिका सहित योजना से संबंधित विभागों द्वारा इसके लिए हेल्पलाइन नंबर जारी होने की जानकारी दी गई । आनन फानन मे इसकी जानकारी राज्य स्तर पर भेजी गई । जिसके बाद जिलेवार प्रदेश के सभी जिलो मे अटकी राशि का भुगतान पाने जिलो के हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए । खैरागढ़ जिले मे भी महतारी वंदन योजना के पात्र महिलाओं को पहली किश्त की राशि का भुगतान अब तक खाते मे नही हो पाया है तो ऐसी महिला हितग्राही जिले के लिए संचालित हेल्पलाइन नंबर 9993718434 और 9617132287 मे संपर्क कर अपने खाते मे योजना की राशि अंतरण की जानकारी अटकी कार्यवाही का पता कर सकते है ।

14000 परिवारों को मिलेगा घरेलू नल कनेक्शन

बेमेतरा/नवप्रदेश। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजना गंत विधायक साजा ईश्वर साहू ने बीते मंगलवार को बेमेतरा जिले के विकासखंड साजा के ग्राम खम्हरिया में समूह जल प्रदाय योजना का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्यश्री गोवेन्द्र पटेल श्री ज्वाला ठाकुर, श्री बल्लू साहू, श्री स्वरूपानंद साहू पूर्व सरपंच ग्राम खम्हरिया सीताराम साहू पंच, सुकल साहू पंच, व्यास साहू पंच, पूर्णानंद साहू, परमेश्वर साहू आदि उपस्थिति थे। अतिथियों का स्वागत कार्यपालन अभियंता,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री आर.के धनंजय ने किया। विधायक ईश्वर साहू नए कहा कि इससे क्षेत्र के 62 ग्रामों को शिवनाथ नदी से प्राप्त जल को शुद्धिकरण संयंत्र द्वारा मीठा जल प्रदाय किया जाएगा।

आईपीओ की कमजोर शुरुआत, डिस्काउंट पर हुई लिस्टिंग

नईदिल्ली। जिंक ऑक्साइड के कारोबार से जुड़ी कंपनी जेजी केमिकल्स (जेजी केमिकल्स) के आईपीओ ने आज यानी बुधवार को शेयर बाजार में एंट्री कर ली है। कंपनी का शेयर बीएसई-एनएसई पर डिस्काउंट पर लिस्ट हुआ है।

जेजी केमिकल्स के आईपीओ ने निवेशकों को निराश किया है। बीएसई पर शेयर 4.5 फीसदी के डिस्काउंट पर 211 रुपए के भाव पर लिस्ट हुआ। वहीं, एनएसई पर 5.43 फीसदी के डिस्काउंट पर 209 रुपए के भाव पर लिस्ट हुआ।

जेजी केमिकल्स के 251 करोड़ रुपये के आईपीओ को 27.78 गुना सब्सक्रिप्शन मिला, जिसमें गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) ने अपने अलॉटेड शेयरों के कोटे से 46.33 गुना अधिक सब्सक्रिप्शन प्राप्त किया। योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) ने अपने कोटे के 32.09 गुना शेयर खरीदे, जबकि खुदरा निवेशकों के लिए निर्धारित हिस्से को 17.44 गुना सब्सक्रिप्शन मिला।

फीकी एंट्री से निवेशक उदास, 12 फीसदी से अधिक का हुआ घाटा

नईदिल्ली । प्रोसेसिंग मशीनरी बनाने वाली कंपनी सोना मशीनरी के शेयरों की आज बाजार में फीकी एंट्री हुई है। एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयर की 125 रुपये पर एंट्री हुई है यानी कि आईपीओ निवेशक 12 फीसदी से अधिक के घाटे में हैं।

लिस्टिंग के बाद शेयर थोड़ा ऊपर तो चढ़े लेकिन निवेशकों का घाटा मुनाफे में नहीं बदला। रिकवर होने के बाद भी शेयर का भाव 131.25 रुपये के अपर सर्किट पर पहुंचा। यानी की निवेशकों को फायदा तो नहीं हुआ लेकिन उनका 12 फीसदी से अधिक का घाटा करीब 8 फीसदी तक आ गया।

कंपनी के 51.82 करोड़ रुपये के आईपीओ को निवेशकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था यही कारण रहा कि ओवरऑल यह आईपीओ 273.50 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए आरक्षित हिस्सा 129.72 गुना, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स । (एनआईआई) का हिस्सा 554.42 गुना और खुदरा निवेशकों का हिस्सा 235.06 गुना भरा था। सब्सक्रिप्शन के लिए ये आईपीओ 5-7 मार्च तक खुला था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये की फेस वैल्यू वाले 36.24 लाख नए शेयर जारी हुए हैं।

कंपनी की स्थापना साल 2019 में हुई थी। ये कंपनी खास तौर पर चावल, दाल, गेहूं, मसाले और बाजरा की प्रोसेसिंग में इस्तेमाल होने वाली मशीनरी बनाती है। इसके प्रोडक्ट्स का नाइजीरिया, बांग्लादेश, केन्या और नेपाल को निर्यात होता है। वित्तीय सेहत की बात करें तो वित्त वर्ष 2023 में कंपनी को 7.68 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने लॉन्च किया बॉब अर्थ ग्रीन डिपॉजिट्स

मुंबई। भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़बड़ौदा (बैंक) ने आज बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना के शुभारंभ की घोषणा की और इस योजना के तहत प्राप्त होने वाली जमा राशि का उपयोग उपयुक्त पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं तथा क्षेत्रों की फाइनेंसिंग के लिए किया जाएगा।

बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉजिट्स के तहत, ग्राहकों को अलग-अलग समय सीमा में निवेश पर आकर्षक ब्याज दरों का लाभ उठाने के साथ-साथ भारत के हरित एवं दीर्घकालिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनने का अवसर मिलता है। बैंक सालाना 7.15त्न तक की ब्याज दरों की पेशकश कर रहा है। आम नागरिक/निवासी भारतीय, एनआरआई एवं उच्च मालियत वाले व्यक्ति निवेशक बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना में निवेश कर सकते हैं।

इस अवसर पर बैंक ऑफ़बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, श्री देबदत्त चांद ने कहा, बैंक ने अपने परिचालन कार्यों में संवहनीयता को अपनाने की दिशा में काफी अधिक प्रगति की है, जिसमें जोखिम प्रबंधन, गवर्नेंस व्यवस्था, सामाजिक दायित्व और पर्यावरणीय प्रभाव के प्रति हमारे दृष्टिकोण शामिल हैं। बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना के शुभारंभ से निवेश करने वाले ग्राहकों को स्थायी और सुरक्षित रिटर्न पाने के साथ-साथ धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान देने का दोहरा लाभ मिलता है। भारत के अग्रणी बैंकों में से एक होने के नाते, बैंक ऑफ़बड़ौदा अपने ईएसजी मैंडेट को आगे बढ़ाने और ग्रीन फाइनेंसिंग के अपने पोर्टफोलियो के दायरे का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैंक ऑफ़बड़ौदा ने अपने बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना में नयापन लाते हुए विशेष समयावधि की पेशकश की है, जो धरती की जलवायु और संवहनीयता के लक्ष्यों की ओर संकेत करते हैं, जैसे कि 1.5 वर्ष की समयावधि ङ्क वैश्विक तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लक्ष्य को दर्शाती है, जबकि 1717 दिनों की समयावधिङ्क संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों पर दोगुना बल देती है।

बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का आबंटन उपयुक्त हरित परियोजनाओं/क्षेत्रों को किया जाएगा, जिनमें नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन, सतत जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा कुशलता, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन, प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण, ग्रीन बिल्डिंग, जैव विविधता संरक्षण आदि शामिल हैं।

सोना हुआ महंगा, चांदी हुई सस्ती

नईदिल्ली। सोने के वायदा कारोबार की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोना 65,500 हजार रुपये और चांदी 73,800 रुपये के करीब कारोबार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई।

सोने के वायदा भाव में आज तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट आज 29 रुपये की तेजी के साथ 65,520 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 66 रुपये की तेजी के साथ 65,547 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 65,592 रुपये के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 65,466 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस महीने 66,356 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

चाँदी के दुश्मन भाव की शुरुआत आज सुस्ती रही। एमसीएक्स पर सिल्वर का फ़्लोरिडा मई स्केल आज 40 रुपये की गिरावट के साथ 73,810 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखने के समय यह खंड 85 रुपये की गिरावट के साथ 73,765 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय 73,939 रुपये प्रति व्यक्ति के भाव पर दिन का उच्चतम स्तर और 73,725 रुपये प्रति व्यक्ति के भाव पर दिन का निचला स्तर देखा गया। पिछले साल दिसंबर महीने में चांदी के शेयर भाव 78,549 रुपये किलो के भाव पर पहुंच गए थे।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के सेंसेक्स भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,163.60 डॉलर प्रति शेयर भाव पर खुला। पिछवाड़े में 2,166.10 डॉलर था।

एयरटेल ने ग्राहकों से साथ व्यावहारिक संपर्क के लिए फ्रंटलाइन टीमों को शामिल किया, मनाया ग्राहक दिवस

रायपुर। भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल (÷एयरटेल÷) ने आज देश में अपने सभी कार्यालय स्थानों पर ग्राहक दिवस मनाया। ऐसे सभी एयरटेल कर्मचारी, जो सीधे ग्राहकों से संपर्क बनाए रहते हुए काम करने की जिम्मेदारियों में नहीं थे, वे अपनी रोजमर्रा की भूमिकाओं से बाहर निकलकर ग्राहकों के सीधे बातचीत करने के लिए फ्रंटलाइन कर्मचारियों में शामिल हुए।

देश के सभी एयरटेल कार्यालय स्थानों के कर्मचारियों ने बाजारों में होम डिलीवरी इंजीनियरों, फाइबर एक्सक्यूटिव्स और रिटेल कर्मचारियों के साथ काम किया। इन कर्मचारियों में शीर्ष सीनियर लीडरशिप टीम से लेकर सभी कार्यालयों के जूनियर मैनेजर तक सभी शामिल रहे।

ग्राहक दिवस, एयरटेल की कई पहलों का एक हिस्सा है, जो ग्राहकों को सबसे अधिक महत्व देने के एयरटेल के सिद्धांत पर केंद्रित हैं। अपने सभी कर्मचारियों को ग्राहकों से प्रत्यक्ष मिलने-जुलने का अवसर देकर, एयरटेल का लक्ष्य ग्राहकों के दृष्टिकोण और ग्राहकों की जरूरतों खासकर उनकी चिंताओं और सुझावों को समझकर उनका कंपनी के साथ जुड़ाव बढ़ाना है। कंपनी को विश्वास है कि ÷ग्राहक दिवस÷ हमारी कंपनी में विभिन्न कार्यों के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों को ÷देखने-समझने का नया नज़रिया÷ देगा और पूरे संगठन में ग्राहकों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने के लिए काम करने की लगन जगाने के लिए नई मानसिकता और संस्कृति को उजागर करेगा।

मारुति सुजूकी को रेल से मिला कार ढुलाई में सहारा

नईदिल्ली । मारुति सुजूकी इंडिया के कार्यकारी अधिकारी (कॉर्पोरेट मामले) राहुल भारती ने बताया कि अगर गुजरात के हंसलपुर संयंत्र में रेल का बुनियादी ढांचा स्थापित नहीं किया गया होता तो उसे क्षमता संबंधी बाधा का सामना करना पड़ता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हंसलपुर संयंत्र में भारत की पहली इन-प्लांट ऑटोमोबाइल रेलवे साइडिंग का उद्घाटन किया। इस साइडिंग की बदौलत मारुति रेलवे के जरिये सालाना 3,00,000 कारों की ढुलाई कर सकेगी। इस पूरी परियोजना की लागत 1,081 करोड़ रुपये है।

उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहें तो भले ही हमें इस परियोजना के कारण कुछ न बच रहा हो, लेकिन फिर भी हमें काफी खुशी होगी क्योंकि इससे हमें बड़ा पैमाना मिल रहा है। यह कारों की ढुलाई का बहुत ही सुरक्षित, कुशल और स्वच्छ तरीका है। अगर रेल का बुनियादी ढांचा नहीं होता तो हमें क्षमता संबंधी बाधा झेलनी पड़ती। वित्तीय बचत के बिना भी यह कारों के परिवहन का बेहतर तरीका है।

रेलवे साइडिंग का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि केवल दो महीने पहले ही देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी ने कहा था कि वह अपनी वार्षिक विनिर्माण क्षमता 7,50,000 से बढ़ाकर 10 लाख तक करने के लिए 3,200 करोड़ रुपये की लागत से हंसलपुर संयंत्र में नई उत्पादन लाइन स्थापित करेगी।

खेल, मनोरंजन

उमेश यादव हैं आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीतने वाले तेज गेंदबाज

नईदिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें संस्करण का रोमांच 22 मार्च से शुरू होने जा रहा है।इस प्रारूप में वैसे तो बल्लेबाजों का पलड़ा भारी रहता है, लेकिन गेंदबाज भी कई बार चौंकाने वाले प्रदर्शन कर सबको चौंका देते हैं।इस साल गुजरात टाइंटस का हिस्सा बने तेज गेंदबाज उमेश यादव ने भी कई चौंकाने वाले प्रदर्शन किए हैं।यही कारण है कि वह आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीतने वाले तेज गेंदबाज हैं।

उमेश ने आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक 10 बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड अपने नाम किए हैं।सूची में मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह (8) दूसरे, लसिथ मलिंगा, आशीष नेहरा और जयदेव उनादकट (6-6) संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर हैं।इसी तरह ढ्ढक्क में सबसे ज्यादा बाद यह अवार्ड जीतने का रिकॉर्ड एबी डिविलियर्स के नाम हैं, उन्होंने 25 बार यह कारनामा किया है। सूची में क्रिस गेल (22) दूसरे और रोहित शर्मा (19) तीसरे नंबर पर हैं।

उमेश ने 2010 में आईपीएल करियर का आगाज किया था। वह अब तक 141 मैच की 140 पारियों में 136 सफलताएं प्राप्त कर चुके हैं।इस दौरान उनकी औसत 30.04 की और इकॉनमी 8.38 की रही है। 4/23 लीग में उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े हैं।उन्होंने आईपीएल में 3 बार 4 विकेट लने का कारनामा किया है।वह इस लीग में अब तक दिल्ली कैपिटल्स , रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और कोलकाता नाइट राइडर्स का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

शैतान के साये में रहा बॉक्स ऑफिस, 60 करोड़ के पार हुई फिल्म

'शैतान' एक ऐसे पिता की कहानी है जो शैतानी ताकतों के वश में आ चुकी अपनी बेटी को बचाने की खातिर जी जान लगा देता है. 'शैतान' में अजय देवगन एक बार फिर अपने फैमिली मैन वाले अंदाज में नजर आए हैं. वहीं आर माधवन ने अपने खौफनाक किरदार से दशहत फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. एंटरटेनमेंट के फुल पैकेज वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल का परफॉर्म किया है और रिलीज के तीन दिन में ही 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है.

वहीं वीकेंड के बाद भी 'शैतान' के साये से ऑडियंस वीकडेज में भी बच नहीं पाई है. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के चौथे दिन यानी पहले मंडे को कितने करोड़ का कलेक्शन किया है.

अजय देवगन और आर माधवन स्टारर 'शैतान' रिलीज के पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है. इस हॉरर थ्रिलर को ऑडियंस का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. इस फिल्म की ओपनिंग काफी दमदार रही थी और वीकेंड पर तो इस फिल्म ने तूफानी कलेक्शन किया.

फिल्म की कमाई की बात करें तो जियो स्टूडियो के आंकड़ों के मुताबिक 'शैतान' ने रिलीज के पहले दिन 15.21 करोड़ कमाए थे. इसके बाद शनिवार को फिल्म की कमाई में 27.12 फीसदी का उछाल आया और इसने 19.18 करोड़ का कलेक्शन किया.

आईपीएल इतिहास में पीयूष चावला के गेंदों पर पड़े हैं सर्वाधिक छक्के

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आगाज 22 मार्च को चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच होने वाले मैच से होगा।इसके साथ ही दर्शकों को फिर से चौको-छक्कों की बारिश देखने को मिलेगी।इस प्रारूप में गेंदबाजों विशेषकर स्पिनरों के सामने सबसे बड़ी चुनौती छक्कों से बचने की होती है। आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक छक्के मुंबई इंडियंस के स्पिनर पीयूष चावला की गेंदों पर पड़े हैं।आइए उनके आंकड़े जानते हैं।

पीयूष आईपीएल इतिहास में 200 छक्के खाने वाले पहले गेंदबाज हैं। उनके खिलाफ अब तक 201 छक्के पड़ चुके हैं।सूची में रविंद्र जडेजा और पीयूष (193-193) दूसरे, रविचंद्रन अश्विन (184) तीसरे, अमित मिश्रा (182) चौथे, ड्वेन ब्रावो (155) 5वें और सुनील नरेन (149) छठे नंबर पर हैं।इसी तरह कीरोन पोलार्ड ने मिश्रा के खिलाफ सर्वाधिक 14 छक्के जड़े हैं। सूची में आंद्रे रसेल (12 बनाम मोहम्मद शमी) दूसरे, गेल (11 बनाम पीयूष) तीसरे नंबर पर हैं।

चावला के नाम आईपीएल में 181 मैचों में 7.90 की इकॉनमी से कुल 179 विकेट हैं, जो लीग में तीसरे सर्वाधिक हैं।उन्होंने साल 2021 से उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 8.20 की इकॉनमी से 23 विकेट झटके हैं। बीच के ओवरों (7-15) में उन्होंने 7.82 की इकॉनमी से 122 झटके हैं, जो दूसरे सर्वाधिक हैं।उन्होंने पावरप्ले में 7.71 की इकॉनमी से 20 विकेट चटकाए हैं।

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अप्रैल में करेगी पाकिस्तान का दौरा, खेलेगी 5 टी-20 मैचों की सीरीज

नईदिल्ली । न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अप्रैल में पाकिस्तान के दौरे पर जाएगी, जहां वह 5 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलेगी।यह दोनों देशों के लिए टी-20 विश्व कप से पहले तैयारी के लिहाज से आखिरी सीरीज होगी।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को पूरे दौरे का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दोनों देशों के बीच यह सीरीज 18 से 27 अप्रैल के बीच खेली जाएगी।न्यूजीलैंड का यह पिछले 17 महीनों में पाकिस्तान का तीसरा दौरा होगा।

पाकिस्तान के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक उस्मान वाहला ने कहा, पीसीबी और न्यूजीलैंड क्रिकेट के बीच अटूट सौहार्द के प्रमाण में हमें न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के 2024 में पाकिस्तान दौरे का कार्यक्रम पेश करते हुए खुशी हो रही है। यह दौरा गहरे संबंधों और आपसी सम्मान का प्रतीक हैउन्होंने आगे कहा, हमें उम्मीद है कि एक और प्रतिस्पर्धी सीरीज होगी, जो टी-20 विश्व कप 2024 के लिए हमारी तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

कार्यक्रम के अनुसार, न्यूजीलैंड टीम 14 अप्रैल को पाकिस्तान पहुंचेगी और 16-17 अप्रैल को अभ्यास करेगी।इसके बाद सीरीज का पहला मैच 18 अप्रैल, दूसरा मैच 20 अप्रैल को और तीसरा मैच 21 अप्रैल को खेला जाएगा। ये तीनों मैच रावलपिंडी स्टेडियम में खेले जाएंगे।इसके बाद चौथा टी-20 मैच 25 और 5वां 27 अप्रैल को खेला जाएगा। ये दोनों मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेल जाएंगे।

आर्टिकल 370 की घटी कमाई, लाखों में सिमटा कलेक्शन

यामी गौतम की 'आर्टिकल 370' को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया है. इस पॉलिटिकल ड्रामा की तारीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी की थी इसके बाद से को फिल्म को लेकर दर्शकों में और ज्यादा एक्साइटमेंट बढ़ गई थी. वहीं जब 'आर्टिकल 370' सिनेमाघरों में पहुंची तो इसने ऑडियंस का दिल जीत लिया और इसी के साथ इस फिल्म ने खूब कारोबार भी किया. यहां तक कि हालिया रिलीज अजय देवगन की 'शैतान' के तूफान के आगे भी 'आर्टिकल 370' बेखौफ होकर करोड़ों में कलेक्शन कर रही है. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे सोमवार को कितना कारोबार किया है

'आर्टिकल 370' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए अब तीसरा हफ्ता चल रहा है. कश्मीर में अनुच्छे 370 हटाने की घटना पर बेस्ड इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली और इसी के साथ ये खूब कमाई भी कर रही है. बेहद कम बजट में बनी इस फिल्म ने अपनी लागत से कई गुना ज्यादा कमाई कर ली है और रिलीज के तीसरे हफ्ते में भी इसका तूफानी कलेक्शन जारी है.

फिल्म की कमाई की बात करें तो 'आर्टिकल 370' ने 5.9 करोड़ से ओपनिंग की थी और इसके पहले हफ्ते का कलेक्शन 35.6 करोड़ रुपये रहा. वहीं दूसरे हफ्ते में 'आर्टिकल 370' ने 22.3 करोड़ की कमाई की. अब ये फिल्म रिलीज के तीसरे हफ्ते है. जहां इसने रिलीज के 15वें दिन यानी थर्ड फ्राइडे को 1.65 करोड़ का कलेक्शन किया तो वहीं तीसरे शनिवार फिल्म ने 66.67 फीसदी के उछाल के सात. 2.75 करोड़ की कमाई की. वहीं थर्ड संडे फिल्म ने 23.64 फीसदी की

■ न्यूज गैलरी

सीएम की अध्यक्षता में तीन माह के कार्यकाल की होगी समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज कलेक्टर और एसपी की कांफ्रेंस लेने वाले हैं। इस बैठक में मुख्य सचिव और पुलिस प्रमुख भी शामिल होंगे। बैठक में तीन माह के कार्यकाल की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर-एसपी की इस कांफ्रेंस में कमिश्नर और आईजी जुड़ेंगे। बैठक में राजस्व प्रकरण के निराकरण, कानून व्यवस्था, राज्य व केंद्र की योजनाओं का क्रियान्वयन, मोदी की गारंटी के तहत कार्यों की समीक्षा की जाएगी। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यभार संभालते ही अधिकारियों को सरकार की प्राथमिकताओं की जानकारी दे दी थी। साथ ही साथ नियत समय में पूर्ण होने वाली घोषणाओं पर भी कार्य करने का निर्देश दिया था। आज बैठक में सभी बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। माना जा रहा है की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव कुछ अहम निर्देश भी दे सकते हैं।

युवक बेच रहा था गांव में गांजा, गिरफ्तार

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम कोलियारी में दबिश देकर पुलिस ने एक युवक को अवैध रुप से गांजा बेचते हुए पकड़ा है। आरोपी केक ब्जे से करीब एक किलोग्राम गांजा बरामद करते हुए नारकोटिस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। ग्राम कोलियारी निवासी उत्तम साहू को मौके पर रंगे हाथ पकड़ा गया। कब्जे से गांजा जब्त किया गया। वही पुलिस को देखकर खरीदने आये ग्राहक भाग गये। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर नारकोटिक्स एक्ट के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही कर थाना भखारा में अपराध पंजीबद्ध किया गया।

10वीं बोर्ड विज्ञान के पेपर में पकड़ाए 4 नकलची

जांजगीर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10 वीं बोर्ड एग्जाम के विज्ञान विषय की परीक्षा में 4 नकलची पकड़े गए हैं। इस परीक्षा में 16 हजार 97 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 555 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। बोर्ड एग्जाम के सत्र 2023-24 में नकल प्रकरण का मामला सामने आया है। अकलतरा ब्लॉक के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल नरियरा में 3 शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल तिलई में 1 परीक्षार्थी को जिला शिक्षा अधिकारी की टीम ने नकल करते हुए पकड़ा। उन्होंने बताया कि अकलतरा में 2533, बलौदा में 2007, बम्हनीडीह में 2999, नवागढ़ में 5066, पामगढ़ में 3437 परीक्षार्थी उपस्थित थे। इसी प्रकार 12वीं के लेखांकन विषय की परीक्षा में जिले कुल पंजीकृत 90 मे से 86 विद्यार्थी शामिल हुए, जबकि 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। इस परीक्षा में कोई भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया। ओपन परीक्षा में 512 परीक्षार्थी हुए शामिल इसी प्रकार जिले में संचालित हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल ओपन परीक्षा 2023-24 हेतु कक्षा 10वीं की गणित विषय की परीक्षा 12 मार्च को हुई।

बांकीमोगरा क्षेत्र में मिले शव की हुई पहचान

कोरबा/नवप्रदेश। बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पुरेना नदी में मिले अज्ञात शव की पहचान मृतक सुनील यादव उम्र लगभग 41 वर्ष पता उर्जा नगर कॉलोनी थाना दीपका क्षेत्र निवासी के रूप में की गयी है। अलसुबह जब ग्राम के कुछ ग्रामीण पुरेना नदी में नहाने गये हुए थे। तभी कुछ दुर नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरते नजर आया, जिसकी खबर आग की तरह आसपास क्षेत्र में फैल गई। इसकी सुचना 112 को दी गयी, 112 की टीम तत्काल घटनास्थल पहुंचकर अपने उच्चाधिकारियों को इस हादसे की सुचना दी।

जल संसाधन विभाग की नहर में मिला युवती का शव

कोरबा /नवप्रदेश। दर्री जमनीपाली क्षेत्र में एक युवती का शव जल संसाधन विभाग की नहर में मिला है। युवती का शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठे हो गए। इस बीच मृतका की पहचान उसके भाई अमित जायसवाल ने की। शव बरामद होने के बाद पुलिस ने पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दरअसल दर्री बस्ती निवासी ममता जायसवाल दो दिन पहले रविवार 10 मार्च को नहाने के लिए पास के नहर में गई थी। जहां वह नहाने के दौरान अचानक लापता हो गई थी। ममता के लापता होने के बाद स्थानीय स्तर पर उसकी तलाश की जा रही थी। नागरिकों के साथ-साथ पुलिस और गोताखोर ममता की खोजबीन में लगे हुए थे। घटना के तीसरे दिन नहर के एक स्थान पर उसे मृत स्थिति में पाया गया। स्थानीय नागरिक रमेश ने बताया कि नहर में बहते हुए एक शव आ रहा था, जिस पर वे लोग हरकत में आए और इसकी जानकारी पुलिस को दी।

भाई अमित ने बताया कि उसकी बहन ममता को तैरना आता था, लेकिन वह फिसलने के बाद नीचे गिरी तो फिर लापता हो गई। अचानक वह कैसे डूब गई यह उसके भी समझ से परे हैं। घटना के बाद जब वह मौके पर पहुंचे तो उसके कपड़े नहर के ऊपर पड़े हुए थे। घटना के बाद से उसकी काफी खोजबीन की गई जहां उसकी नहर में लाश मिलने की जानकारी उसे मिली।

दर्री थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने बताया कि युवती की लापता होने की सूचना के बाद खोजबीन की जा रही थी, जहां उसका शव बरामद कर लिया गया है। युवती का शव बरामद करने के साथ पुलिस ने 174 सीआरपीसी के अंतर्गत मर्ग कायम किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए कोरबा भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र स्वच्छ शहर और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : सीएम साय

■ **नगर निगम रायपुर और भिलाई में नगरीय ठोस अपशिष्ट आधारित कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना के लिए त्रिपक्षीय एमओयू**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना स्वच्छ शहर और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री आज यहां अपने निवास कार्यालय में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव की उपस्थिति में, नगर पालिका निगम रायपुर और नगर पालिका निगम भिलाई में नगरीय ठोस अपशिष्ट से कम्प्रेस्ड बायो गैस उत्पादन संयंत्र की स्थापना के लिए किए गए त्रिपक्षीय समझौते के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में रायपुर और भिलाई नगर निगम में 100-150 टन प्रति दिन क्षमता के नगरीय ठोस अपशिष्ट पर आधारित कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना के लिए भारत सरकार के उपक्रम भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, राज्य के नगर पालिक निगम रायपुर और भिलाई तथा छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण के मध्य त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते पर छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमित सरकार, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड मुंबई के मुख्य महाप्रबंधक श्री अनुराग सारावगी, नगर पालिका निगम रायपुर के कमिश्नर श्री अविनाश मिश्रा और नगर पालिका निगम भिलाई के कमिश्नर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए आज ऐतिहासिक अवसर है। जब स्वच्छ राज्य और स्वच्छ ऊर्जा के लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्थापित होने वाले दो कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्रों में लगभग 200 से 250 मीट्रिक टन नगरीय ठोस अपशिष्ट का उपयोग प्रतिदिन जैव ईंधन के उत्पादन में किया जाएगा।

स्तरहीन कार्य के बाद भी ठेकेदार को भुगतान, सुधार के आदेश की उपेक्षा

अधिकारियों की ठेकेदार से सांठगांठ की चर्चा, समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं

नवप्रदेश फॉलोअप

सुकमा/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय में निकटतम प्रा.शा. देवकुपली में मेसर्स बालाजी इंटरप्राईजेस के ठेकेदार देवेंद्र चौरसिया द्वारा भवन नवीनीकरण कार्य में अनियमितता बरतने को लेकर नवप्रदेश में खबर प्रकाशित होने के बाद मामले में संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन ने विभाग एवं ठेकेदार को कार्य में सुधार कर जल्द ही पूर्ण करने का निर्देश दिया था। लेकिन आज पर्यंत तक लापरवाह ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया।

बॉक्स - तय समयावधि में नहीं हुआ कार्य - समय समय पर जिला प्रशासन द्वारा निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर विकास कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए जाते रहे हैं। लेकिन विभागीय अधिकारी का ठेकेदार से सांठगांठ के कारण शासकीय आदेशों की अनदेखी कर लापरवाही बरती गई। इसके चलते 8 महीने पूर्व के कार्य प्रा.शा. देवकुपली के नवीनीकरण निर्धारित समय सीमा में नहीं किया गया हैं। जो आजपर्यंत तक अपूर्ण है।

विभाग मेहरबान, ठेकेदार को भुगतान

भले ही विभागीय जिम्मेदार जिला प्रशासन के निर्देश को भूल गए हों परंतु ठेकेदार पर विभागीय मेहरबानी कम नहीं होने दिया। मिली जानकारी के अनुसार गुणवत्ताहीन कार्य पर विभागीय जिम्मेदार ने ठेकेदार को लाखों का राशि का भुगतान कर दिया। किस आधार पर निर्माण एजेंसी ने कार्य में अनियमितता बरतने वाले मेसर्स बालाजी इंटरप्राईजेस के ठेकेदार देवेंद्र चौरसिया को राशि भुगतान किया हैं।

> मामले पर कलेक्टर ने जल्द ही कार्य में सुधार कर पूर्ण कराने निर्देशित किया हैं। ठेकेदार को पुनः कार्य में सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं समय सीमा में ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया, जिसके लिए ठेकेदार को भुगतान के दौरान 6% का पेनल्टी काटा जाएगा।
>
> **अनिल राठौर,** सहायक नोडल अधिकारी - जिला निर्माण समिति सुकमा

जनता से किए वादे पूरे होने पर साय ने किया सीएम हाउस में प्रवेश

■ **बंगले में करवाई आदिवासी पेंटिंग**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को सीएम हाउस में गृह प्रवेश किया है। इससे पहले वो सरकारी गेस्ट हाउस पहुना में रह रहे थे। विधानसभा चुनाव के समय बीजेपी ने वादा किया था कि गरीबों को प्रधानमंत्री आवास देने के बाद ही भाजपा का मुख्यमंत्री गृह प्रवेश करेगा। इसी वजह से मुख्यमंत्री अब तक सरकारी गेस्ट हाउस में थे।

कार्यक्रम में उन्होंने इस बात का जिक्र भी किया। दरअसल, सिविल लाइन स्थित मुख्यमंत्री निवास में आज दोपहर भव्य गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश भर से भाजपा के कार्यकर्ता पहुंचे और उनके बीच मुख्यमंत्री ने गृह प्रवेश किया।

सामरिक महत्व के रेयर अर्थ खनिज के एक्सप्लोरेशन लायसेंस के लिए नोटिस इनवाइटिंग टेंडर जारी

■ **मुख्यमंत्री साय और उप मुख्यमंत्री साव की उपस्थिति में जारी किया गया टेंडर**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा आज मुख्यमंत्री निवास में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में कोंडागांव, नारायणपुर और बस्तर जिले में डायमंड तथा सामरिक महत्व के रेयर अर्थ खनिज के तीन ब्लॉक का ई-नीलामी के माध्यम से एक्सप्लोरेशन लाइसेंस आबंटन के लिए एनआईटी (नोटिस इनवाइटिंग टेंडर) जारी किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, खनिज विभाग के सचिव श्री पी दयानंद, संचालक भौमिकी एवं खनिकर्म श्री सुनील जैन सहित संबंधित अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

गौरतलब है कि देश में क्रिटीकल एवं सामरिक महत्व के खनिजों के अन्वेषण को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा खनिज अधिनियम में नवीन संशोधन किया गया है। जिसके फलस्वरूप आरईई, लीथियम, कॉपर, सिल्वर, डायमण्ड, गोल्ड सहित 29 खनिजों के अन्वेषण में निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रिवर्स बिडिंग के आधार पर एक्सप्लोरेशन लायसेंस आबंटन करने की व्यवस्था की गई है। अन्वेषण उपरांत उक्त ब्लॉक का खनिपट्टा के रूप में ई-नीलामी के माध्यम से फारवर्ड बिडिंग की जाएगी। खनिपट्टाधारी से प्राप्त प्रीमियम में ब्लॉक के एक्सप्लोरेशन लायसेंसी होल्डर का शेयर रहेगा।

क्रिटिकल एंड स्ट्रेटजिक मिनरल्स की आवश्यकता रिन्यूवेबल एनर्जी, रक्षा, कृषि, फर्मासिट्यूकल, उच्च-तकनीकी इलेक्ट्रानिक्स, दूरसंचार, परिवहन आदि क्षेत्रों में होती है। इन खनिजों के मामलों में वर्तमान में देश आयात पर निर्भर है।

खनिज विभाग के सचिव श्री पी. दयानंद ने इस अवसर पर कहा कि देश में सामरिक महत्व के खनिजों की आपूर्ति, आयात निर्भरता में कमी एवं राजस्व की दृष्टि से डीपसीटेड ऐसे बहुमूल्य खनिजों के विकास हेतु यह व्यवस्था अत्यंत प्रगतिशील एवं महत्वपूर्ण है।

साइंस ऑलंपियाड में संत ज्ञानेश्वर स्कूल के तीन बच्चों को गोल्ड मैडल

रायपुर/नवप्रदेश। साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित साइंस ओलिंपियाड 2024 में महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल के बी दीपक राव कक्षा चौथी, दिव्या रोहिदास कक्षा पांचवीं और संजीव मिश्रा कक्षा आठवीं को गोल्ड मैडल मिला। साइंस ओलिंपियाड में बच्चों की सफलता को लेकर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले, सचिव चेतन दंडवते, स्कूल प्रभारी निरंजन पंडित और सह प्रभारी पारितोष डोंनगांवकर सहित पूरी कार्यकारिणी ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन के साइंस ओलिंपियाड में हमारे स्कूल के तीन बच्चों ने गोल्ड मैडल प्राप्त कर अपने परिजनों के साथ स्कूल का नाम भी रोशन किया है। हर वर्ष हमारे छात्र इस परीक्षा में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं।

प्रभारी शिक्षिका रीता संभलकर के अनुसार इंग्लिश में आठ बच्चों ने गणित में 22 बच्चों ने और विज्ञान में 16 बच्चों ने भाग लिया था। साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन एक गैर लाभकारी संगठन है, जो स्कूली बच्चों के बीच साइंस, मैक्स, कंप्यूटर और खेल को बढ़ावा देता है। स्कॉलरशिप के लिए चुने गए हर विद्यार्थी को पांच हजार रुपये की राशि दी जाती है।बच्चों को पुरस्कार देते समय उप प्राचार्य राहुल वोडितेलवार, शिक्षिका अपर्णा आठले, शिखा शर्मा व श्वेता चौधरी उपस्थित रहीं।

छत्तीसगढ़ के चार जिलों को मोबाईल मेडिकल यूनिट की सौगात

■ **इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़**

■ **प्रति माह 10 हजार लोग होंगे लाभान्वित**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के चार जिलों कोण्डागांव, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को मोबाईल मेडिकल यूनिट की सुविधा मिलने जा रही है। इससे प्रति माह 10 हजार लोग लाभान्वित होंगे। इसके लिए भारतीय रेडक्रास सोसायटी छत्तीसगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह महासचिव श्री एम.के.राउत तथा इंडियन रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन श्री अशोक अग्रवाल की विशेष उपस्थिति में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ और आरईसी फाउंडेशन के बीच 12 मार्च को मेमोरेंडम ऑफएग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए है।

भारतीय रेडक्रास सोसायटी छत्तीसगढ़ के सचिव डॉ. रूपल पुरोहित एवं आरईसी फाउंडेशन के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय के सीपीएम श्री प्रदीप फैलोज ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। आरईसी फाउंडेशन द्वारा प्रदान किए गए सीएसआर मद के 4.83 करोड़ रूपए से आगामी तीन वर्षो तक छत्तीसगढ़ के चार जिलों में मोबाईल मेडिकल यूनिट की सुविधा मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से छत्तीसगढ़ को कमजोर और कम सेवा वाले क्षेत्रों में लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसमें एटीएम हेल्थ मशीन की सुविधा होगी, जिसके माध्यम से पचास से अधिक तरह के टेस्ट किए जा सकेंगे एवं मौके पर ही टेस्ट रिपोर्ट देने की सुविधा रहेगी।

छत्तीसगढ़ में 16 से बदलेगा मौसम कई इलाकों में फिर हो सकती है बारिश

रायपुर/नवप्रदेश। इस सप्ताह के अंत में लोगों को तपती गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 16 मार्च से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलेगा और विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा होने की संभावना है।

मंगलवार को मौसम शुष्क रहेगा। इस वर्ष पश्चिमी विक्षोभ का ज्यादा प्रभाव होने के कारण ठंड के दिनों में ठंड नहीं पड़ी।

सोमवार को रायपुर सहित प्रदेश का मौसम शुष्क रहा। दोपहर की तेज धूप चुभने लगी है, हालांकि सोमवार को कुछ क्षेत्रों में आंशिक रूप से बादल भी छाए रहे। होली के पहले अधिकतम तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना है। करीब 15 वर्षों बाद ऐसा हुआ है कि दिसंबर और जनवरी में एक भी दिन मध्य छत्तीसगढ़ में शीतलहर के हालात नहीं रहे। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में 5.8 किमी ऊंचाई पर 60 डिग्री पूर्व व 30 डिग्री उत्तर में है। इसके चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी की संभावना है।

इस वर्ष अप्रैल और मई भी तपाने वाले हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार इस वर्ष तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा, हालांकि एक बात अच्छी है कि गर्मी ज्यादा पड़ने से बारिश भी अच्छी होने की उम्मीद है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी शुरू होगी।

मजुमदार पाईल्स केयर क्लीनिक
30 वर्षों से निरंतर आपकी सेवा में...
बवासीर, भगंदर, हाइड्रोसिल
के ईलाज की जिदंगी भर की गारंटी...
डॉ. मजुमदार BAMS
डॉ. एल.यादव MBBS, MD
सुबह- 10 से 2 बजे तक
शाम : 5 से 8 बजे तक
रविवार : 10 से 2 बजे तक
8305623266
गुप्त रोग, मोटापा, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, चर्म रोग ये सभी बिमारी का ईलाज किया जाता है।
पता: शाप नं.-8 कालीबाड़ी गुरूकुल काम्पलेक्स रायपुर छ.ग.